CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK1 User: cci Time: 01-30-2026 23:15 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 31 जनवरी 2026 > माघ 11, शक संवत 1947, माघ शुक्ल त्रयोदशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 27 > पेज 26* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक स्टोर पर ही लागू

NBT नवभारत टाइम्स

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा बन सकती हैं डिप्टी सीएम

▶ देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

ट्रंप ने भेजे वॉरशिप, ईरान बोला- 1000 ड्रोन तैयार

▶ देखें अंदर

Aditya
BUILDING TRUST SINCE 1979

PLOTS READY FOR POSSESSION

DEVELOPED GATED TOWNSHIP

ADITYA WORLD CITY, NH 24, GHAZIABAD

IMMEDIATE REGISTRY & POSSESSION

FEW UNITS LEFT

PRICE STARTING

₹1.40Cr* ONWARDS

REGISTRY FREE FOR FIRST 25 UNITS

Integrated Gated Township With Community Living

GDA Approved Freehold Land

In-Campus Operational School, Shopping Complex, Hindu And Jain Temple

A Well Populated Township With A Growing Family Community

Nearby Offices, Education Centres, And Hospitals

Housing Loan Available From Major Banks

BEST LOCATION | LIVELY NEIGHBOURHOOD | BEST CONNECTIVITY

Exclusively Marketed by:
PROPSHOP®
THE WAY TO FULFILL YOUR DREAMS
RERA No.: UPRERAAGT10129

9582 275 275

T&C APPLY*

Disclaimer: The advertisement is purely conceptual in nature and includes graphical representation of the project which does not purport to be the exact replica or representation of the Project. Vide this advertisement, the company does not intend to offer or invite to offer any person individual or otherwise to create any legal or relationship. The Company advise the viewer to exercise their discretion. The viewer/prospective buyer may seek all information including sanctioned plans, approvals, development schedule, time of delivery, specifivaitons, facilities, amenities & scheme details from the company in respect of the concerned project/phase that he/she may be interested in, before proceeding with any such booking/registration, etc. It is to be noted that the Completion Certificate in respect of abovementioned project forming part of the larger township Aditya World City was duly obtained well before the commencement of the Real Estate (Regulation & Development) Act, 2016. PS: 1sq.Mtr.10.764 sq.Ft

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: cci Time: 01-30-2026 23:10 Color:

दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने उठाया कदम

MCD को मिलेंगे ₹500 करोड़, CM रेखा गुप्ता ने किया ऐलान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार आगे चलकर हर साल देगी 300 करोड़ की सहायता

- सफाई व्यवस्था और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए अब दिल्ली सरकार की तरफ से भविष्य में हर साल मिलेगी ₹300 करोड़ की नियमित सहायता
- इस पैसे का एक हिस्सा कचरा प्रबंधन करने वाली कंपनियों का पुराना बकाया चुकाने और उन क्षेत्रों से कूड़ा हटाने के लिए इस्तेमाल होगा जहां वर्तमान में ठेकेदार काम नहीं कर रहे हैं
- फंड का यूज सड़कों के गड्ढे भरने, पैच रिपेयर करने और धूल से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए भी होगा। आधुनिक सफाई उपकरण खरीदने के लिए अलग से बजट
- CM ने निर्देश दिए हैं कि इस राशि का इस्तेमाल केवल निर्धारित कार्यों के लिए ही होगा। निगम को नियमित प्रोग्रेस रिपोर्ट और उपयोगिता प्रमाण पत्र (UC) जमा करना अनिवार्य होगा

दिल्ली को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त राजधानी बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और धूल से होने वाले प्रदूषण पर काबू पाने के लिए एमसीडी को 500 करोड़ रुपये की एकमुश्त सहायता राशि दी है। इस धनराशि से सड़कों की सफाई, कूड़े के बेहतर प्रबंधन और छोटी-मोटी मरम्मत के काम किए जा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि सफाई व्यवस्था को स्थायी रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार आगे भी निगम को हर साल 300 करोड़ रुपये की नियमित सहायता देती रहेगी।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में एमसीडी को 500 करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी करने के आदेश की कॉपी मेयर को सौंपी गई। बैठक में दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, मेयर राजा इकबाल सिंह, एमसीडी की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही, दिल्ली के मुख्य सचिव राजीव वर्मा और एमसीडी कमिश्नर संजीव खिरवार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राजधानी को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए एमसीडी को 500 करोड़ रुपये अतिरिक्त दिए गए हैं। इस धनराशि का कुछ हिस्सा उन कंपनियों का पुराना बकाया चुकाने में खर्च होगा, जो कचरा प्रबंधन का काम करती है, ताकि वे और बेहतर तरीके से अपना काम कर सकें। कुछ हिस्सा सफाई व्यवस्था को आगे बिना किसी रुकावट के जारी रखने पर खर्च होगा, ताकि कचरा उठाने और उसे ले जाने में होने वाले मासिक घाटे की भरपाई हो सके। कुछ हिस्सा उन खास इलाकों से कूड़ा हटाने के लिए दिया जाएगा, जहां ठेकेदार अभी काम नहीं करते। इसके अलावा सड़कों की छोटी-मोटी मरम्मत, जैसे गड्ढे भरने, छोटे पैच रिपेयर करने और धूल से होने वाले प्रदूषण को रोकने के कामों पर भी कुछ धनराशि खर्च की जाएगी।

सीएम ने नगर निगम को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यह पूरी राशि केवल स्वीकृत उद्देश्यों के लिए ही उपयोग की जाए और किसी अन्य योजना में इसका उपयोग न किया जाए। नगर निगम को सभी वित्तीय नियमों का पालन करते हुए खर्च की नियमित निगरानी करनी होगी और समय-समय पर अनिवार्य रूप से प्रोग्रेस रिपोर्ट और उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। सीएम ने कहा कि राजधानी को सही मायनों में विकसित दिल्ली बनाने के लिए स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त किया जाना बहुत जरूरी है। इसके लिए सफाई व्यवस्था का चाक-चौबंद होना जरूरी है। दिल्ली सरकार सफाई से जुड़े आधुनिक उपकरण खरीदने के लिए निगम को अलग से पर्याप्त धनराशि दे रही है, ताकि सफाई के काम में तेजी से सुधार हो और बेहतर नतीजे मिल सकें।

उन्होंने कूड़े से ऊर्जा बनाने वाले नए प्लांट लगाने, मौजूदा प्लांटों को अपग्रेड करने, हरित कूड़े का सही उपयोग करने और गीले व सूखे कूड़े को उठाने की प्रक्रिया को और सरल बनाने का सुझाव भी दिया।

धार्मिक पर्यटन को विस्तार देगी अब दिल्ली सरकार

AI image



NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार अब धार्मिक पर्यटन को विस्तार देगी, जिसके लिए 'भजन क्लबिंग' पर भी जोर दिया जाएगा। दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने चेन्नै में आयोजित टूरिज्म समिट-2026 में कहा कि भारत धार्मिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है और अब इस क्षेत्र में दिल्ली लीड करे, इसके लिए अलग-अलग स्तर पर काम किया जाएगा। उन्होंने देश भर के पर्यटन ऑपरेटर्स को दिल्ली आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि राजधानी में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं।

पर्यटन मंत्री ने कहा, 'भजन क्लबिंग' पर होगा फोकस

कपिल मिश्रा ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली में धार्मिक महत्व के अलग-अलग रूट बनाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालु व्यवस्थित तरीके से विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकें। यह धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देगा। टूरिज्म पनपे, इसके लिए नई जनरेशन को खींचने के लिए दिल्ली सरकार 'भजन क्लबिंग' पर फोकस कर रही है। मिश्रा ने कहा कि 'भजन क्लबिंग' की सुंदर परंपरा युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। प्रधानमंत्री ने भी भजन और कीर्तन की प्रशंसा करते हुए इन्हें भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया है। अब समाज के सभी आयु वर्ग में इस परंपरा को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि दिल्ली अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के कारण मिनी भारत की पिक्चर देता है। राजधानी में करीब 1,200 स्मारक हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को केंद्र में रखकर पर्यटन विकास किया जाएगा, जिससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यमुना में क्रूज संचालन की योजना भी इस विजन का हिस्सा है। राजधानी के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं, बेहतर कनेक्टिविटी और अनुभव आधारित पर्यटन के साथ-साथ प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार पर्यटन क्षेत्र में नए एजुकेशनल इंस्टिट्यूट्स, ट्रेनिंग सेंटर्स बनाने और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स पर विशेष जोर देगी, ताकि युवाओं को बेहतर अवसर मिलें।

कम टाइम में हेल्दी और टेस्टी स्नैक्स बनाना सीखें

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है ट्रेडिशनल किचन रेसिपीज वर्कशॉप जिसमें फूड बिजनेस चलाने वाली शेफ शिवानी बहुगुणा आपको सिखाएंगी कि कैसे आप घर पर कम समय में हेल्दी इंडियन स्नैक्स और टेस्टी फूड तैयार कर सकते हैं। इसके साथ ही वह आपको चॉकलेट बनाने और केक मेकिंग के टिप्स भी देंगी। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना है बस रजिस्ट्रेशन।

NBT रंगमंच Club

शिवानी बहुगुणा (शेफ)

तारीख: 3 फरवरी 2026
दिन: मंगलवार
समय: 3 से 4 बजे तक
फीस: निशुल्क

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल या वट्सऐप करें।

नामवर सिंह को जन्म शताब्दी पर किया याद

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** हिंदी आलोचना के शीर्ष नामवर सिंह के जन्मशताब्दी वर्ष में हिंदी विभाग, हिंदू कॉलेज में 27-28 जनवरी को राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न हुई। कुल आठ सत्रों में देश भर के विद्वानों, शोधकर्ताओं ने नामवर सिंह के अवदान, समीक्षा दृष्टि, स्थापना एवं कृतियों पर विविध पर्चों से विचार रखे।

उद्घाटन वक्तव्य कवि अरुण कमल ने दिया। उन्होंने नामवर सिंह के ज्ञानात्मक आधार के विविध स्रोतों एवं साहित्य बोध को विस्तार देने वाला आलोचक बताया। पहले दिन तीन प्रो. गोपेश्वर सिंह, प्रो. सुधीर रंजन सिंह (भोपाल), आशीष त्रिपाठी (वाराणसी), शंभु गुप्त (वर्धा) ने आलोचना के सौंदर्यशास्त्र एवं कविता-कहानी, बजरिए नामवर सिंह पर विस्तार से चर्चा की। दूसरे दिन बीसवीं सदी की वैचारिकी और नामवर सिंह पर संजीव कुमार (दिल्ली) वैभव सिंह (चंडीगढ़) और प्रो रामेश्वर राय (दिल्ली) ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने नामवर सिंह की प्रतिबद्धता और उदारता के परस्पर संबंध और विरोधी तत्वों को सामने रखते हुए उनसे सीखने की आवश्यकता पर जोर दिया। शिक्षक, संपादक और अन्वेषक के रूप में नामवर सिंह को प्रो. सुमन केसरी, मधुप कुमार, प्रो. अनिल राय, प्रो. महेन्द्र पाल शर्मा ने याद किया। कार्यक्रम की संरक्षक प्राचार्य अंजु श्रीवास्तव विभाग, प्रभारी बिमलेंदु तीर्थंकर, एवं आयोजन समिति में प्रो. रचना सिंह डा. पल्लव डा. धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और डा नौशाद अली थे।

हिंदू कॉलेज में 27-28 को राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न हुई

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
प्रशासन
प्रबंधक
REQD. Operations Manager 4 clinic. Good Eng Comm. Sector-19, Noida. Ankur 9999824801
सेवाएं
खानपान
होम कुक/शेफ के लिए नौकरी
Vacancy For Home Cook / Chef
❖ इंडियन वेज खाना बनाना आना चाहिये
❖ घर में काम करने का अनुभव होना चाहिये
❖ रहना, खाना और कागज-पत्र कंपनी देगी
केवल पुरुष नहीं (उम्र 20 से 35 वर्ष)
वेतन हुनर और अनुभव के हिसाब से
यह नौकरी डायरेक्ट है, कोई भी एजेंसी या कमीशन नहीं है
जगह: दुबई
+91-9560854998
तकनीकी
यांत्रिकी
रेडीमेड गारमेंट शोरूम को चाहिए फ्रेशर्स/ सेल्समेन, गार्ड एवं हेल्पर, अल्ट्रेशन मेन । साईं Allure, D-6/13, मंदिर मार्ग, कृष्णा नगर, दिल्ली-51 ☎ 9899091369

रिक्त पद
चेन्नई में महिला कुक व घर का काम करने वाली चाहिए, खाना बनाना व सफाई आती हो, साउथ इंडियन/चाइनीज/थाई/इटालियन, वेतन 18,000-30,000. फोन करें - 9999673008
ऑटो
हैवी व्हीकल्स
ट्रक्स
TATA Ultra 1918/48 सिंगल एक्सल, (GJ18)32 फीट JCBL कंटेनर, स्लीपर केबिन, फर्स्ट ओनर, (AMC), AIP, Feb20 No Urea ,कीमत ₹15 लाख। संपर्क: 9009772455
प्री ओन्ड व्हीकल्स
बीएमडब्ल्यू
(1) BMW X5 xDRIVE30D AT, DIESEL 2022, BS-6, MINERAL WHITE, km-29k (2) FORD ENDEAVOUR 2L TITANIUM+ 4X4 AT, DIESEL 2020, DIAMOND WHITE, km-130k (3) HYUNDAI TUCSON CRDI AUTO, DIESEL 2020, POLAR WHITE2, km-62k Single owner, in excellent condition. Only genuine buyer. Sunil Pasricha-8080802779

टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)
सार्वजनिक सूचना
आम जनता, जिसमें बैंक, वित्तीय संस्थान, फर्म, कंपनियां और संपत्ति डीलर शामिल हैं, को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल, 38 ओखला औद्योगिक एस्टेट फेज III, नई दिल्ली में स्थित संपूर्ण भूमि और संरचना को श्री निखिल चड्ढा, पुत्र स्वर्गीय श्री योगेश्वर से खरीदना चाहते हैं। जो हिंद ऑटोमोबाइल/चड्ढा मेटेनेंस सर्विसेज के मालिक हैं और सी-172, जीके-1, नई दिल्ली के निवासी हैं। यह संपत्ति किसी भी पूर्व बिक्री, समझौते या ऋण से मुक्त है, बिक्री प्रतिफल के साथ ₹7.5 करोड़ के बयाने के, जो पूरी या आंशिक रूप से इस पर है।
उक्त संपत्ति में किसी भी प्रकार का कोई दावा, अधिकार या हित रखने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था से अनुरोध है कि वे इस प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर ईमेल या पंजीकृत डाक के माध्यम से नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में साक्ष्य सहित इसकी सूचना दें।
यदि कोई उत्तर नहीं मिलता है, तो संपत्ति किसी भी प्रकार के दावों से मुक्त मानी जाएगी, और कोई भी बाद का दावा मेरे मुवक्किल पर किसी भी तरह से बाध्यकारी नहीं होगा।
क्रीवा लीगल, एडवोकेट्स, अटॉर्नीज और कंसल्टेंट्स
डी-969, लोअर ग्राउंड फ्लोर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, माता मंदिर रोड, नई दिल्ली – 110025
ईमेल: contactus@krivalegal.com

निविदाएं (टेंडर्स)
TENDER NOTICE
Bids are invited from Reputed Civil Contractors for a Recreational Centre to be built at Shanti Niketan.
Tender Documents can be obtained from The Govt. Servants Co-Operative House Building Society, "Kalyan Kendra", 9, Paschimi Marg, Vasant Vihar, New Delhi 110057 on payment of Rs.4130/-. "By Demand Draft in F/o G.S. Coop. House Bldg. Society Ltd. S.N. REC. Centre". Tenders will be available from 2nd February 26 at 10 a.m. to 6th February 26 at 4 p.m.

गेटवे डिस्ट्रिपार्क्स लिमिटेड
ई-निलामी बिक्री
भारत सरकार के निर्देशानुसार (सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 48 के तहत), मैसर्स एमएसटीसी ई-नीलामी का आयोजन कर रही है जिसमें आयात कार्गो इलेक्ट्रिक पार्ट्स, कास्ट आयरन फिटिंग्स, फाइबर ग्लास ईत्यादि समावेश है। इन सामानों की "जैसा है वैसा ही और कोई शिकायत नहीं" आधार पर मैसर्स एमएसटीसी और गेटवे डिस्ट्रिपार्क्स लिमिटेड के वेबसाइट पर उपलब्ध होंगी।
निरीक्षण ता: 02 फरवरी से 12 फरवरी 2026 सुबह 10.30 से दोपहर 5 बजे तक
ऑक्शन तारीख: 13-02-2026
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मैसर्स एमएसटीसी लिमिटेड
Tel:- 011-23214201/ 9830430434 E-mail: sroopn15@mstcindia.in Website: www.mstcindia.co.in

INDIA INTERNATIONAL CENTRE
TENDER NOTICE
Sealed Tenders are invited on the prescribed forms for supply of items/Services to IIC for the period 01 April 2026 to 31 March 2027, or part thereof. Tender Forms can be downloaded from our website https://iicdelhi.in/ under Notices section.
The Sealed Tender Form duly filled along with requisite documents should be put in the Tender Box kept in Purchase Office latest by 1700 Hrs. on 23 February 2026.
PURCHASE OFFICER
INDIA INTERNATIONAL CENTRE
40, LODHI ESTATE, MAX MUELLER MARG
NEW DELHI –110003,
Tele: 011/24609322, 24609323

TENDER NOTICE
The Society for Action in Community Health (SACH), on behalf of the State Health Systems Resource Centre (SHSRC), Chhattisgarh, invites open tenders from eligible Manufacturers, Firms, Companies, Distributors, and Authorized Dealers for the supply, installation, and commissioning of IT Equipment, Software, and Networking Infrastructure.
Tender documents can be downloaded from www.sachindia.org/tenders
Last date for bid submission: 22 February 2026
Executive Director
SHSRC-Chhattisgarh,
Budhapara Bijli Office Chowk, Near Kalibadi, Raipur, Chhattisgarh-492001
E-mail: contact@shsrc-cg.in
Phone: 0771-4531246

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

I Rajiv Bhanot, s/o Rajendara Bhanot and Mutsuko Doi have changed my name to John Banot Doi affidavit dated 28.01.26 Notary A C Tiwari

I, Tarun Mongia S/O Vinod Kumar, R/o H.N 121/9, Shivpuri, Gurugram, declare that in my some documents my name is wrongly mentioned as Tarun but my correct and actual name is Tarun Mongia for all future purposes.

I, Hemlata W/O Tarun Mongia, R/o H.N 121/9, Shivpuri, Gurugram, am changing my name from Hemlata to Hemlata Mongia for all future purposes.

I, Mr Sudhir Yadav S/O Shri Govardhan Yadav R/O L-1-2437 Gali No.15 Sangam Vihar Delhi 110080, have changed my name from Leela Yadav to Sudhir Yadav for all future purposes

I, Mukul S/o Narender Kumar Saini, R/o H No. 42, Naharpur Village, Rajapur Kalan, North West Delhi, Delhi-85. Changed my Name as Mukul Saini.

खोया एवं पाया
I, Arun Jaitely S/o Inder Kumar have lost my original Relinquishment Deed of WZ-8, Malabar Garden, Rajouri Garden, New Delhi -110027 lien to Bank of India, Khan Market, Delhi . Finder may Contact 9871599669

मैं जगदीश पुत्र चमन लाल B-83, मंडावली फजलपुर दिल्ली-92 और L-81, जगत राम पार्क लक्ष्मी नगर दिल्ली-92 प्रॉपर्टी के ओरिजिनल सेल डीड और पिछले चेन पेपर खो गए हैं ☎ 8287120287

TIMES interact
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

PROPERTY FOCUS TIMES interact
INVEST IN DUBAI WITH CONFIDENCE
For Indian Investors → Dubai & Abu Dhabi
EMPIRE INFRATECH REAL ESTATE
HIGH ROI — Strong Returns & Rental Yields
GOLDEN VISA — UAE Residency for Investors
FLEXIBLE PAYMENT PLANS — Easy Installments Options
WHY CHOOSE EMPIRE INFRATECH?
Experts for Indian Investors | Partners with All Major Developers | Transparent Service
OUR INVESTMENTS PORTFOLIO
Residential & Commercial Properties | Off-Plan Properties | Ready Properties | Hotels & Hospitality | Plots & Buildings
Invest Smart. Earn More. Live Global.
Empire Infratech Real Estate
For Exclusive Deals Call: 99992 33486, 99100 03328
info@empireinfratech.ae www.empireinfratech.ae

HEALTH & WELLNESS TIMES interact
IVF क्यों? जब है Ayurved
फिलोपियन ट्यूब बन्द, ल्यूकोरिया
निसन्तान - शुक्राणु कमी
SEX रोगी मिलें
बवासीर, सफेद दाग/सोरायसिस
आकाश दवाखाना समय 10 - 7 तक
एक्साप्रेस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजादपुर दिल्ली
9953396533 8860003863

सैक्स समस्याएँ
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें:
नवीन क्लीनिक
शेख सराय आसफअली, PNB BANK वाली गली में नई दिल्ली-110041
9811564909 9210990444

शराब बिना बताये छुड़ाएं
दवा घर बैठे मंगाएं। सेहत सुधारें।
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
98110 92840

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2284, कोठिया पुल चौक, पुरानी दिल्ली • मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

CONTACT SEX PROBLEM
डा. शेरा
फरीदाबाद
9410000016

SHAGUN PACKAGE
NOW GET 5 LINES FOR 4 SUNDAYS IN Rs. 9000/-
Package Editions:
The Times of India - Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Lucknow, Kanpur, Jaipur, Madhya Pradesh, Times Interact -Chandigarh, Navbharat Times - Delhi & NCR + Lucknow
For more information, contact Amit Ghosh : 9811790649
TIMES Soulmate

TRAVEL DESTINATION TIMES interact
Kesari - The King of GROUP TOURS!
This summer, take your family on tour.
Explore hundreds of all-inclusive holidays.
Grab exclusive departures from Delhi!
Europe ₹2,00,000 - 10,38,000* 38 Tours, 7 To 22 Days
Africa ₹2,23,000 - 5,48,000* 8 Tours, 7 To 14 Days
America ₹2,08,000 - 5,57,000* 12 Tours, 7 To 18 Days
Australia New Zealand ₹2,33,000 - 5,53,000* 5 Tours, 7 To 17 Days
Japan Korea ₹1,73,000 - 4,28,000* 8 Tours, 7 To 14 Days
Monday to Saturday 10 AM to 7 PM. Sunday Office timing 11 AM to 6 PM.
7045 000 081 | 1800 266 1100 | KESARI

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन
मैं, सोनल सग्गी, एतद घोषणा करता हूँ कि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम सुभाष चंद सग्गी था। मेरे नए पासपोर्ट आवेदन में उनका नाम बदलकर सुभाष सग्गी कर दिया गया है। भविष्य में सभी संदर्भों के लिए, मेरे पिता का नाम सुभाष सग्गी ही माना जाए। भविष्य में सभी पत्राचारों के लिए, कृपया मेरे पहचान पत्र का उपयोग करें: सोनल सग्गी, पुत्र श्री सुभाष सग्गी, निवासी 1-1, 1502, गौर ईस्टलोर, सेक्टर 119, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201301

I, Nidhi Sethi, W/o Akhil Sethi, R/o Flat No: 27 Balbinder Appartments, A-6, Paschim Vihar, New Delhi, 110063 Have changed my name as Nidhi Sehrawat for all Purpose.

I, Joginder Kumar, S/o Sh. Rajpal, R/o Gali No. 1, Adarsh Nagar, Bahadurgarh, District Jhajjar, Haryana - 124507, have changed my minor daughter's name from Sristi to Sristi Jangra for all future purposes.

I, hitherto known as Rakesh Lal S/o Madan Lal, Residing at Plot No. 609/A2, Rose Park Gate No - 4, Shalimar Garden Ext - 1, Sahibabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201005, have changed my name and shall hereafter be known as Rakesh Bhandari.

BOOK YOUR SERVICE ADS TIMES interact
For booking please contact Aman : 9312633518

19 को मायके, 20 को दिल्ली, 22 को मर्डर

जिस दिन SWAT कमांडो काजल का मर्डर हुआ, उन्होंने अपनी मां से की थी बात

■ नवीन निश्चल, मोहन गार्डन

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के SWAT कमांडो में तैनात काजल की मौत ने पूरे परिवार को बुरी तरह झकझोर दिया है। मां मीना और पिता राकेश उस पल को याद करके खुद को कोस रहे हैं... कि काश काजल उनकी बात मान लेती तो आज जिंदा होती। उन्होंने समझाया था कि अंकुर ठीक लड़का नहीं है, उससे शादी न करे। लेकिन काजल नहीं मानी। तीन साल की दोस्ती और प्यार के बाद वह 23 नवंबर 2023 को शादी के बंधन में बंध गई।

डेढ़ साल के बेटे को गांव छोड़कर दोनों दिल्ली आए थे। काजल ने जिस अंकुर को अपनी जिंदगी का प्यार समझा, उसी ने डंबल से मारकर जान ले ली। अब उनका डेढ़ साल का बेटा देवांश भी अनाथ हो गया। मां की मौत हो गई और पिता जेल चला गया। फिलहाल वह दादा-दादी के पास है, क्योंकि जब काजल और अंकुर गांव से दिल्ली आए थे तो बेटे को हरियाणा में ही छोड़ दिया था। मृतक काजल के मायके वालों के बयान SDM के सामने दर्ज कराए गए हैं, जिसमें उन्होंने सभी आरोप लिखित में दिए हैं।

मृतक की मां मीना ने बताया कि अंकुर ने काजल से 5 लाख रुपये अलग से ले रखे थे। काजल ने 10 लाख रुपये लोन पर और 3 लाख बिना ब्याज के दिल्ली पुलिस

रिश्ते का खून

- नैशनल लेवल बास्केट बॉल में सिल्वर जीत चुकी थी काजल
- अंकुर ने काजल से 5 लाख रुपये अलग से ले रखे थे
- SDM के सामने परिवार वालों ने दर्ज कराए बयान

से लिए थे। बाद में उसने अंकुर को एक गाड़ी भी दिलवाई थी। उसकी सैलरी का बड़ा हिस्सा लोन चुकाने में ही खत्म हो जाता था। मोहन गार्डन के विपिन गार्डन एक्सटेंशन में जिस अपार्टमेंट के फ्लैट में दोनों रहते थे, वह भी इन्होंने ही खरीदा था।

पिता राकेश ने बताया कि 19 जनवरी को काजल मायके आई थी। 20 जनवरी को वह गांव से ससुराल होते हुए अंकुर के साथ दिल्ली आ गई। लेकिन दो दिन बाद, 22 जनवरी को अंकुर ने उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने काजल के भाई को फोन करके एंबुलेंस लाने के लिए कहा। जब पुलिस घर पहुंची तो खून से सना डंबल देखकर सन्न रह गई।

पिता ने कहा कि अंकुर के परिवार वाले शुरू से काजल को पसंद नहीं करते थे। फिर भी दोनों शादी करना चाहते थे, इसलिए परिवार ने रजामंदी दे दी। पहले काजल की नौकरी लगी, बाद में अंकुर की नौकरी हुई। इसलिए और रविवार को छुट्टी के दिन उसके घरवाले दोनों को गांव बुला लेते थे। घर का सारा काम काजल से करवाते थे। भाई निश्चित ने बताया कि पांचवीं से दसवीं तक काजल ने नजीदाब विद्यालय में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई की। खेलकूद में वह काफी तेज थी। स्कूल के दौरान नैशनल लेवल बास्केट बॉल में सिल्वर मेडल जीत चुकी थी।

SWEATER JACKETS SALE
Hi-Fashion New Collection
BRANDED Sweaters, Jacket, Sweat Shirt, Lower, Cardigan & winter wears
WINTER OFFER
upto 60% off
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | Raymond | Color Plus | Levi's | PARK AVENUE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pilazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

पिता का किया था अपमान, इसलिए ली थी जान, अरेस्ट

AI Image

2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कैफे में मर्डर मामले में आरोपी को एनकाउंटर के बाद सेल ने पकड़ा

स्पेशल सेल ने पिछले दिनों कैफे में फैजान नाम के युवक की गोली मारकर हत्या के केस में मोहन कुरैशी नाम के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी ने हत्या के बाद कबूलनामे का वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। इसके पास से एक लोडेड सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद की है। मोहम्मद मोहन कुरैशी 10वीं तक पढ़ा है। शुरू में वह एक दुकान में काम करता था, बाद में वह गाड़ी चोर बन गया। 2025 में इसे जम्मू मल्टिट्रेड स्कूटी चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। कुछ समय जेल में रहने के बाद यह फिर से क्रिमिनल एक्टिविटी में लग गया। आगे की जांच चल रही है।

स्पेशल सेल डीसीपी अमित कौशिक के मुताबिक ऑर्गनाइज्ड क्राइम सिंडिकेट और गैंगस्टर्स के खिलाफ चल रही ड्राइव में मोहम्मद मोहन कुरैशी नाम के गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 30 जनवरी की सुबह धौरपुर, तिमारपुर इलाके में मुठभेड़ के बाद हो सकी। आरोपी ने खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। वह वेलकम इलाके का एक उभरता हुआ क्रिमिनल है।

आरोपी ने अपने इंस्टा आईडी पर फैजान नाम के शख्स की हत्या कबूल करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया था। जिससे इसकी पहचान हो सकी। दरअसल 23 जनवरी की रात करीब 9:55 बजे वेलकम निवासी 24 साल के फैजान, जिसकी कबीर नगर में 'किंग कैफे' के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर ने कैफे में मौजूद चश्मदीदों के सामने कई राउंड फायरिंग की थी। अगले दिन 23 साल के मोहम्मद मोहन कुरैशी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करके हत्या की बात कबूल की। वीडियो पोस्ट करने के बाद कुरैशी अंडरग्राउंड हो गया और बाद में उसने अपना कबूलनामा डिलीट कर दिया। जांच करने वालों ने आखिरकार CCTV फुटेज से उसकी पहचान कन्फर्म की। स्पेशल सेल मंदिरा के परिवार और करीबी लोगों पर सीक्रेट निगरानी रखे हुए थी।

29 जनवरी की शाम को आरोपी कुरैशी के ट्रांस-यमुना इलाके में होने की जानकारी मिली। 30 जनवरी की सुबह टीम को पता चला कि कुरैशी दिल्ली से भागने के लिए धौरपुर, ITI, तिमारपुर के पास किसी से पैसे लेने के लिए आने वाला है। टीम ने स्ट्रेटेजिक पोजीशन ली। जब कुरैशी बाइक पर आया तो उसे सरेंडर करने को कहा। उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से जख्मी हो गया। पूछताछ में मोहम्मद मोहन कुरैशी ने बताया कि वह और फैजान एक ही इलाके के रहने वाले थे।

झगड़ा तब शुरू हुआ जब कुरैशी ने फैजान से 30,000 उधार लिए, लेकिन चुका नहीं रहा था। कुरैशी ने आरोप लगाया कि पैसे न देने पर फैजान ने उसके पिता के साथ बुरा बर्ताव किया। बदला लेने के लिए कुरैशी ने पिस्टल का इंतजाम किया और कैफे में फैजान पर कई राउंड फायर कर जान ले ली।

कॉन्स्टेबल ने की खुदकुशी

■ NBT न्यूज, जनकपुरी

पश्चिमी जिले के डॉग स्क्वॉड में तैनात दिल्ली पुलिस के एक कॉन्स्टेबल के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। कॉन्स्टेबल की पहचान इंदर सिंह (50) के रूप में हुई है। वह राजस्थान के भिवानी के रहने वाले थे। वर्तमान में वह जनकपुरी थाने के पीछे डॉग स्क्वॉड के ऑफिस में तैनात थे। शुक्रवार सुबह उनकी बॉडी पंखे से लटकी हुई मिली। हालांकि, पुलिस की तरफ से आधिकारिक रूप से इस मामले में कोई भी जानकारी नहीं दी गई।

डॉग स्क्वॉड में थे तैनात, कुछ समय से डिप्रेशन में थे

पता चला है कि इंदर सिंह की नन्ही पोती की कुछ समय पहले मौत हो गई थी, जिसके बाद से वह डिप्रेशन में चल रहे थे। इन दिनों वह बड़े भाई के साथ चंचल पार्क इलाके में रह रहे थे, क्योंकि उनका मकान अभी बन रहा था।

बुजुर्ग से लूटपाट की कोशिश करने वाले तीनों लुटेरे अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के सरोजिनी नगर थाना पुलिस ने बुजुर्ग NDMC कर्मचारी से लूट का प्रयास करने वाले तीनों लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने साउथ कैंपस में भी एक महिला से लूट की कोशिश की थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पहचान शेर सिंह, हरमेश और मनजीत के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक और घर से चुराई गई जूलरी सहित 28 हजार की नकदी बरामद हुई। आरोपियों की गिरफ्तारी से पुलिस ने पांच मामलों का खुलासा किया है।

सरोजिनी नगर में भी थी लूटपाट की कोशिश

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 26 जनवरी को ARD कॉम्प्लेक्स के पास एक व्यक्ति से बाइक सवार तीन बदमाशों ने चाकू दिखाकर लूटपाट की कोशिश की थी। लेकिन NDMC में कार्यरत बुजुर्ग आरोपियों से भिड़ गए और हेलमेट से उन पर हमला कर दिया जिससे आरोपी मौके से फरार हो गए।

अर्ज़ी बड़ी या मोटी है, सिर्फ इसलिए बेल नहीं देना गलतः HC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि किसी जमानत अर्जी को सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि संबंधित याचिका बहुत बड़ी या मोटी है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने ट्रायल कोर्ट की कड़ी आलोचना की, जिसने पॉक्सो एक्ट के एक मामले में आरोपी को इस आधार पर जमानत देने से मना कर दिया कि जमानत अर्जी बहुत बड़ी थी।

कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अनुशासन के लिए जरूरी है कि जमानत याचिकाओं पर उनके सब्सटेंस के आधार पर फैसला किया जाए, न कि उनके हल्के या मोटे होने के आधार पर खारिज किया जाए। हाई कोर्ट ने जोर देकर कहा कि किसी आरोपी की आजादी को कोर्ट के सामने रखे गए कागजों की कथित 'मोटाई' पर निर्भर नहीं किया जा सकता। ट्रायल कोर्ट ने अक्टूबर 2025 में आरोपी विजय गुप्ता की जमानत याचिका को उसके गुण-दोष की जांच किए बिना खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि याचिका लगभग 500 पन्नों की थी। गुप्ता ने इस आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी और निष्पक्ष सुनवाई से इनकार करने का आरोप लगाया।

500 पन्नों की याचिका होने की वजह से कर दी थी खारिज

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद
(शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली -110067

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में निम्नलिखित पदों के आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र.सं.	पद का नाम	रिक्तियां
1	विदेशक (अनुसंधान)	01 (एक)
2	उपनिदेशक (अनुसंधान)	02 (दो)
3	प्रमुखी विश्लेषक सह वरिष्ठ प्रोग्रामर	01 (एक)
4	लेखा सहायक	04 (चार)
5	प्रवर क्लर्की लिपिक	07 (सात)

स्थान हैं: विस्तृत जानकारी आईसीएसएसआर की वेबसाइट www.icssr.org पर देखी जा सकती है।

केन्द्रीय रेशम बोर्ड
वस्त्र मंत्रालय - भारत सरकार
सीडीएस ले.आउट, महीवाला, बेंगलुरु - 560 068, कर्नाटक
फोन: +91 80 26282609 फैक्स: +91 80 25681511 ई-मेल: estab.csb@nic.in

विज्ञापन संख्या केरेबो/02/2025 भर्ती सूचना दिनांक: 31.01.2026

केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा प्रतिनियुक्ति के आधारपर विभिन्न पदों को भरनेकेलिएअधिसूचना संख्या केरेबो /02 / 2025 दिनांक 22.11.2025 का प्रकाशन किया गया था, जोरोजगार समाचार (22-28 नवंबर, 2025) में प्रकाशित हुई थी। यह सूचित किया जाताहै कि विभिन्न पदों केलिए आवेदनप्राप्त करने की अंतिम तिथि को 30 दिनोंके लिए और बढ़ादिया गया है, अर्थात् 20.02.2026 तक।

कृपया विस्तृत विवरण के लिए, केंद्रीय रेशम बोर्ड की वेबसाइट www.csb.gov.in

CBC: 41109/12/0018/2526 केन्द्रीय रेशम बोर्ड

प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय
तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली–110011
(भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय)

भर्ती सूचना (संविदा आधार पर)

प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल), संस्कृति मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकाय में संविदा आधार पर महाप्रबंधक (लाइब्रेरी) के पद हेतु रू. 1,15,000/– की समेकित पारिश्रमिक राशि तथा मुख्य बशुरेटर के पद हेतु रू. 1,50,000/– की समेकित पारिश्रमिक राशि पर नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

सम्बन्धपत्र में संबंधित विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अंदर आवेदन ईमेल : ceo.pm.museum@gmail.com पर प्राप्त हो जाना चाहिए।

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट : http://pmml.nic.in देखें।

cbc09142/12/0054/2526

संख्या Admin-12011(16)/7/2025-eoffice
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन
(औषधि अनुभाग)
***

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन पात्र उम्मीदवारों से केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, मुंबई में पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) पर नीचे उल्लिखित पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होगी।

2. अधिक जानकारी के लिए कृपया सीडीएससीओ वेबसाइट https://cdsco.gov.in पर जाएं।

क्र. सं.	पद का नाम	वेतनमान	पद का नाम	जिस कार्यालय के लिए पद भरा गया है
1.	कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक/ सहायक नमूना वार्डन	ये मैट्रिक्स में स्तर-6 रुपये (35400-112400)	1	केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, मुंबई

(पवन कुमार)
उप निदेशक प्रशासन (औषधि)
सी.डी.एस.सी.ओ. मुख्यालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली

CBC 17194/11/0022/2526

RELAXO
रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड
रजि. कार्यालय: अग्रवाल सिटी स्क्वायर, प्लॉट न: 10, मंगलम प्लेस, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, सेक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 110085 (इंडिया), फोन: 91-11-46800600, 46800700, फैक्स न: 91-11-46800692
ई मेल: rfl@relaxofootwear.com, वेबसाइट: www.relaxofootwear.com
CIN: L74899DL1984PLC019097

31 दिसम्बर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(₹ करोड़ में)

	विवरण	समाप्त तिमाही		समाप्त नौमाही		समाप्त वर्ष
		31.12.2025	31.12.2024	31.12.2025	31.12.2024	31.03.2025
		अलेखापरीक्षित				लेखापरीक्षित
1.	परिचालनों से कुल आय	678.99	673.70	1985.60	2113.33	2816.57
2.	अवधि में कर से पूर्व शुद्ध लाभ (अपवाद एवं असाधारण मदों से पूर्व)	35.92	44.61	150.68	154.51	229.87
3.	अवधि में कर से पूर्व शुद्ध लाभ (अपवाद एवं असाधारण मदों के पश्चात्)	35.92	44.61	150.68	154.51	229.87
4.	अवधि में कर पश्चात् शुद्ध लाभ (अपवाद एवं असाधारण मदों के पश्चात्)	26.54	33.01	111.60	114.11	170.33
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [जिसमें शामिल हैं अवधि के लिए लाभ (कर पश्चात्) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्)]	25.39	33.65	111.49	116.03	171.64
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	24.89	24.89	24.89	24.89	24.89
7.	रिज़र्व, पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व छोड़ कर	-	-	-	-	2073.18
8.	प्रति इक्विटी शेयर आय अंकित मूल्य ₹ 1/- प्रत्येक (₹ में)					
	मूल	1.06	1.32	4.48	4.58	6.84
	तनुकृत	1.06	1.32	4.48	4.58	6.84

नोट: उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल तिमाही/नौमाही अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही/नौमाही अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों www.nseindia.com और www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाइट www.relaxofootwear.com पर उपलब्ध है। नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन करके भी इसे देखा जा सकता है।

दिल्ली, जनवरी 30, 2026

कृते निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता./–
रमेश कुमार दुआ
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डी आई एन: 00157872

RELAXO FLITE sparx Bahamas

motherson
MOTHERSON SUMI WIRING INDIA LIMITED
Regd. Office: Unit No. 705, C-Wing, ONE BKC, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai, Maharashtra-400051, India
Tel No. 022-61354800, Fax: 022-61354801, Email: investorrelations@mswil.motherson.com, Website: www.mswil.motherson.com
CIN - L29306MH2020PLC341326

UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025

INR in Crores

	Particulars	Three Months ended			Nine Months ended		Year ended
		31.12.2025	30.09.2025	31.12.2024	31.12.2025	31.12.2024	31.03.2025
		(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Audited)
1	Total income from operations	2,888.02	2,762.67	2,300.86	8,145.58	6,821.07	9,332.20
2	Net Profit / (Loss) for the period before tax (before exceptional items)	199.54	221.00	184.64	610.17	585.72	805.41
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items)	199.54	221.00	184.64	610.17	585.72	805.41
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after exceptional items)	149.44	165.34	139.98	457.88	440.93	605.86
5	Total comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax))	152.23	165.67	138.93	451.05	433.34	596.23
6	Paid up Equity Share Capital (of INR 1/- each)	663.17	663.17	442.11	663.17	442.11	442.11
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve)						1,256.20
8	Earnings Per Share (of INR 1/- each) - Basic and Diluted (not annualised)	0.23	0.25	0.21	0.69	0.66	0.91

Note:

a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Nine months financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Nine months financial results is available on the websites of the Stock Exchange(s) and the listed entity (www.nseindia.com, www.bseindia.com and www.mswil.motherson.com).

Scan the QR Code to view the results on the website of the company

Place: Dubai
Date: January 30, 2026

By Order of the Board of Directors
For Motherson Sumi Wiring India Limited
-sd-
V. C. SEHGAL
Chairman
DIN No. :- 00291126

Proud to be part of samvardhana motherson

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 01-30-2026 23:16 Color:

लालच, धोखा और धमकी देकर घरों, फैक्ट्रियों और ढाबों में करवाया जाता है जबरन काम

मज़दूरी के लिए ट्रैफिकिंग कर यहां लाए जाते हैं नाबालिग



लापता दिल्ली पार्ट-5

भीड़-भाड़ भरी दिल्ली से रोज लापता हो रहे हैं लोग। नवजात से लेकर बुजुर्ग तक शुमार है इस फेहरिस्त में। कुछ घरों की खुशी लौट आती है। कुछ के हिस्से में ताउम्र रहता है गम। इसी पर फोकस थी एनबीटी की यह सीरीज। आज है इसकी आखिरी कड़ी।

दिल्ली से लापता बच्चों को ढूंढने के लिए पुलिस ने बनाई है स्पेशल टास्क फोर्स। इसमें 100 से ज्यादा अफसर और कर्मचारी हैं। इसके अलावा 15 थानों में बच्चों के लापता होने के मामलों की जांच के लिए 15 अफसरों की टीम बनाई गई है

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: naveen.tirkey@timesofindia.com Time: 01-30-2026 23:14 Color:

रोड किनारे गड्ढा खोद कर बना दिया तालाब, बिल्डर समेत 2 पर केस

यमुना सिटी के सेक्टर 22D में बिल्डर ने बेसमेंट के लिए खोदा था गड्ढा

■ NBT न्यूज, यमुना सिटी

यमुना सिटी के सेक्टर 22D में बिल्डर ने बेसमेंट बनाने के लिए रोड के पास गहरा गड्ढा खोदकर लंबे समय से खुला छोड़ रखा है। इसमें बारिश का पानी भरने से हादसा होने की आशंका है। पुलिस ने बिल्डर समेत दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

यमुना गौड़ सिटी चौकी प्रभारी आशीष यादव ने गुरुवार की रात मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चौकी प्रभारी के मुताबिक, यमुना प्राधिकरण एरिया में वह गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पाया कि सेक्टर-22 डी में निर्माणाधीन 'स्टार सिटी' बिल्डर द्वारा सार्वजनिक रोड के बिल्कुल पास भारी मशीनों से एक लंबा चौड़ा गड्ढा खोदा गया है। बेसमेंट बनाने के लिए खोदा गया यह गड्ढा कई महीनों से पानी से भरा हुआ है। जिसमें बारिश के पानी के साथ कूड़ा-करकट भी जमा हो गया है। इस कारण पानी अत्यधिक प्रदूषित हो गया है और दुर्गंध के चलते आसपास वायु प्रदूषण फैल रहा है। इसकी शिकायत स्थानीय किसानों ने भी की थी।

नहीं थी बैरिकेडिंग: पुलिस के अनुसार, गड्ढे के चारों ओर किसी प्रकार की बाड़, संकेतक या सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। सड़क के समीप इस तरह खुले और जलमग्न गड्ढे को लंबे समय तक छोड़ना मानव जीवन के लिए खतरा है और इससे गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। जांच में सामने आया है कि यह लापरवाही बिल्डर के जीएम पुष्कर और प्रोजेक्ट हेड प्रीतम सिंह की ओर से की जा रही है।

बिल्डर के दोनों कर्मचारियों को ज़मानत

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा: इंजीनियर युवराज मेहता की मौत मामले में लोटस ग्रीन बिल्डर के कर्मचारी रवि बंसल और सचिन करनवाल को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जमानत दे दी है। अदालत ने कहा कि दोनों जांच में सहयोग करेंगे और बिना अनुमति के विदेश नहीं जाएंगे। इसके लिए अनुमति लेनी होगी।

युवराज मामले में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया था

नोएडा सेक्टर-150 में 16 जनवरी की रात इंजीनियर युवराज मेहता की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने एमजेड विजटाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड और लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के बिल्डर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने लोटस ग्रीन के बिल्डर के कर्मचारी रवि बंसल और सचिन करनवाल को गिरफ्तार किया था। रवि और सचिन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई हुई। लोटस ग्रीन बिल्डर के अधिवक्ताओं ने इस मामले में 500 पेज की रिपोर्ट तैयार की। पुलिस ने जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया है, वे कंपनी के कर्मचारी हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने शुक्रवार को दोनों को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि दोनों जांच में सहयोग करेंगे।

तय हो रही जवाबदेही...

पब्लिक का सवाल

मोतिया खान, पहाड़गंज इलाके में एलआईजी डीडीए फ्लैट्स के पास पिछले चार महीनों से गड्ढा बना हुआ है। यहां लगातार सीवर का पानी बहता रहता है जिस वजह से यहां बड़ा गड्ढा बन गया है। वैसे तो सभी को इससे परेशानी है लेकिन बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह खास तौर पर खतरा बना हुआ है। ये कब ठीक होगा?

- एनबीटी रीडर



अफसर का जवाब

जल बोर्ड के एग्जीक्यूटिव इंजिनियर केएन ओझा के अनुसार एक पुरानी कंप्लेंट थी, जिस पर एक्शन हो चुका है। अगर यह नई कंप्लेंट है, तो शनिवार को इसे एक बार चेक करवा कर समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

पब्लिक का सवाल

पीतमपुरा, जागृति अपार्टमेंट से सटे PWD के प्लॉट से कूड़ा, गाद और मलबा हटवाने के लिए सीएम, PWD मंत्री और अधिकारियों को यहां के सीनियर सिटिजन नरेंद्र पाल सिंह दर्जनों पत्र लिख चुके हैं, लेकिन आज भी यहां रोजाना ट्रकों से मलबा डंप हो रहा है। बदबू से मे जीना मुहाल हो गया है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। बीमारियों की आशंका बढ़ रही है।

- चंद्र प्रकाश शर्मा



अफसर का जवाब

नॉर्थ-वेस्ट रोड डिविजन के इंजीनियर रूप सिंह मीणा के अनुसार लोग खाली प्लॉट देख मलबा डाल रहे हैं। प्लॉट के चारों तरफ बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी। बारिश में मलबा गीला हो गया है। कुछ दिनों में उठवाया जाएगा।

NBT ऑन स्पॉट: खुले नालों से हादसों का खतरा

एनबीटी रीडर्स हमें पूरी दिल्ली से अपनी समस्याएं भेज रहे हैं। इसके बाद एनबीटी की टीम रोज उन जगहों पर जाकर रिएलिटी चेक कर रही है, जहां समस्याएं ज्यादा गंभीर बनी हुई हैं।

मंडोली

■ **एनबीटी रीडर** ने मंडोली सबोली श्मशान घाट की चारदीवारी के साथ खुले पड़े नाले की फोटो भेजकर यहां हादसे की आशंका जताई थी। एनबीटी रीडर के अनुसार, बरसात के समय यह नाला ओवरफ्लो हो जाता है। इससे यह पता लगाना बहुत मुश्किल हो जाता है कि कहां पर सड़क और कहां से नाला शुरू होता है। रोड के ऊपर सिर्फ पानी ही दिखाई देता है।

बड़ा हिस्सा खुला

एनबीटी टीम ने इस पॉइंट को जाकर देखा। श्मशान घाट के एंट्री गेट से आगे नाले पर ही टॉयलेट बना है। टॉयलेट से आगे नाले का बड़ा हिस्सा खुला है। बीच-बीच में स्लैब रखी हुई है, लेकिन यह काफी नहीं। महौली सबोली की तरफ से आने वाले रात में जरा सा बैलेंस बिगड़ने से गहरे नाले में गिर सकते हैं।

दुर्गापुरी चौक

■ **एनबीटी रीडर** राम प्रताप सिंह ने दुर्गापुरी चौक की फोटो भेजी थी। चौक के पास MCD के स्कूल की तरफ जिस पुलिस चौकी बनी हुई है। पुलिस चौकी के ठीक पीछे एक छोटा सा मंदिर है। इस पॉइंट पर ज्यादातर पैदल चलने वाले लोग नाले के ऊपर से होते हुए ही आगे निकलते हैं। इसी पॉइंट पर नाले के एक बड़े हिस्से से स्लैब गायब है।

स्लैब है गायब

शुक्रवार को एनबीटी टीम ने इस पॉइंट को जाकर देखा। नाले के बड़े हिस्से पर स्लैब नहीं होने से यहां कभी भी कोई हादसे का शिकार हो सकता है। इतना ही नहीं, 100 फीट रोड पर बिल्कुल किनारे से स्लैब गायब है। सड़क पर चलते हुए कोई व्यक्ति हादसे का शिकार न हो जाए, इसके लिए यहां बैरिकेड लगाया गया है।

पब्लिक की आवाज़ NBT करेगा बुलंद

नालों-गड्ढों में गिरना हमारी नियति नहीं है

ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां लोग खुले नालों में गिर गए, बाइक सवार गड्ढों में फिसल गए। युवराज की तरह कुछ मामलों में जान चली गई, कभी लोग बाल बाल बचे। हर बार कुछ दिनों की खबरें बनती हैं, जांच के आदेश होते हैं और फिर सब कुछ वैसा ही रह जाता है।

NBT जवाब हम लेंगे

अब नवभारत टाइम्स पूछेगा

सीधे जिम्मेदार अफसरों से कि कब तक वे इन गड्ढों और नालों को भरेंगे। या वहां पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम करेंगे। नवभारत टाइम्स शुरू कर रहा है एक अभियान, ताकि इन खामोश जानलेवा जगहों पर रोशनी डाली जा सके।

इस अभियान में आप हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। अगर आपके इलाके में:

खुला नाला है | पानी से भरा गड्ढा | रोड टूटी या गड्ढे हैं | हादसे का खतरा है

उसकी फोटो खींचिए, जगह का नाम/लोकेशन लिखिए, हमें भेजिए।

ऐसे भेजें...

हमें ईमेल कर सकते हैं **nbtreader@timesofindia.com**

व्हाट्सऐप कर सकते हैं। **9220747220**

सब्जेक्ट में लिखें GADDHA

हम क्या करेंगे?

- आपकी भेजी तस्वीरें हम अखबार और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित करेंगे
- संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों से सीधा सवाल पूछेंगे।
- उनसे पूछेंगे: यह कब ठीक होगा?
- उनके नाम के साथ जवाब प्रकाशित करेंगे

250 करोड़ रुपये से किर्बी प्लेस पर बनेगा 1.5km लंबा फ्लाईओवर

धौला कुआं तक इस रोड को सिग्नल फ्री करने की तैयारी

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली कैंट बोर्ड स्थित किर्बी प्लेस को धौला कुआं तक सिग्नल फ्री बनाने के लिए 1.5 किमी लंबा फ्लाईओवर निर्माण का प्लान किया गया है। दिल्ली कैंट बोर्ड ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (DPR) तैयार करने का काम स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) को सौंपा है। अगले कुछ दिनों में एसपीए को रिपोर्ट सब्मिट करने को कहा गया है। फ्लाईओवर की लागत करीब 250 करोड़ रुपये होगी। फ्लाईओवर का निर्माण इस तरह से किया जाएगा कि किर्बी प्लेस के पास जो सिंगल-वे फ्लाईओवर है, उसे जॉइंट कर डबल किया जा सके। इस फ्लाईओवर से कैंट हॉस्पिटल रोड और बिमैया मार्ग जंक्शन को सिग्नल फ्री करने का प्लान है।

दिल्ली कैंट बोर्ड के सीईओ रोबिन बलेजा के अनुसार, किर्बी प्लेस ट्रैफिक सिग्नल जंक्शन पर जनकपुरी की ओर से सिंगल-वे फ्लाईओवर से ट्रैफिक आता है। दोनों ट्रैफिक मर्ज होने के बाद यहां पीक आवर में जाम की समस्या गंभीर होती है। इसलिए इस जंक्शन और इसके आगे बिमैया मार्ग जंक्शन को सिग्नल फ्री करने के लिए फ्लाईओवर निर्माण का प्लान किया गया है। फ्लाईओवर की लंबाई करीब 1.5 किमी होगी। इसकी चौड़ाई 6 लेन की होगी।

दोनों जंक्शन पर प्रति घंटे ट्रैफिक

डायरेक्शन	मॉर्निंग पीक आवर	ईवनिंग पीक आवर
जनकपुरी की ओर	2293 गाड़ियां	2833 गाड़ियां
धौलाकुआं की ओर	2901 गाड़ियां	1100 गाड़ियां

SPA तैयार करेगी DPR

कैंट हॉस्पिटल रोड और बिमैया मार्ग जंक्शन को किया जाएगा सिग्नल फ्री

दोनों फ्लाईओवर को किया जाएगा मर्ज

दिल्ली कैंट बोर्ड अफसरों के अनुसार, किर्बी प्लेस से ठीक पहले दो फ्लाईओवर हैं। एक तो जेल रोड पर और दूसरा परेड रोड पर। परेड रोड पर वहां सिंगल-वे फ्लाईओवर जिससे सागरपुर की ओर से ट्रैफिक आता है। जेल रोड पर बने फ्लाईओवर से जनकपुरी और उस तरफ के अन्य इलाकों से ट्रैफिक आता है। जहां नया फ्लाईओवर प्रस्तावित है, वहां से दोनों फ्लाईओवर महज 200 मीटर की दूरी पर है। इसलिए यह प्लान बनाया जा रहा है कि दोनों फ्लाईओवर को नए फ्लाईओवर के साथ जॉइंट कर दिया जाए। ताकि धौला कुआं तक करियप्पा रोड लगभग सिग्नल फ्री हो जाए। इसके अलावा धौला कुआं से जो ट्रैफिक परेड रोड पर जाएगा, उसके लिए भी सिंगल-वे फ्लाईओवर जॉइंट कर डबल करने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

शव ठेले पर लेने के मामले की जांच के लिए बनी टीम

■ NBT न्यूज, फरीदाबाद

AI image



अपना ही ठेला लेकर आया मजदूर, बेटे के साथ पत्नी का शव ले गया

बीके अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत के बाद पत्नी को ले जाने के लिए एंबुलेंस न मिलने के मामले में अब विभाग जागा है। स्वास्थ्य विभाग ने तीन चिकित्सकों की एक जांच टीम गठित की है, जिसे जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को बीके अस्पताल में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। विडियो में देखा गया कि एक दिहाड़ी मजदूर अपनी पत्नी का शव ठेले पर रखकर घर ले जा रहा है। महिला की मौत टीबी बीमारी के चलते हुई थी। मृत महिला के पति के पास निजी ऐंबुलेंस का किराया देने के पैसे नहीं थे। सरकारी स्तर पर भी उसे शव ले जाने के लिए ऐम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई।

NBT फॉलोअप

इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से बेहतर ऐम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के दावों पर सवाल खड़े हो गए हैं। आमजन में विभाग की काफी आलोचना हो रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मरीजों के लिए ऐम्बुलेंस स्वास्थ्य विभाग उपलब्ध कराता है, जबकि मृतकों के शव ले जाने की जिम्मेदारी रेडक्रॉस सोसायटी की होती है। जांच टीम यह पता लगाएगी कि महिला को अस्पताल में कब भर्ती किया गया था, कितने समय तक उसका इलाज चला। क्या उसके पति ने ऐम्बुलेंस के लिए कंट्रोल रूम से संपर्क किया था या नहीं। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि डायल 112 सेवा केवल मरीजों को लाने-ले जाने के लिए है, शवों के लिए नहीं। शव वाहन की व्यवस्था रेडक्रॉस के माध्यम से की जाती है।

DCP ईस्ट को कोर्ट ने दिया सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश

पुलिसवालों पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाने वाले डॉक्टर को दें सुरक्षा: कोर्ट

Prachi.Yadav@timesofindia.com

AI image

■ **नई दिल्ली :** कोर्ट ने डीसीपी, ईस्ट को पुलिसवालों पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाने वाले एक व्यक्ति को सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया है। शिकायतकर्ता ने कोर्ट को बताया कि उसे एक नंबर से बार-बार फोन कॉल आ रहे हैं और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास सतेंद्र पाल सिंह ने आदेश में कहा कि अर्जी में लगाए गए आरोप शिकायतकर्ता को डराने-धमकाने और उस पर दबाव डालकर पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिश्वतखोरी की अपनी शिकायतों को वापस लेने के लिए मजबूर करने की कोशिशों की ओर इशारा करते हैं। अगर ये आरोप सच हैं, तो ये न्याय प्रशासन में दखलअंदाजी है। खासकर जब आरोप सरकारी अधिकारियों के खिलाफ हों और निष्पक्ष जांच में बाधा डालते हों।

कड़कड़डूमा कोर्ट ने यह आदेश 28 जनवरी को डॉ. जुनैद अकरम की शिकायत पर सुनवाई करते हुए पारित किया। अदालत ने कहा, सुरक्षा देने की मुख्य जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की है, लेकिन रिकॉर्ड पर रखे गए सबूतों (जिनमें स्क्रीनशॉट और केस का पिछला संदर्भ शामिल है) को देखते हुए यह जरूरी है कि शिकायतकर्ता को किसी भी धमकी या उत्पीड़न से बचाया जाए। लिहाजा, अदालत ने संबंधित डीसीपी को निर्देश दिया कि वे तुरंत शिकायतकर्ता को सुरक्षा दें।

आवेदक की ओर से एडवोकेट देवाशीष महर्षि ने अदालत को बताया कि डॉक्टर ने पहले 175(3) BNSS के तहत एक अर्जी दी थी, जिसमें कुछ पुलिस अधिकारियों (लक्ष्मी नगर पुलिस थाने में तैनात) द्वारा रिश्वत की मांग करने का आरोप लगाया गया था। इस पर अदालत ने 21 जनवरी को संबंधित DCP को एक्शन टेकन रिपोर्ट (ATR) जमा करने का निर्देश दिया था। वकील ने अदालत में बताया कि शिकायतकर्ता को कॉल पर धमकी दी गई है कि या तो वह केस वापस ले ले या डीसीपी, ईस्ट के सामने अपनी शिकायत वापस लेने की अंडरटेकिंग दे। शिकायतकर्ता ने ऐसा करने से साफ मना कर दिया। इसके बाद, कॉलर ने धमकी दी कि 'वह उसे देख लेगा'।

अलग-अलग कमरे में फंदा लगाकर दंपती ने दी जान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI image

ज्योति नगर में कर्ज से परेशान और अपने बेटों के कामयाब नहीं होने से परेशान दंपती ने अलग-अलग कमरों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अलावा मौके पर क्राइम और एफएसएल की टीमें पहुंचीं। पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है। दंपती की पहचान अजय कुमार (55) और गीता (50) के रूप में हुई है। अजय कुमार के पास से एक स्यूसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने कर्ज से परेशान होने और बेटे के कामयाब नहीं होने की बात लिखी है। खुदकुशी के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। शुक्रवार को परिवारवालों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया। फिलहाल पुलिस परिवार वालों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर पूरे मामले की जांच कर रही है।

कर्ज और अपने बेटों के कामयाब नहीं होने से परेशान होकर दी जान

नॉर्थ जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि सी41ए, चौथी मंजिल, वेस्ट ज्योति नगर में दंपती अपने परिवार के साथ रहते थे। उनके दो बेटे भास्कर (29) और शरद (25) हैं। भास्कर पहले किसी प्राइवेट कंपनी में काम करते थे, लेकिन पिछले काफी समय से नौकरी छोड़ दी थी। वह मेडिकल स्टोर पर ही पिता के साथ रहते थे। शरद एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं।

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH & TRAINING
(An Autonomous Organisation of Education Department of GNCTD)
VARUN MARG, DEFENCE COLONY, NEW DELHI-110024
Advt. No. 01/2026

Applications are invited from retired /Ex-Serviceman candidates for engagement of **Consultants in different disciplines** on contractual basis for the following posts:

1. Consultant (Section Officer (Estate/Civil Work/EPF Work/ Litigations) – **05 Posts**
2. Consultant (Asstt. Accounts Officer) – **05 Posts**
3. Consultant (ASO) - **05 Posts**
4. Consultant (Sr. Assistant) - **10 Posts**

Interested candidates may apply in the prescribed manner within the stipulated time. Detailed terms & conditions, application forms are available on the official website **www.scertdelhi.nic.in.**
Application must be submitted only in prescribed format at dedicated email ID **recttscert@gmail.com** with the subject as **"Application for Consultant ________ (Discipline) from Sh./Smt. ________." Hard copy of the same must also be submitted to Director, SCERT, Varun Marg Defence Colony, New Delhi 110024.**
The last date for receipt of applications is **20.02.2026.**
Application(s) received after due date, for whatever reason, shall not be entertained under any circumstances.

Director, SCERT

DIP/Shabdarth/Classified/0426/25-26

आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड
भारत सरकार का उद्यम
रक्षा मंत्रालय

ARMOURED VEHICLES NIGAM LIMITED
A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE
MINISTRY OF DEFENCE

CIN-U35990TN2021GOI14550

विज्ञापन संख्या: AVNLCO/HR/2026/01
निश्चित अवधि संविदा नीति पर पेशेवरों की नियुक्ति

आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (अवनि) (एवीएनएल) एक नया रक्षा उपक्रम है जिसका मुख्यालय आवडी (चेन्नई) में स्थित है। एवीएनएल युद्ध टैंकों (टी-72, टी-90, एमबीटी-अर्जुन), इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, सहायक वाहनों (एमपीवी एईआरवी आदि) एवं सशस्त्र बलों और होमलैंड सिक्योरिटी एजेंसियों के लिए रक्षा गतिशीलता समाधानों (स्टैलियन, एलपीटीए आदि) के विनिर्माण से जुड़ा हुआ है। यह इस क्षेत्र में में वर्तमान में बाजार में अग्रणी है। यह एक नई सरकारी कंपनी है जिसका भविष्य उज्ज्वल है। यह पेशेवरों के लिए शानदार कार्य वातावरण एवं चुनौतीपूर्ण अवसर प्रदान करता है ताकि वे अपनी क्षमताओं को साबित कर सकें। निम्नलिखित पदों के लिए संविदात्मक नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्रम सं.	पदनाम	रिक्त पदों की सं.	कुल समेकित वेतन (प्रति माह) सभी शामिल हैं	नियुक्ति की प्रकृति
1	संयुक्त महाप्रबंधक (सुरक्षा) Jt. General Manager (Security)	01 [01-UR]	Rs.90,000/- + आईडीए	निश्चित अवधि संविदा के आधार पर नियुक्ति
2	वरिष्ठ प्रबंधक (बौद्धिक संपदा) Senior Manager (Intellectual Property)	01 [01-UR]	Rs.70,000/- + आईडीए	

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे एवीएनएल वेबसाइट www.avnl.co.in पर जाएँ, जहाँ नौकरी की विस्तृत जानकारी, योग्यताएँ, अनुभव, कौशल, वेतन, प्रक्रिया, आवेदन प्रारूप, और उक्त पदों के लिए आवेदन करने की शर्तें दी गई हैं।

ध्यान दें:
इस विज्ञापन में कोई भी संशोधन/सुधार सिर्फ एवीएनएल वेबसाइट पर प्रकाशित/अपलोड किया जाएगा।
उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे नवीनतम अपडेट/संशोधन के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर जाएँ।
आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : **07.02.2026.**

एचआर डिविजन, एवीएनएल निगम कार्यालय, चेन्नई
ईमेल: hr@avnl.co.in
फोन: 044–26844808/26844810

तारीख: 31.01.2026

रेलवे स्टेशनों पर रंगों के सहारे यात्रियों की सेफ्टी

खंभों, सीढ़ियों, FOB, प्लैटफॉर्म शेल्टर और कोच पोजीशन इंडिकेटर पोल के रंग बदलेंगे

Abhishek.Gautam1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा और सहूलियतों को और बेहतर बनाने के लिए नॉर्दर्न रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। अब स्टेशनों पर खंभों, सीढ़ियों, फुटओवर ब्रिज, प्लैटफॉर्म शेल्टर और कोच पोजीशन इंडिकेटर पोल जैसी स्ट्रक्चर पर गहरे रंग किए जाएंगे, ताकि वे साफ दिखाई दें और कोई उनसे टकराए नहीं। इस फैसले का सबसे ज्यादा फायदा दिव्यांग यात्रियों, जिनकी नजरें कमजोर है उन्हें और बुजुर्गों को होगा। भीड़भाड़ वाले प्लैटफॉर्म पर कई बार खंभे या सीढ़ियां ठीक से दिखाई नहीं देती, जिससे हादसे होते हैं। दावा है कि नए रंगों से यह समस्या कम होगी।

दिव्यांगों, जिनकी नजरें कमजोर है उन्हें और बुजुर्ग यात्रियों को मिलेगी इससे बड़ी राहत

File Photo

नॉर्दर्न रेलवे की ओर से जारी पत्र के अनुसार, रेलवे प्लैटफॉर्म पर मौजूद खंभों, सीढ़ियों, फुटओवर ब्रिज और कोच इंडिकेटर पोल को नीचे से 900मिमी की ऊंचाई तक अलग रंग में रंगा जाएगा, ताकि वे दूर से ही नजर आएं। निर्देशों के अनुसार, प्लैटफॉर्म और फुटओवर ब्रिज की सीढ़ियों पर पीले और काले रंग की कॉन्ट्रास्ट स्ट्रिप्स लगाई जाएंगी। हर सीढ़ी के किनारे 100मिमी चौड़ी पीली पट्टी ट्रेड और राइजर को अलग-अलग रंगों में दर्शाया जाएगा। इससे फिसलने और ठोकर लगने की घटनाएं कम होंगी। उत्तर रेलवे ने सभी मंडलों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने स्टेशनों की जांच कर समय पर इन नियमों को लागू करें। यह व्यवस्था यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा बढ़ाने के लिए की जा रही है।

रेलवे ने यह भी साफ किया है कि ऐसे रंगों का इस्तेमाल नहीं होगा, जिनसे कलर ब्लाइंड लोगों को परेशानी हो। इसलिए लाल-हरा या पीला-नीला जैसे रंग नहीं लगाए जाएंगे। इसके बजाय पीला-काला, सफेद-गहरा नीला या लाल जैसे साफ दिखने वाले रंग इस्तेमाल होंगे। यह आदेश दिल्ली सहित अन्य डिविजन को भेज दिया गया है। जिसके बाद अधिकारियों ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस कदम से न सिर्फ दिव्यांग यात्रियों, बल्कि हर यात्री को सुरक्षित और आसान सफर मिलेगा।

पैंक्रियाटिक कैंसर का इलाज ढूंढने के दावे से जगी उम्मीद

Pancreatic

स्पेन के वैज्ञानिकों ने 6 साल तक चूहों पर 3 दवाओं का किया ट्रायल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

स्पेन के वैज्ञानिकों द्वारा पैंक्रियाटिक कैंसर का इलाज ढूंढने के दावे को लेकर भारतीय डॉक्टरों ने भी भविष्य की उम्मीद जताई है। हालांकि भारतीय डॉक्टरों का कहना है कि इसमें तीन दवाओं का इस्तेमाल हुआ है और तीनों दवाएं पुरानी है, लेकिन जिस तरीके से इन तीनों का चूहों पर ट्रायल किया गया और 6 साल के फॉलोअप के बाद भी चूहों में कैंसर नहीं पाया गया, बहुत बड़ा पॉजिटिव संकेत है। भविष्य में पैंक्रियाटिक कैंसर के इलाज की नई उम्मीद जगाता है।

कैंसर सर्जन डॉक्टर अंशुमान कुमार ने बताया कि पैंक्रियाटिक, गॉल ब्लैडर और लंग्स का कैंसर सबसे खतरनाक माना जाता है। पैंक्रियाटिक की स्थिति तो यह है कि सर्जरी के बाद भी मात्र 10 परसेंट लोग ही 5 साल तक जिंदा रह पाते हैं। ऐसे में इलाज का यह प्रोटोकॉल कारगर हो सकता है। सर्वाइवल रेट बढ़ सकता है। अभी सर्जरी ही इस मामले में कारगर इलाज है। सर्जरी के बाद कीमोथैरेपी दी जाती है, लेकिन अगर यह सफल हो जाता है तो कीमोथैरेपी के बाद इन तीनों दवाओं का इस्तेमाल मरीज की जान बचा सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी यह ट्रायल 6 साल में सिर्फ चूहों पर हुआ है। इसके रिजल्ट अच्छे हैं, कैंसर लौटा नहीं है, लेकिन अब इसका क्लीनिक ट्रायल अलग-अलग फेज में होगा। अगर यहां पर यह ट्रायल सफल रहता है, मरीजों के हित में रहता है, तब जाकर यह इलाज के प्रोटोकॉल में शामिल हो सकता है। अभी इसमें लंबा समय लग सकता है।



“ दवा पुरानी है, लेकिन जिस तरीके से चूहों पर इस्तेमाल होने के 6 साल बाद भी कैंसर नहीं लौटा है, इससे उम्मीद जगी है। अब इसका क्लीनिक ट्रायल होगा। *- डॉ. अंशुमान, कैंसर सर्जन*

NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात

इलाज 3 दवाओं के प्रोटोकॉल से

यह कोई नई दवा नहीं है, पुरानी दवाओं का नए तरह से इस्तेमाल हुआ है। इसे मेडिकल भाषा में प्रोटोकॉल कहते हैं। यह एक नया प्रोटोकॉल है, जिसमें तीनों का मिश्रण के आधार पर नया डोज और ड्यूरेशन तय करते हुए चूहों का इलाज किया गया है। तीनों दवाएं अपनी खासियत के अनुसार काम करती हैं। पहली दवा जेमसिटाबीन कैंसर सेल्स को मारती है, दूसरी ATRA एक डिफेंस सिस्टम है जो कैंसर को रोकता है और तीसरी दवा नेरटिनिब कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है। तीनों मिलकर एक साथ काम करेंगी तो उसका असर बेहतर हो सकता है। इसी उम्मीद को स्पेन के वैज्ञानिकों ने अपनी स्टडी में दिखाया है।

इस बारे में लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉक्टर सुभाष गुप्ता ने कहा कि अभी इसे मेजर ब्रेक थ्रू नहीं कह सकते, क्योंकि ये दवाएं पहले से इस्तेमाल हो रही थीं। हां इसमें केवल तीनों को मिलाकर दिया गया है। ट्रायल अभी केवल चूहों पर हुआ है, चूहों का पेनक्रियाज और इंसानों का अलग-अलग होता है। इंसान पर इसका कैसा असर होगा, इस पर जब तक ट्रायल नहीं हो जाता है, तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता। हालांकि डॉक्टर सुभाष ने कहा कि ट्रायल ऐसे ही धीरे-धीरे होता है, इसलिए इस उम्मीद को नकार नहीं सकते।

योजना और वास्तुकला का विद्यालय
संसद के अधिनियम के तहत एक "राष्ट्रीय महत्व का संस्थान"
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली-110002
मोबाइल नंबरः 8448588133 / मेल आईडीः pmw@spa.ac.in

संदर्भ संख्या पीएमडब्ल्यू/2025-26/45 दिनांकः 30.01.2026

सूचना

यह सूचित किया जाता है कि महारानी बाग हॉस्टल, एसपीए आवासीय और हॉस्टल कॉम्प्लेक्स, तैमूर नगर, ऑप. न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110065 में कई पुराने/अप्रचलित वाहन कई वर्षों से पड़े हुए हैं। मालिकों/दावेदारों को इस सूचना के जारी होने के **21 दिनों** के भीतर वैध दस्तावेजों - आरसी, बीमा और फोटो पहचान पत्र आदि के साथ रिपोर्ट करना होगा और वाहन को छुड़ाने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित पार्किंग शुल्क का भुगतान करना होगा। पुराने/अप्रचलित वाहनों की सूची स्कूल की वेबसाइट www.spa.ac.in पर उपलब्ध है। निर्धारित तिथि के बाद लावारिस वाहनों को भारत सरकार के नियमों के अनुसार निपटाया जाएगा और कोई और दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हस्ता./-
कुलसचिव (प्रभारी)

उत्तर पश्चिम रेलवे
शुद्धिपत्र
निविदा सूचना संख्याः एस/2026/003, दिनांक : 27.01.2026 में त्रुटिवश "पदों" हेतु प्रकाशित हो गया है। अतः इसे संशोधित "मदों" हेतु पढ़ा जाए एवं क्र.सं. 3 में निविदा सं. 3725178 को 37251758 पढ़ा जाए। शेष यथावत रहेगा।
सहायक सामग्री प्रबंधक
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर
143 A-DK/26

पूर्वोत्तर रेलवे ई-आक्शन सूचना
सं॰ सी/54/एमपीएस/ई-आक्शन दिनांक 28-01-2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/इज्जतनगर द्वारा आई॰आर॰ई॰पी॰एस॰ (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से एम.पी.एस. टैकों एवं वाटर वेन्डिंग मशीन हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटलॉग को आई॰आर॰ई॰पी॰एस॰ (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है–

श्रेणी	कैटलॉग सं.	आक्शन प्रारम्भ	आक्शन समापन
डब्ल्यू वी एम	C-54-WVM-26-01	10-02-2026/12:00	10-02-2026/13:40

क्रम सं०	स्टेशन	स्टेशन कोड	श्रेणी	प्लेटफार्म सं.	वाटर वेन्डिंग मशीन की संख्या
01	पीलीभीत	PBE	बी	02/03	02
02	रूद्रपुर सिटी	RUPC	बी	01	02
03	काशीपुर	KPV	बी	02/03	02
04	हाथरस सिटी	HTC	डी	01	01
05	बरेली सिटी	BC	बी	02/03	02
06	लालकुआँ	LKU	बी	04/05	02
07	हल्द्वानी	HDW	बी	01	02
08	मथुरा छावनी	MRT	डी	01	01

&

श्रेणी	कैटलॉग सं.	आक्शन प्रारम्भ	आक्शन समापन
एम.पी.एस.	IZN-MPS-26-01	11-02-2026/12:00	11-02-2026/12:40

क्रम सं०	स्टेशन	स्टेशन कोड	श्रेणी	चिन्हित इकाई	प्लेटफार्म सं.
01	काशीपुर	KPV	B	अनारक्षित	02/03
02	इज्जतनगर	IZN	D	अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला	02/03

नोटः (1) बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। (2) उक्त ई-ऑक्शन आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। (3) ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (4) बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। (5) सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।
मुजाति/वाणिज्य-244 सहायक वाणिज्य प्रबंधक, इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.
विद्युत वितरण मण्डल, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)
पत्रांक-678/वि.वि.म.(रु.) दिनांक 30.01.2026
ई-निविदा सूचना
विद्युत वितरण मण्डल रुद्रपुर निम्न कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है :-

क्र० सं०	ई-निविदा संख्या	कार्य का नाम	ई-निविदा क्रय करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने तथा हार्ड प्रति जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	ई-निविदा की तकनीकी बिड पार्ट-I (EMD & Tender Cost, Bid Validity) ऑन लाइन खुलने की तिथि एवं समय	ई-निविदा तकनीकी बिड ऑफ लाइन/ऑन लाइन खुलने की तिथि एवं समय
1	वि०वि०म०(रु०) 57/2025-26	विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, रुद्रपुर के अन्तर्गत उपखण्ड सिडकुल के अधीन 33/11 के०वी० उपकेन्द्र सैक्टर-4 में अतिरिक्त 12.5 एम०वी०ए० का पावर परिवर्तक स्थापित करने का कार्य।	19.02.2026 12:00 बजे तक	20.02.2026 12.00 बजे	20.02.2026 14:00 बजे
2	वि०वि०म०(रु०) 58/2025-26	विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, रुद्रपुर के अधीन उपखण्ड सिडकुल के अन्तर्गत 33/11 के०वी० उपकेन्द्र सैक्टर-2 के यार्ड की अर्थिंग एवं मरम्मत संबंधी कार्य।	19.02.2026 12.00 बजे तक	20.02.2026 12.00 बजे	20.02.2026 14:00 बजे

कार्य, मदें एवं शर्तें विभागीय वेब साईट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
राष्ट्रहित में बिजली बचायें।
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर आएं
Customer Toll Free No- 1800 419 0405
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल रुद्रपुर

विधानसभा में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर विधानसभा परिसर में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि गांधी का जीवन और बलिदान आज भी राष्ट्र की लोकतांत्रिक चेतना और सामूहिक अंतरात्मा का मार्गदर्शन करता है। गुप्ता ने कहा कि शांति और अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी ने दुनिया को यह संदेश दिया कि आखिरी सांस तक सत्य और अहिंसा ही सबसे बड़ी ताकत होती है। इस अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधानसभा के अन्य सदस्य और दिल्ली विधानसभा सचिवालय के अधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू करते हुए कांग्रेस नेता सड़कों पर उतरे। प्रदेश कांग्रेस की अगुआई में यह विरोध प्रदर्शन अकबर रोड स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी से शुरू होकर गांधी स्मृति तीस जनवरी मार्ग तक होनी थी। कांग्रेस का आरोप है कि जैसे ही कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता ऑफिस से बाहर निकले, पुलिस ने आगे जाने से रोक दिया और आगे बढ़ने पर पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर कापसहेड़ा पुलिस स्टेशन ले गई, जहां बाद में सभी को छोड़ दिया।

देवेंद्र यादव ने कहा कि मोदी सरकार के मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ आज दिल्ली कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता यहां महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित हुए हैं। इस शांति मार्च में पार्टी के कोषाध्यक्ष, अजय माकन, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, मीडिया और प्रचार कमेटी के चेयरमैन पवन खेड़ा सहित कई अन्य मौजूद रहे।

स्थानिक आयुक्त का कार्यालय
न्यू झारखण्ड भवन, झारखण्ड सरकार
बंगला साहिब रोड, नई दिल्ली-110001
निविदा रद्द करने संबंधी सूचना
स्थानिक आयुक्त का कार्यालय, न्यू झारखण्ड भवन, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड भवन, बंगला साहिब रोड, नई दिल्ली एवं झारखण्ड भवन, वसंत विहार, नई दिल्ली में झारखण्ड सरकार के अतिथियों के लिए भाड़े के वाहन की व्यवस्था बाह्य स्रोत के माध्यम से कराये जाने हेतु विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना PR 370261, दिनांक-09.01.2026 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।
भाड़े के वाहन संबंधी अगली निविदा सूचना का प्रकाशन विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से किया जायेगा।
ह०/-
PR 372002 Cabinet(25-26).D मुख्य प्रशासी पदाधिकारी

विज्ञापन संख्या 8/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
कोंकण रेलवे कार्पोरेशन लिमिटेड
में
निदेशक (वित्त)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
06/02/2026 (15:00 बजे तक) हैं।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
16/02/2026 (17:00 बजे तक) हैं।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

महा मेट्रो PUNE METRO
महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.
(भारत सरकार और महाराष्ट्र शासन का संयुक्त उपक्रम)
पुणे मेट्रो रेल प्रकल्प
ब्लॉक नंबर ३, फूड हेन गोदाम, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के नजदीक, कामगार पुतला वसाहत के बाजू में, शिवाजीनगर, पुणे-०५ ☎ ०२०-२६०५१०८८
E-mail: tenders.pmrp@mahametro.org | www.mahametro.org
निविदा सूचना क्रमांक : P1-O&M-20/2026 दि. ३०/०१/२०२६
कार्य का स्वरूप: पुणे मेट्रो प्रोजेक्ट के २८ उन्नत और भूमिगत स्थानकों के लिये, स्टील पुलों सहित २८.०७९ किलोमीटर उन्नत वायाडक्ट, १२.११ किलोमीटर सुरंग और २ डेपो का एक साल की अवधि के लिए वार्षिक सिविल मेंटेनेंस करना।
इस टेंडर नोटिस (NIT) को देखने के लिए, इच्छुक बोली लगाने वाला महा-मेट्रो की www.punemetrorail.org इस वेबसाइट पर जा सकते हैं।
डॉक्यूमेंट की बिक्री, ई-पेमेंट प्रक्रिया, सबमिशन और अन्य डिटेल्स महाराष्ट्र सरकार के https://mahatenders.gov.in इस ई-टेंडर पोर्टल पर ३०/०१/२०२६ को १६.०० बजे से २३/०२/२०२६ को १६.०० बजे तक उपलब्ध हैं।
कार्यकारी निदेशक (खरीद)
महा-मेट्रो, PMRP
Pune Metro : City's Transport Solution

समाहरणालय, सीतामढ़ी
(मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम)
-: वाहन नीलामी हेतु अति अल्प कालीन आम सूचना :-
(प्रेस विज्ञप्ति)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में पूर्ण शराबबंदी के उपरान्त शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन को समाहर्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, सीतामढ़ी के द्वारा बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 में विहित प्रावधानों के अधीन राज्यसात् आदेश पारित किया गया है, जिनका सार्वजनिक नीलामी द्वारा बिक्री किया जाना राज्यहित में आवश्यक है। तद्-आलोक में निम्नलिखित वाहनों की नीलामी "**जैसा है उसी स्वरूप में**" के आधार पर अधोहस्ताक्षरी/प्राधिकृत पदाधिकारी के द्वारा **दिनांक-18.02.2026** को **11:00** बजे पूर्वाह्न से **समाहरणालय परिसर, परिचर्चा भवन, डुमरा** में की जायेगी। उक्त तिथि को नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहनों की नीलामी आवश्यकतानुसार **दिनांक-25.02.2026** को **11:00** बजे पूर्वाह्न एवं द्वितीय नीलामी के उपरान्त शेष बचे वाहनों की नीलामी **दिनांक-28.02.2026** को 11:00 बजे पूर्वाह्न से सम्पन्न किया जायेगा।

वाहन नीलामी की तिथि	आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि	आवेदन प्राप्त करने का स्थान
नीलामी की पहली तिथि:- 18.02.2026	16.02.2026 (समय-5 बजे अपराह्न तक)	कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, सीतामढ़ी।
शेष बचे वाहनों की नीलामी की दूसरी तिथि:- 25.02.2026	23.03.2026 (समय-5 बजे अपराह्न तक)	
शेष बचे वाहनों की नीलामी की तीसरी तिथि:- 28.02.2026	26.03.2026 (समय-5 बजे अपराह्न तक)	

(नीलामी हेतु सामान्य वाहनों का विवरण)

क्र. सं.	वाहन निबंधन संख्या	चेचिस सं0	ईंजन सं0	थाना काण्ड संख्या/वाद संख्या	पुलिस थाना/मद्यनिषेध विभाग का प्रस्ताव	अधिहरण वाद संख्या	वाहन का प्रकार	मॉडल वर्ष	वाहन का निर्धारित न्यूनतम मूल्य (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में) 25% लगभग	वाहन मालिक का नाम एवं पता
01	02	03	04	05	06	07	08	09	10	11	12
01	DL5CE-3100	MA1YA2KINA2H58104	KJA4H32707	316/2023	SONBARSA	40/2024	MAHINDRA XYLO	2010	162000	40500	RAJ KUMAR BAID A-73, C/O NIRAJ PLASTIC, IND. JHILMIL INDST. AREA, G.T. ROAD, DLEHI, -110095
02	DL5SBY-4559	MD2A11CZ6EWL12792	DHZWEL07088	268/2023	SONBARSA	349/2023	MOTORCYCLE	2014	18630	4658	NISHANT KUMAR SINGH HOUSE-16/566 BLOCK-H HARDHYAN SINGH, ROAD BAPA NAGAR NEAR VISHNU MANDIR, , Central-110005
03	DL2CAG-6704	MA3EED81500515766	F10DN4339726	354/23	BATHNAHA	415/2023	MARUTI WAGNOR	2007	56700	14175	BALRAM KUMAR C2/8 DOUBLE STOREY, MALKA GANJ, DELHI, -110000
04	DL8CK-7716	MA3EED81500453957	F10DN4277648	421/23	BATHNAHA	418/2023	MARUTI WAGNOR	2006	56700	14175	NARESH KUMAR SE-51 SINGAL PUR VILLAGE, SHALIMAR BAGH, , North West-110088
05	DL4CNB-8716	MA1TA2MXND2A19049	MXD4A13532	118/24	EXCISE PUPRI	96/2024	SCORPIO	2013	239400	59850	RAKESH BHAGAT C-392, NEW USMAN PUR, NEW USMAN PUR, North East-110053
06	DL13C-3218	MA3FSEB1S00307277	D13A1488565	1313/23	EXCISE SITAMARHI	557/2023	MARUTI SWIFT DZIRE	2010	103500	25875	SONU KUMAR H NO.1-A STREET NO. 7 EAST LAXMI, MARKET NEAR SAI MANDIR, SHAKARPUR, East-110092
07	DL5SAA-4997 UP55E-5962	MD2DHDHZZSCB50178/ MD2DHDHZZSCB51646	DHGBSB46555	15/24	MAJORGANJ	218/2024	BAJAJ PULSOR		3500	1750 (SCRAP)	
08	DL3CAJ-1402	MALAB51HR4M491195	G4HD4D72747	171/24	MAJORGANJ	240/2024	CENTRO CAR		24300	12150 (SCRAP)	
09	DL3CAP-9107	MALAA51HR7M233179L	G4HG7M308273	230/24	RIGA	208/2024	HUNDAI CENTRO CAR		26100	13050 (SCRAP)	
10	DL5CD-1725	MA3EED81500419043	4242897	291/23	PUNAURA	104/2024	WAGNOR CAR		27000	13500 (SCRAP)	
11	DL8CN-0523	MALAB51HR5M606056	G4HD5M506870	504/24	SITAMARHI EXCISE	190/2024	CAR		27000	13500 (SCRAP)	
12	DL9CP-9439	MA3EED81500467586	F10DN4291448	69/24	EXCISE PUPRI	82/2024	CAR		26100	13050 (SCRAP)	
13	DL4CNE-7332	MBJB29BT700003887	2NRV004856	1343/23	SITAMARHI EXCISE	577/2023	CAR		28800	14400 (SCRAP)	
15	DL13CA-2964	अस्पष्ट	अस्पष्ट	473/24	EXCISE SITAMARHI	183/2024	CAR		34200	17100 (SCRAP)	
16	DL3CAS-1289	MA1TB2BSL62H83080	8564H53953	1141/23	SITAMARHI EXCISE	489/2023	SCORPIO		58500	29250 (SCRAP)	
17	DL4CND-9690	MALEU41DR9M002306	G4KE9A078771	515/24	SITAMARHI EXCISE	191/2024	CAR		47700	23850 (SCRAP)	
18	DL4CR-6303	MA1TA2BDC42F71150	8D44F448252	265/24	SITAMARHI	162/2024	SCORPIO		58500	29250 (SCRAP)	
19	DL3CAS-2082	MA1TB2BSL72G88259	8574G43269	467/24	SITAMARHI	259/2024	SCORPIO		58500	29250 (SCRAP)	

नीलामी की विस्तृत घोषणा-पत्र/प्रपत्र की जानकारी जिला के वेबसाईट sitamarhi.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। कार्यदिवस में वाहन के अवलोकन के संबंध में अथवा नीलामी से संबंधित अन्य जानकारी हेतु **निरीक्षक मद्यनिषेध**, सदर अनुमण्डल, सीतामढ़ी (**मो0 नं0-9473400672**) से सम्पर्क किया जा सकता है।
विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
समाहर्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, सीतामढ़ी
PR. No. 022930 (Excise) 2025-26
सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक शख्स जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **निवासीः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 35-40 वर्ष, **ऊंचाईः** 5 फुट 7 इंच, **रंगः** गेहुंआ, **शरीरः** मध्यम, **पहनावाः** हल्के नीले रंग की टी-शर्ट, सफेद बनियान और बैंगनी रंग की कैप्री पैंट और नंगे पैर है, **बरामदगी का स्थानः** आज़ादपुर फ्लाईओवर के नीचे, आज़ादपुर गांव के पास, किलोमीटर पोल संख्या 7/38, 7/34, डाउन मेन लाइन पर ट्रेन दुर्घटना के कारण क्षत-विक्षत और कुचली हुई अवस्था में मिला। इस संबंध में **डीडी संख्या 46ए** दिनांक **28.01.2026** के तहत थाना सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज की गई है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-
थानाध्यक्ष - थाना सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन, दिल्ली,
दूरभाष नंबर: 87508871303, 9871108109, 7678485707
DP/1261/Rly/2026

गुमशुदा की तलाश



मुस्तकीम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष नाम **मुस्तकीम**, निवासी- मकान नंबर 4070, गली नंबर 16, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली 110031। उक्त पुरुष अपने घर से गुमशुदा है। इस संबंध में **डीडी संख्या 0098ए दिनांक 28.01.2026 पुलिस थाना गांधी नगर, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा पुरुष की तलाश करने की कोशिश की गयी लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा पुरुष का विवरण इस प्रकार है
नामः मुस्तकीम, **लिंगः** पुरुष, **उम्रः** 30 वर्ष, **ऊँचाईः** 5'7" ft, **रंगः** गेहुँआ, **पहनावाः** नीले रंग की जींस और नीला जेकेट और नीले जूते। यदि किसी के पास इस गुमशुदा पुरुष के संबंध में कोई जानकारी है, तो कृपया थाना प्रभारी/ गांधी नगर, दिल्ली को सूचित करें।
ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोनः 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
थाना प्रभारी
थाना, गांधी नगर, दिल्ली
DP/1279/SHD/2026 फोन नं. 8595895116, 9990113175

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

मो0 गुलाम सरवर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **मो0 गुलाम सरवर पुत्रः** मो0 सुल्तान **निवासीः** म.नं. 18/210, G2 ब्लॉक, तिरंगा चौक, संगम विहार, नई दिल्ली से दिनांक **12.01.2026** से अपहृत/ लापता है। इस बाबत **GD No. 84A** दिनांक **15.01.2026** थानाः **संगम विहार, नई दिल्ली** में दर्ज है। इस व्यक्ति का शारीरिक ब्यौरा निम्न प्रकार है।
उम्रः 38 वर्ष, **कदः** 5'10", **रंगः** गेहुँआ, **शरीरः** सामान्य, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** चोकलेटी रंग का कुर्ता एवं सफेद रंग का पाजामा और काले रंग की जैकेट पहनी हुई है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नही मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो **थानाः संगम विहार, नई दिल्ली,** को निम्नलिखित नं. व ई-मेलः **cic@cbi.gov.in** और वेबसाइटः **http://cbi.nic.in** पर सूचित करें।
फोन नं.: 011-24368638, 24368641 हस्ता/- थानाध्यक्ष
फैक्स नं.: 011-24368639 थानाः संगम विहार, नई दिल्ली
DP/760/SD/2026 फोनः 8750870833, 7065569303

गुमशुदा/अगवा की तलाश

मीनू

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है की एक महिला जिसका नाम मीनू पुत्री. गायेन्द्र पता ए-4, गली नं. 2, शक्ति विहार, रविदास मंदिर, मोहन गार्डन, नई दिल्ली है, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है उम्र: 33 साल, कद: 5'1", रंग: साफ, चेहरा: गोल, शरीर: मध्यम, जिसने गुलाबी रंग का सूट और सलवार और पैरों में जूती पहनी है। जो अपने घर से दिनांक 19.01.2026 को सुबह 10:00 बजे से लापता/अगवा है।
इस संदर्भ में **DD No. 68A** दिनांक **20.01.2026**, थाना मोहन गार्डन, नई दिल्ली में दर्ज किया गया है।
हर संभव कोशिश के बाद भी इस महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस महिला के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का प्रयास करें।
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं: 011-24368638, 24368641
थानाध्यक्ष
थाना मोहन गार्डन, नई दिल्ली
फोनः 8750871029, 8851199334
DP/1235/DW/2026 9899645248, 9268374588

बजट से व्यापारियों को 'राहत-सौगात' की उम्मीद

केंद्रीय बजट को लेकर बाजारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। छोटे कारोबारी से लेकर बड़े कारोबारी की निगाहें बजट पर टिकी हैं। इस बजट में कोई जीएसटी को लेकर आ रही दिक्कतों के दूर होने की उम्मीद लगा रहा है, तो कोई दिल्ली के बाजारों को रीडिवेलपमेंट के लिए अलग से बजट की डिमांड कर रहा है। साथ ही कई व्यापारी एमएसएमई सेक्टर में सस्ती ब्याज दरों पर लोन की उम्मीद इस बजट से लगा रहे हैं। आम बजट को लेकर दिल्ली के व्यापारियों के मन में क्या है, पेश है अभिषेक गौतम की रिपोर्ट :

MSME सेक्टर को मिले सस्ती ब्याज दरों पर लोन

यह बजट आत्मनिर्भर भारत पर केंद्रित हो। घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रोत्साहित करे। अमेरिकी टैरिफ और जियोपॉलिटिकल टकरावों से बने हालात के बीच लगभग 7 करोड़ यूनिट्स वाले MSME सेक्टर को सस्ती दरों पर लोन मिले। *- बृजेश गोयल, चेयरमैन, CTI*

पेट्रोल-डीजल को GST के अंतर्गत लाया जाए

पेट्रोल-डीजल को GST के अंतर्गत लाया जाए, जिससे इनकी कीमतों में पारदर्शिता आए। टोल टैक्स की दरों की समीक्षा कर उन्हें बेहतर किया जाए और पूरे देश में नैशनल टोल परमिट/वन-नेशन वन-टोल सिस्टम लागू किया जाए। *-राजेंद्र कपूर, अध्यक्ष, ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट असोसिएशन*

...ताकि छोटे व्यापारी बन सकें आत्मनिर्भर

उम्मीद है कि यह बजट छोटे-मध्यम व्यापारियों, MSME सेक्टर और पारंपरिक बाजारों को भी मजबूती देगा। हमारी मांग है कि MSME सेक्टर के लिए सस्ती दरों पर ऋण, क्रेडिट गारंटी योजनाओं का विस्तार और कार्यशील पूंजी की समस्या के समाधान के लिए विशेष प्रावधान हो।*- अभिषेक मनोडीवाला, चांदनी चौक*

बाजारों के विकास के लिए हो खास बजट

उम्मीद है कि केंद्र सरकार दिल्ली के बाजारों के रीडिवेलपमेंट के लिए विशेष बजट लाए। साथ ही तेजी से बढ़ रहे ज्वूलरी के रेट को कम करे, ताकि कारोबारी से लेकर आम लोगों को राहत मिल सके। इसके अलावा महंगी हो चुकी दवाओं की कीमतों में कमी की जाए। *- नितिन भाटिया, सरोजिनी नगर मार्केट*

होटल कारोबार के लिए वॉटर बॉडीज का गठन हो



होटल इंडस्ट्री को बजट से राहत मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। सरकार फ्यूशन कम करने और होटल कारोबार के लिए पानी की उपलब्धता के लिए वॉटर बॉडीज का गठन करे। इसके तहत बजट भी लाए, ताकि पानी रिचार्ज की सुविधा बढ़ सके। *-संदीप खंडेलवाल, होटल कारोबारी*

GST प्रणाली को आसान किया जाए

जीएसटी को आसान किया जाए। केंद्र सरकार को बेहतर नीतियां बनाकर ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्री को सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। *- विनय नारंग, अध्यक्ष, ऑटोमोटिव पार्ट्स मर्चेंट्स एसोसिएशन कश्मीरी गेट दिल्ली*

बुनियादी ढांचे के विकास के लिए हो प्रावधान



व्यापारी वर्ग को उम्मीद है कि बजट में जीएसटी प्रणाली को सरल किया जाएगा। ब्याज दरों में राहत दी जाए। इसके साथ ही ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को जमीनी स्तर पर लागू करने, डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त प्रोत्साहन, और बाजारों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए विशेष प्रावधान किए जाएं। *- कुलदीप अरोड़ा, महासचिव, फेडरेशन ऑफ लाजपत नगर मार्केट असोसिएशन*

EU से अग्रीमेंट का फायदा जमीनी स्तर पर मिले

EU के साथ हुए भारत के अग्रीमेंट का फायदा जमीन पर सामान्य व्यापारियों तक पहुंचे। ऑनलाइन व्यापार से छोटे व्यापारियों का बाजार सिकुड़ता जा रहा है। जीएसटी को सरल बनाकर समस्याओं का निराकरण किया जाए। *-श्याम सुंदर सोनी, जनरल सेक्रेटरी, गांधी नगर मार्केट रेडीमेड गारमेंट मर्चेंट असोसिएशन*

मौसम विभाग ने दो दिन के लिए जारी किया येलो अलर्ट, दिल्ली में सुबह छाया रहेगा कोहरा

आज और कल हो सकती है बारिश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

Photos: Vivek Kumar

दिल्ली में आज और कल बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, दोनों दिन सुबह मध्यम से घना कोहरा रहने का अनुमान है। इसके लिए दो दिन का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

शनिवार को सुबह से तेज धूप खिली रही। अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.7 डिग्री कम रहा। हवा में नमी का स्तर 83 से 100 प्रतिशत रहा पूर्वानुमान के अनुसार, 31 जनवरी को आंधी और बारिश का अनुमान है। सुबह मध्यम से घना कोहरा रहेगा। शाम के समय आंधी, तेज हवा और बिजली के साथ हल्की बारिश हो सकती है। हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। इसके बाद 1 फरवरी को भी मध्यम से घना कोहरा रहेगा। शाम के समय आंधी के साथ हल्की बारिश होगी। अधिकतम तापमान 18 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक रह सकता है। इसके बाद बारिश हल्की हो जाएगी। 2 से 5 फरवरी तक दिन के समय ठंडक बरकरार रहेगी। बारिश नहीं होगी, लेकिन बर्फीली हवाएं चलेंगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री तक रह सकता है।

स्काईमेट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में 31 जनवरी को आधी रात के बाद हल्की बारिश शुरू होने की संभावना है। वहीं, रविवार को रुक-रुक कर और ज्यादा बारिश हो सकती है। अब आने वाले वीकेंड पर बारिश के साथ रात के तापमान में फिर से बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

इस वजह से होगी बारिश की वापसी: शुक्रवार देर रात पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो गया है। इसके साथ ही पश्चिमी राजस्थान और उत्तरी पंजाब के ऊपर एक चक्रवाती सिस्टम बनने की संभावना है। इसके चलते दिल्ली, पूर्वोत्तर राजस्थान और दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर कन्वर्जेंस जोन बन गया है। इसलिए अगले 2 से 3 दिनों तक बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस से पहले ऊंचे स्तर के बादलों की एक परत दिल्ली और आसपास के इलाकों में छाई रहेगी। शनिवार शाम के बाद बादल और अधिक घने और नीचे आ जाएंगे। इसके बाद आधी रात या तड़के हल्की बारिश शुरू हो सकती है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

क्या है कन्वर्जेंस जोन?

कन्वर्जेंस जोन वह क्षेत्र होता है जहां अलग-अलग दिशाओं से आने वाली हवाएं आपस में मिलती हैं। जब चारों तरफ से हवाएं किसी एक ही जगह की ओर बहती हैं, तो वहां हवा ऊपर की ओर उठने लगती है। ऊपर उठती हवा ठंडी होकर बादल बनाती है और इसी वजह से उस इलाके में बारिश, गरज-चमक या तूफान होने की संभावना बढ़ जाती है।

बेहद खराब स्तर पर रहेगा प्रदूषण



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: प्रदूषण शुक्रवार को खराब स्तर पर रहा। अगले तीन दिनों तक यह बेहद खराब स्तर पर ही रह सकता है। ऐसे में एजेंसियां लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रही हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के एक बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 253 रहा। मुख्य प्रदूषक पीएम 2.5 रहा। फरीदाबाद का एक्यूआई 144, गाजियाबाद का 303, ग्रेटर नोएडा का 248, गुरुग्राम का 268 और नोएडा का 257 रहा। राजधानी में चार जगहों पर प्रदूषण का स्तर 300 से अधिक रहा। इनमें डीटीयू का 310, जहांगीरपुरी का 301, नेहरू नगर का 311 और वजीरपुर का 318 रहा। 11 जगहों पर एक्यूआई 201 से कम रहा और अन्य जगहों पर यह खराब स्तर पर रहा।

बीते साल से अधिक प्रदूषित रही जनवरी

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: यह जनवरी पिछले साल से अधिक प्रदूषित रही है। एक्यूआई के साथ पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर भी बीते साल से अधिक रहा है। 2025 में जनवरी में एक भी दिन गंभीर स्तर का प्रदूषण नहीं रहा था। इस साल दो दिन प्रदूषण गंभीर स्थिति में रहा। वहीं, 2025 में 13 दिन प्रदूषण खराब स्थिति में, दो दिन सामान्य स्थिति में रहा था। इस साल यह 12 दिन खराब और 2 दिन सामान्य स्थिति में रहा। आकलन के अनुसार, 2025 में 1 से 30 जनवरी का औसत एक्यूआई 304.9 रहा था। वहीं 2026 में यह बढ़कर 307 रहा।





भारत पर्व में खराब इंतजाम से लोग परेशान

■ राम त्रिपाठी, लाल किला

ठंडी हवा के थपेड़ों के बीच हल्की खिली धूप के मौसम में गुरुवार को भारत पर्व उत्सव में थोड़ी चहल-पहल देखने को तो मिली, लेकिन ज्यादातर लोग उत्साहित नहीं दिखे। कुछ लोगों ने अव्यवस्था को लेकर शिकायतें कीं। दरअसल लाल किला में 27 तारीख से शुरू हुए भारत पर्व उत्सव के पहले ही दिन आई बारिश से कई जगह उबड़ खाबड़ हो गए रास्तों को अभी तक पूरी तरह ठीक नहीं किया गया है। कुछ जगहों पर बारिश का पानी गुरुवार को भी भरा हुआ था। लाल किला के दिल्ली गेट की तरफ 4 लेन में लगी विभिन्न राज्यों की झांकियों के दो रास्तों पर से कारपेट हटा लिए गए हैं। बाकी रास्तों पर गिली मिट्टी में बिछे कारपेट रौनक को प्रभावित कर रहे हैं।

रास्तों पर अभी भी जमा है बारिश का पानी

आयोजन स्थल में लोगों के चलने के लिए बनाए गए रास्तों पर बेफिक्र होकर चलना मुश्किल हो गया है। एंट्री गेट के बाईं तरफ बने 60 फूड कोर्ट के ज्यादातर स्टॉलों में समोसे, छोले भटूरे, बर्गर आदि तो मिलेंगे लेकिन नाम मात्र के काउंटरों पर ही राज्यों के गिने चुने लोकप्रिय व्यंजन दिखाई देते हैं। लोगों का कहना है कि यहां कई बार लोगों का भीड़ अधिक होने पर उससे निपटने के इंतजाम आयोजकों ने नहीं किए हैं।

कुछ ऐसा खास नहीं है जिसे लोगों को या अपने दोस्तों को जाकर बताएं कि यहां आने पर हमें यह नई चीज, जानकारी मिली।
-रंजन, नांगलोई

यहां आने वालों के लिए कोई खास इंतजाम नहीं है। थोड़ी सी भीड़ से निपटने की कोई व्यवस्था नहीं है। बेवजह धक्का मुक्की हो रही है।
-साक्षी, गाजियाबाद

हमारे दूर दराज के गांव देहात में ऐसा नजारा देखने को नहीं मिलता है। फोटो में झांकियां देखते हैं। यहां देखकर अच्छा लग रहा है।
-राज मंगल कुमार, बलिया, यूपी

आज से सूरजकुंड में हुनर का मेला

■ NBT न्यूज, फरीदाबाद

आज यानी शनिवार से अरावली की वादियों में शॉपिंग संग एंटरटेनमेंट का मजा लेने को तैयार हो जाइए। देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सुबह 11 बजे इसका उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर केंद्र व हरियाणा सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री, जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे। हालांकि मेले की शुरुआत सुबह 10 बजे से हो जाएगी, लेकिन औपचारिक उद्घाटन 11 बजे होगा।

रोजाना मेला सुबह 10 से शाम 10 बजे तक चलेगा। इस बार मेघालय व उत्तर प्रदेश को थीम स्टेट बनाया गया है। 45 देशों के प्रतिभागी यहां हिस्सा ले रहे हैं। इस बार मेले में इजिप्ट को पार्टनर कंट्री बनाया गया है। नॉर्थ ईस्ट राज्यों को कल्चरल पार्टनर बनाया गया है। मेले में 1200 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। शुक्रवार शाम से ही सभी शिल्पी व कलाकारों ने अपने सामान को स्टॉल पर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। मेले को लोकल टु ग्लोबल-आत्मनिर्भर भारत की पहचान का नारा दिया गया है। शनिवार को मेले के शुभारंभ के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, आदि मौजूद रहेंगे।

यमुना में फिर तैरेंगी देसी मछलियां!

NGT ने CPCB को दिए निर्देश, दिल्ली से मथुरा तक यमुना में है सबसे कम मछलियां

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

यमुना में देसी मछलियों की संख्या बढ़ाने की दिशा में काम होगा। सीपीसीबी को यह निर्देश एनजीटी ने जारी किए हैं। प्रदूषण की वजह से देसी मछलियों की संख्या यमुना में कम हो रही है। इसी पर संज्ञान लेते हुए एनजीटी ने यह आदेश जारी किए हैं। यमुना में सबसे कम देसी मछलियां दिल्ली से मथुरा के बीच हैं।

एनजीटी की प्रिंसिपल बेंच के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और एक्सपर्ट मेंबर डॉ ए सेनथिल वेल ने आदेश जारी करते हुए कहा कि नदी में देसी मछलियों की संख्या बढ़ाने और विदेशी प्रजातियों को नियंत्रित करने के लिए काम किया जाए। 2020-2024 के दौरान आईसीएआर-सीआईएफआरआई ने सर्वे में यमुना में 126 प्रजातियों की मछलियां पाईं। रिपोर्ट में कहा गया कि देसी मछलियों जैसे कतला, रोहू, महासीर और ईल की संख्या कम हो रही है। वहीं, खास तौर पर प्रदूषित हिस्से में विदेशी प्रजातियों जैसे कॉमन कार्प, नाइल टिलापिया और थाई मंगुर की संख्या बढ़ी है। एनजीटी ने कहा कि प्रदूषण, बांध का निर्माण, आवासीय बदलाव और अत्यधिक मछली पकड़ने के साथ जलवायु परिवर्तन भी इसकी वजह है।

प्रदूषण की वजह से कम हो रही है मछलियां

रिपोर्ट में यमुनोत्री से प्रयागराज नदी में मछलियों की प्रजातियों का सर्वे किया गया। इसमें कुल 126 प्रजातियां मिलीं। रिपोर्ट में सबसे कम मछलियां दिल्ली से मथुरा के बीच पाई गईं। इस हिस्से में भी वजीराबाद से ओखला के बीच सबसे कम मछलियों की प्रजातियां मिलीं। यहां सिर्फ मंगुर मछली ही पाई गई। यह हिस्सा यमुना का सबसे प्रदूषित है। रिपोर्ट में कहा गया कि विदेशी मछलियां पर्यावरण के हिसाब से खुद को ढाल लेती हैं और कई प्रकार के खाने पर जीवित रह सकती हैं। मांगुर मछली काफी कम ऑक्सीजन में भी जिंदा रह सकती है।

यह निर्देश जारी किए

- उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और UP ICAR-CIFRI की सिफारिशों को लागू करें
- CPCB, NMCG और DJB अपशिष्ट मानकों को लागू करें और मछलियों के लिए उपयुक्त मानकों वाला जल सुनिश्चित करें
- मछली पालन विभाग देसी मछलियों के बच्चे नदी में छोड़े, हैचरीज स्थापित करें

कहां मिली कितनी मछलियां	
बारकोट	13
यमुना नगर	102
वजीराबाद बैराज से पहले	79
आईटीओ	1
मथुरा	54
पचनदा	101
हमीरपुर	99
दिल्ला	99
प्रयागराज	99

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

ITO पर मछलियां कम क्यों?

ITO यमुना का सबसे प्रदूषित हिस्सा है। यहां पर पानी का बहाव और पानी में ऑक्सिजन का स्तर करीब-करीब शून्य ही है। विदेशी प्रजातियों की बात करें तो जुलाई 2006 में प्रयागराज में पहली बार नील तिलापिया मछलियां पाई गई थीं। शुरुआत में करीब 100 किलो मछलियां पकड़ी जाने लगी थीं। 2010 तक यह बढ़कर 36.3 टन और 2014 और 2015 में 1013 टन और 25.28 टन हो गई। इस दौरान नील तिलापिया दिल्ली और प्रयागराज में पाई जाने वाली मछली की मुख्य प्रजाति बन गई थी।

आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट तैयार करने की कवायद शुरू

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मार्च में पेश होने वाले दिल्ली सरकार के बजट से पहले दिल्ली के आर्थिक सर्वेक्षण (इकनॉमिक सर्वे) की रिपोर्ट भी जारी होगी। इसके लिए वित्त विभाग ने तैयारियां तेज करते हुए दिल्ली सरकार के सभी प्रमुख विभागों से विकास कार्यों, योजनाओं और उपलब्धियों समेत अन्य जरूरी सूचनाएं, जानकारियां और लेटेस्ट आंकड़े उपलब्ध कराने को कहा है। वित्त विभाग ने पत्र जारी कर सभी विभागों के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों से दिल्ली आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे दिल्ली की आर्थिक, सामाजिक और वित्तीय स्थिति से जुड़े लेटेस्ट आंकड़े, डिवेलपमेंट इंडिकेटर्स और उपलब्धियों से संबंधित जानकारी जल्द से जल्द वित्त विभाग की प्रशासनिक शाखा को सौंपें।

विज्ञापन संख्या 15/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
सैन्ट्रल कॉटेज इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सीसीआईसी)
में
प्रबंध निदेशक
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
17 फरवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 26 फरवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट https://pesb.gov.in में लॉग इन करें।

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
संदर्भ : 1. टेंडर नोटिस संख्या 48 / 2025-26 दिनांक 23.09.2025 . क्रम सं. 6
2. टेंडर संख्या . 08255011A. नियत तिथि 12.01.2026
नियत तिथि 12.01.2026 से बढ़ाकर 10.02.2026 कर दी गई है। आवश्यकताओं का विवरण जोड़ दिया गया है। और अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है। www.ireps.gov.in 340/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति:-	56-SRDEE-G-DLI-2025-26. दिल्ली डिवीजन में स्थापित डीजी सेटों पर रेट्रोफिट उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों (आरईसीडी) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना।
निविदा की अनुमानित लागत:-	रु० 29087919/-
कार्यालय का पता :-	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली
बयाना राशि:-	रु० 295400/-
निविदा निवेदन की दिनांक व समय :-	23.02.2026, 16.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय :-	23.02.2026, 16.00 बजे
वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:-	www.ireps.gov.in/वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली 351/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

	एन आई टी		CPM-DLI-NIT-25-2025-26/GSU
1.	काम का नाम (स्थान के साथ)	क्रमांक 25	एडीएसएल दिल्ली डिवीजन के अंतर्गत आदर्शनगर, बीडीसीके, एनएलके, जेएचआई, एसआरडब्ल्यू और पीडब्ल्यूएल, बीजीएम, एसबीएन और पीटीआरडी स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की छतह निर्माण और एफओबी के अंतिम चरण का कार्य। सामान कार्य की प्रकृति: रनिंग ट्रैक में गर्डर, प्लेट गर्डर, एफओबी आदि के निर्माण, आपूर्ति, असेंबली, स्थापना और लॉन्चिंग/रिकॉर्डिंग से संबंधित कार्य।
		25	Rs. 1,38,88,491.71
3.	अग्रिम राशि (रुपये)		(यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा) (नोट- रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/ सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा)।
		25	Rs. 2,19,500.00
		25	06 महीने
5.	निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय		23.02.2026 को 15:00 बजे तक तथा 23.02.2026 को 15:00 बजे निविदा खुलना है।
6.	वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान, निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है		यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

No.: CPM-DLI-NIT-25-2025-26/GSU Date: 30.01.2026 348/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
विकास पथ गाजियाबाद
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)
"सार्वजनिक सूचना"
एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजय सैनी व श्रीमति अलका सैनी द्वारा आवासीय भूखण्ड संख्या-एस०एच०-289, शास्त्रीनगर, गाजियाबाद पर भू-स्वामित्व अभिलेख प्रस्तुत करते हुए मिक्स उपयोग के अन्तर्गत भू-तल पर आवासीय एवं व्यवसायिक उपयोग हेतु भवन मानचित्र संख्या-GDA/BP/25-26/0746 स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन, 2025 के अध्याय-8 के प्रस्तर-8.1.3 में निहित प्राविधानों के अनुसार ऐसी क्रिया की अनुमति से पूर्व जन-सामान्य से एक माह हेतु आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान है। उक्त के दृष्टिगत प्रस्तुत मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व जन-सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते है यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर आपत्ति/सुझाव कार्यालय, मुख्य नगर नियोजक/स्वागत कक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जा सकेगा। नगर नियोजक
ई-मेल : helplinegda@gmail.com, : @Gda Ghaziabad : @gdagzb
हेल्पलाईन 0120-4418 384, व्हाट्सएप 9999988004 वेबसाईट: www.gdaghaziabad.in
एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प

गुमशुदा की तलाश

उर्मिला बाई

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम उर्मिला बाई पुत्री महावीर पता: मकान नंबर शाहदरा फ्लाईओवर के नीचे पिंक बूथ के पास शाहदरा दिल्ली, लिंग: महिला, उम्र: 16 वर्ष कद: 5', रंग: गोरा, चेहरा: अण्डाकार, शरीर: मध्यम पहनावा: काला रंग का सूट और सलवार और पैरों में नीले रंग की चप्पल पहन रखी है जो दिनांक 21.01.2026 से मकान नंबर शाहदरा फ्लाईओवर के नीचे पिंक बूथ के पास शाहदरा दिल्ली, थाना क्षेत्र शाहदरा दिल्ली, से लापता है।
इस बावत FIR No. 16/26 U/s 137(2) भारतीय न्याय संहिता-2023 दिनांक: 24.01.2026 थाना: शाहदरा दिल्ली, में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
DP/1312/SHD/2026
थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: शाहदरा दिल्ली
मो. नं. 9312014111

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 01-30-2026 22:16 Color:

संवाद

नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 31 जनवरी 2026

ख़त्म होगा संकोच

संवैधानिक अधिकार है मेंस्ट्रुअल हाइजीन

सुप्रीम कोर्ट ने मेंस्ट्रुअल हाइजीन को संविधान में दिए गए जीवन के अधिकार और निजता के अधिकार का अभिन्न हिस्सा माना है। अदालत के आदेश और टिप्पणियों से ही स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल कानूनी व्यवस्था से जुड़ा मामला नहीं, सामाजिक व्यवस्था में बदलाव की पहल है। शीर्ष अदालत ने इस असहज सच्चाई को स्वीकार किया है, जहां पीरियड्स पर सार्वजनिक बात करना आज भी वर्जित है।

आदेश मानना ही होगा । एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। हर स्कूल में लड़कियों के लिए अलग शौचालय होना चाहिए। सरकार और निजी - आदेश दोनों तरह के स्कूलों पर लागू होगा।



SC का फैसला

सख्ती जरूरी । इस फैसले की खास बात है कि इसमें निजी स्कूलों को जवाबदेही के दायरे में लाया गया है। अगर कोई प्राइवेट स्कूल आदेश का पालन नहीं करता, तो उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है। इतनी सख्ती इसलिए जरूरी है, क्योंकि अगर कोई संस्थान छात्राओं की बुनियादी मानवीय जरूरतें में लापरवाही बरत रहा है, तो यह उम्मीद भी धुंधली हो जाती है कि वह शिक्षा देने के अपने कर्तव्य का सही से पालन कर पाएगा।

समान अधिकार । पिछले साल नवंबर में हरियाणा की एक यूनिवर्सिटी में 3 महिला सफाई कर्मियों से पीरियड्स के सबूत के तौर पर सैनिटरी पैड्स की तस्वीरें मांगी गई थीं। वही से यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा और जरूरी है कि अब बहस केवल स्कूलों तक सीमित न रहे। पीरियड्स को लेकर असहजता महिलाओं की प्रगति में हर कदम आड़े आती है। कई बार इस वजह से उन्हें आगे बढ़ने के समान मौके भी नहीं मिल पाते। हालांकि कुछ राज्यों में मेंस्ट्रुअल लीव का प्रावधान है।

झिझक टूटेगी । मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, सहज जैविक प्रक्रिया है। इसके बावजूद इसे शर्म, संदेह और अपमान से जोड़ा जाता है। एक लड़की से उम्मीद की जाती है कि वह पीरियड्स के दर्द को बताए नहीं, सहन करे। ऐसी परंपराएं आज भी जीवित हैं, जहां मासिक धर्म से गुजर रही महिला को अलग-थलग रहना पड़ता है। सदियों से यह बात बैठा दी गई है कि उन्हें पीरियड्स पर बात नहीं करनी। सुप्रीम कोर्ट ने मेंस्ट्रुअल हाइजीन को संवैधानिक अधिकार बनाकर इसी संकोच को तोड़ने की कोशिश की है। जब छात्राएं स्कूलों में बिना झिझक के सैनिटरी नैपकिन मांग सकेंगी, तो परिवर्तन समाज में भी दिखेगा।

और सुनाओ

मासूम भेदभाव

माता-पिता और बच्चों का रिश्ता अटूट विश्वास पर टिका होता है। इसके बावजूद अपने ही बच्चों के बीच भेदभाव करना आम भारतीय परिवारों में एक कड़वी सच्चाई है। अमेरिका की एक मशहूर न्यूज वेबसाइट ने हाल में एक स्टडी के हवाले से इसका असर लिखा है। बताया गया है कि उपेक्षित बच्चों पर इसका बहुत बुरा असर होता है।

रमेश तिवारी

बच्चों के बीच पक्षपात कोई नई बात नहीं है। यह जटिल सामाजिक व्यवहार है अक्सर अनजाने में घर में घुस जाता है। इंसान स्वाभाविक रूप से उन लोगों की ओर आकर्षित होते हैं, जिनके विचार और आदतें उनके ही समान हों। जब किसी बच्चे का स्वभाव माता-पिता के स्वभाव से मेल खाता है, तो एक ट्यूनिंग बनती है। उदाहरण के तौर पर, यदि पिता शांत स्वभाव के हैं और उनका एक बच्चा भी वैसा ही है, तो वे अनजाने में उस बच्चे को अधिक करीब समझते हैं। दूसरी तरफ उछल कूद मचाने वाले बच्चे पर अपना कंट्रोल नहीं मानते। यह मामूली अंतर धीरे-धीरे भेदभाव का रूप ले लेता है।

जन्म का क्रम भी इस व्यवहार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पहला बच्चा अक्सर नया अनुभव बन जाता है, इसलिए उस पर अधिक ध्यान जाता है। सबसे छोटा बच्चा भी कई कारणों से अत्यधिक लाड़-प्यार पाता है। बीच का बच्चा अक्सर फंस जाता है। न तो उसे बड़े की तरह जिम्मेदारी मिलती है, न ही छोटे की तरह विशेषाधिकार। इस बीच की स्थिति उसे अनिश्चित और असुरक्षित महसूस कराती है। कभी-कभी माता-पिता अपनी अधूरी इच्छाओं को बच्चों के माध्यम से पूरा करना चाहते हैं। जो बच्चा उनके सपनों के सांचे में फिट बैठता है, वह उनका प्रिय बन जाता है। जो अलग राह चुनता है, उसे हाशिए पर धकेल दिया जाता है। कम प्यार मिलने वाला बच्चा जीवन- भर हीन भावना के साथ जीता है। उसे लगता है कि वह प्यार के लायक नहीं है। यह असुरक्षा उसके बड़े होने पर अन्य रिश्तों को भी प्रभावित करती है। दूसरी ओर, अत्यधिक पक्षपातपूर्ण प्यार मिलने वाला बच्चा अधिकार-बोध की भावना विकसित कर लेता है।

यह जरूरी है कि हर बच्चे को उसकी विशिष्टता के साथ स्वीकार किया जाए। परवरिश केवल खाना-कपड़ा जुटाने तक सीमित नहीं है। यह प्रत्येक बच्चे के मन में यह विश्वास जगाने की प्रक्रिया है कि उनका घर एक सुरक्षित जगह है, जहां कोई पक्षपात की दीवार नहीं है। जब माता-पिता अपने अनजाने पक्षपात को पहचानते हैं और उसे सुधारते हैं, तो परिवार फिर से एकजुट हो सकता है। प्रत्येक बच्चे को अलग-अलग समय देना होता है। नियमों को समान रूप से लागू करना अच्छा होता है। हर भावनात्मक अभिव्यक्ति को बिना तुलना के स्वीकार कर लेना चाहिए। ये छोटे-छोटे कदम बड़े बदलाव की नींव बनाते हैं।

ऑफ़ दि ट्रैक

कृत्रिम फेफड़ों ने बचाई जान

दिलीप लाल

गंभीर संक्रमण के हालात में लंग ट्रांसप्लांट चिकित्सा विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक माना जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों ने कृत्रिम फेफड़े के रूप में इसका समाधान खोज निकाला है। वर्ष 2023 में सेंट लूइस के 33 वर्षीय एक मरीज को पहले इन्फ्लूएंजा-B हुआ था। बाद में तेजी से Pseudomonas aeruginosa नामक एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया का संक्रमण फैलने लगा। फेफड़ों के ठीक होने की कोई उम्मीद नहीं थी। लेकिन डॉक्टरों की टीम ने मरीज के दोनों खराब फेफड़े निकाल दिए और बॉडी को विशेष रूप से विकसित कृत्रिम फेफड़ों से जोड़ दिया। यह सिस्टम हृदय के दाहिने हिस्से से रक्त लेकर उसमें ऑक्सिजन मिलाता है, कार्बन डाइऑक्साइड निकालता है और फिर रक्त को हृदय के बाएं हिस्से में भेज देता है। इससे दिल में रक्त प्रवाह बना रहा। यह प्रक्रिया पारंपरिक जीवन रक्षक प्रणाली ECMO से अलग है। इसके सहारे मरीज को 48 घंटे तक जीवित रखा गया। संक्रमित फेफड़े हटते ही संक्रमण तेजी से नियंत्रित हुआ और समय पर नया फेफड़ा प्रत्यारोपित कर दिया गया। दो साल बाद भी मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। Northwestern University Feinberg School of Medicine, Chicago का यह शोध हाल ही में Med पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

भारत-EU डील व्यापार से बढ़कर, दोनों को एक-दूसरे की ज़रूरत

ये क्यों है मदर ऑफ़ ऑल डील्स

यूरोपीय कमिशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इस सप्ताह ऐलान किया कि भारत और EU ने अब तक की सबसे बड़ी डील कर ली है। वह बिल्कुल सही हो सकती है। यह अब तक का सबसे बड़ा द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौता ही नहीं, अब तक का सबसे विस्तृत और सहयोगात्मक समझौता भी है।

एन. चंद्रशेखरन

समय महत्वपूर्ण । इस डील को आकार देने में भले बरसों लगे, लेकिन यह जिस समय पूरा हुआ है, उसका महत्व खास है। यह डील आधुनिक FTA के लिए आदर्श है, जो बताती है कि नियमों और मानकों में बेहतर तालमेल व एक-दूसरे की घरेलू प्राथमिकताओं का सम्मान किए बिना कोई भी व्यापार समझौता सार्थक नहीं हो सकता।

भारत में निर्माण । लागू होने के बाद यह समझौता करीब दो अरब लोगों को कवर करेगा। इसका इकॉनमिक साइज होगा 25 ट्रिलियन डॉलर यानी वैश्विक GDP का 25% और कुल वैश्विक व्यापार का एक तिहाई। इससे मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेज और रिसर्च व इनोवेशन में लाखों रोजगार पैदा होंगे। व्यापारिक बाधाएं कम होने से भारत को विकसित बाजार तक पहुंच मिलेगी। इससे यूरोप के टेक सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। इस समझौते के होते ही एक बड़ी यूरोपीय कंपनी के प्रमुख ने मुझसे कहा कि वह भारत में निर्माण के लिए तैयार है। यही भावना दूसरी कंपनियों की भी है।

उद्योग को बढ़ावा । भारत और यूरोप के बीच द्विपक्षीय व्यापार अभी 136 अरब डॉलर का है। 2032 तक यह व्यापार बढ़कर 250 अरब डॉलर हो सकता है। जब नए बाजार तक पहुंचने की सभी बाधाएं दूर होंगी, तो दोनों के छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय कंपोनेंट्स से टैरिफ कम होगा, तो यहां बने पार्ट्स यूरोपीय मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में इस्तेमाल हो सकेंगे। उदाहरण के लिए भारतीय प्लास्टिक, केमिकल्स, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल कंपोनेंट्स अब अडवांस्ड मशीनरी, वैक्टिफिक ऊर्जा और डिफेंस सप्लाई चेन का हिस्सा बन सकते हैं। इस समझौते में पश्चिमी यूरोप और भारत के बीच दुनिया का सबसे बड़ा इकॉनमिक कॉरिडोर बनाने की क्षमता है। मेरा व्यक्तिगत रूप से मानना है कि भारत में सैकड़ों नई फैक्ट्रियां स्थापित होंगी।

तुरंत फायदा । समझौते से होने वाला अरबों डॉलर का लाभ देश के उन उद्योगों तक पहुंचेगा, जहां सबसे ज्यादा लोगों को काम मिलता है, खासकर ग्रामीण इलाकों की छोटी फैक्ट्रियों में। इसमें टेक्सटाइल, रत्न-आभूषण, कपड़े, फुटवियर और समुद्री उत्पाद जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इससे भारतीय ग्राहकों को बाजार में और ज्यादा वैरायटी मिलेगी। कुल मिलाकर, आने वाले बरसों में ये सेक्टर एक से 1.2 करोड़ रोजगार पैदा कर सकते हैं। FTA से लगभग 75 अरब डॉलर के नए भारतीय उत्पादों के लिए रास्ता खुलेगा।

विशेषताओं का लाभ । तुरंत मिलने वाले फायदों के अलावा इस ऐतिहासिक समझौते के लंबे वक्त के फायदों को भी देखना चाहिए। दोनों पक्षों में तरक्की की साझा इच्छा है। दोनों ही साइंस, रिसर्च और डिफेंस में नजदीकी सहयोग चाहते हैं। यूरोप के पास चीजें बनाने का बरसों का अनुभव है, अब उसे कम लागत और गति चाहिए। दूसरी ओर, भारत की ताकत है बड़े पैमाने पर काम करना, टेक्निकल स्किल, समस्याएं हल करने की क्षमता और कम लागत में तेजी से चीजें बनाने का अनुभव।

रिसर्च को बढ़ावा । यह FTA बड़े बदलाव लाने वाला है, खासकर वैज्ञानिक रिसर्च और तकनीक में। भारत 'Horizon Europe' से जुड़ने पर विचार करेगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा रिसर्च प्रोग्राम है। इससे भारतीय रिसर्चर्स को यूरोपीय रिसर्चर्स के साथ बराबरी के स्तर पर काम करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा भारत और यूरोप AI, सेमीकंडक्टर, मटीरियल साइंस, क्लीन टेक्नॉलजी, हेल्थ और सैनिटेशन जैसे क्षेत्रों में भी मिलकर काम करेंगे। दोनों पक्षों के डिजिटल वॉलेट को जोड़ने की कोशिश होगी।

संसाधनों तक पहुंच । भारत के पास क्वांटिफाइड नहीं, संसाधनों की कमी रही है। जब भी हमें संसाधन मिले, हमने बड़े स्तर पर अच्छा करके दिखाया। कोरोना में हमने अडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में तेज तरक्की की। तय है कि भारत सेमीकंडक्टर, अडवांस्ड बैटरी और जरूरी हार्डवेयर के क्षेत्र में भी क्षमता विकसित कर लेगा।

कम होगा प्रदूषण । यह डील डिफेंस में भी दोनों को साथ लाती है। भारत के लोग यूरोप में काम कर सकेंगे, स्टूडेंट्स वहां पढ़ सकेंगे। वहीं, उम्रदराज होती आबादी वाले यूरोप को स्किल्ड युवा मिलेंगे। अपने उत्पादन और उपभोक्ता मानकों को बेहतर करने व कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हमें इतना बड़ा आर्थिक प्रोत्साहन कभी नहीं मिला था। भारत ग्लोबल वैल्यू चेन का अहम हिस्सा बन सकता है। देश में कामगार ज्यादा सुरक्षित और स्वस्थ होंगे, प्रदूषण पर लगाम लगेगी।

(लेखक टाटा संस के चेयरमैन हैं)

FTA से फायदा

- यूरोपीय कंपनियां भारत में निवेश बढ़ाएंगी
- ग्लोबल सप्लाई चेन का हिस्सा बनेगा भारत
- इसी बहाने प्रदूषण कम करने पर होगा काम

AI Image

क्यों घायल हुआ रुपया

इस साल डॉलर के मुकाबले रुपया 2% तक नीचे जा चुका है। भारतीय मुद्रा एक डॉलर की तुलना में 92 के करीब पहुंच गई है। इस गिरावट की वजह क्या है, अमेरिका किस तरह असर डाल रहा, समझते हैं :

5 पॉइंट

1 FII की निकासी
विदेशी संस्थागत निवेशक (FII) शेयर और बॉन्ड बेचकर भारत से लगातार अपनी रकम निकाल रहे हैं। इससे रुपये को डॉलर में बदलना पड़ रहा है। लिहाजा, रुपये के मुकाबले डॉलर मजबूत हो रहा है।

2 ब्याज का खेल
अमेरिका में ब्याज दरों में कमी की गुंजाइश फिलहाल नहीं दिख रही है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक अभी रेट घटाने के मूड में नहीं है, यानी अमेरिका ज्यादा ब्याज का लालच देकर ज्यादा निवेश आकर्षित कर रहा।

3 ट्रंप का टैरिफ
डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी से सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है। हिंदुस्तान से जाने वाले सामान पर 50% टैरिफ है अमेरिका में। इससे चिंता बढ़ी है कि निर्यात प्रभावित होगा और डॉलर कम आएगा।

4 कच्चे तेल में उबाल
US लगातार ईरान को धमकी दे रहा है। टकराव हुआ तो ग्लोबल ऑयल सप्लाई प्रभावित होगी। पिछले हफ्ते कच्चा तेल 4% महंगा हो गया। चूंकि भारत ज्यादातर तेल आयात करता है, इसलिए उस पर दबाव है।

5 RBI का दखल
रिजर्व बैंक रुपये की गिरावट को थामने की कोशिश में है। RBI डॉलर बेचकर रुपये को संभाल रहा है, लेकिन किसी तय लेवल को बचाने की गारंटी नहीं है। तेज गिरावट को थामना मकसद है।

प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र

www.nbt.in

कहीं सौ रुपये तो कहीं बीस डॉलर

हवाई अड्डों पर बहुत चलना पड़ता है। भारत में तो फिर भी ठीक, लेकिन विदेश में एक टर्मिनल से दूसरे पर जाने में आफत ही आ जाती है। इस बार बच्चों ने हमारे लिए हर जगह वील चेयर बुक करा दी थी। दिल्ली में जो लड़के हमें ले गए थे, वे उड़ान से पहले वहां छोड़ गए, जहां कुछ खा-पी सकते थे। आराम से बैठ सकते थे। जहाज के दरवाजे पर उतरकर उन्हें सौ-सौ रुपये दिए। ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड से दूसरी उड़ान थी, जिनेवा के लिए। जिनेवा में कुछ दिन रुककर, हमें अमेरिका जाना था। चलते हुए बेटे ने कहा था कि वहां वील चेयर वालों को बीस-बीस डॉलर दे दें। पूछने पर बोला, 'वहां वे लोग इसकी उम्मीद करते हैं। वे बहुत कम पैसे में काम करते हैं।'

जिनेवा में वील चेयर वाले ने हमसे पूछा कि क्या हम भारत से हैं? फिर बताया कि उसके माता-पिता अक्सर भारत जाते रहते थे। 'क्यों' पूछने पर कहा, 'स्पिरिचुअल कारणों से।' यहां उसने पैसे लेने से भी इनकार कर दिया। खैर, अमेरिका में पहले वॉशिंगटन पहुंचे, वहां से हमें न्यू यार्क स्टेट के शहर इथका जाना था। दूसरे टर्मिनल से ही उड़ान थी। लेकिन यहां वील चेयर वाले आ गए। एक गोरा, एक अश्वेत। गोरे व्यक्ति ने कहा कि आपको बहुत दूर ले जाना है। मैंने कहा, कोई बात नहीं मैं आपको कुछ पैसे दे दूंगी। वह सुनते ही उसके चेहरे से चिढ़ और तनाव का भाव गायब हो गया। उसने कहा, अगर हमें कॉफी पीनी हो या बाथरूम जाना हो तो वे रुक सकते हैं। पहुंचकर जब दोनों को बीस-बीस डॉलर दिए, तो वे खुश हो गए। तीन हफ्ते बाद हमने न्यू यॉर्क से जिनेवा के लिए ही उड़ान ली।

खुद अपनी आंख से

क्षमा शर्मा

लौटकर जब दिल्ली के टर्मिनल तीन पर उतरे तो एक लड़का वील चेयर लेकर खड़ा था। उससे पूछा, 'दूसरा साथी कहां है? हम तो दो हैं'। वह बोला, 'मैं अकेला ही हूं, लेकिन आपको ले चलूंगा।' मैंने पति की ओर इशारा करते हुए कहा, 'कोई बात नहीं, तुम इन्हें ले चलो, मैं पैदल ही चलूंगी', लेकिन उसने मुझे जबर्दस्ती बिठाया। कहा- आंटी जी आपको कोई दिक्कत नहीं होगी। वह अकेला लड़का दो वील चेयर खींच रहा था। उससे पूछा कि इतनी रात में काम करते दिक्कत नहीं होती? वह बोला, 'क्या करें, एअरलाइन ऐसे ही ड्यूटी लगाती है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रात में ही आती हैं।' तो क्या वह एअरलाइन का कर्मचारी है? वह बोला- नहीं। हमें तो ठेकेदार रखवाता है।

एक अजीब सा दुःख घेरने लगा। जब वह नौजवान उम्रदराज हो जाएगा, तब क्या करेगा? इनके लिए तो किसी के पास कोई सामाजिक सुरक्षा तक नहीं। बाहर आकर एक हजार रुपये दिए। लगा कि अमेरिका के मुकाबले कितने कम दिए हैं। मगर वह कहने लगा, 'ये तो बहुत ज्यादा हैं।' धीरे से इतना ही कह पाई, 'रख लो।' उसने अपनत्व भरी मुस्कान बिखेरी और पैसे जेब में रख लिए।

चलते-चलते...

ब्राजील के दक्षिणी तट पर 5,000 वर्ष पुराने ह्वेल की हड्डी के अवशेष मिले हैं। Nature Communications में प्रकाशित इस अध्ययन से खुलासा हुआ है कि वहां के आदिवासी इसका शिकार करते थे। शोध से यह भी संकेत मिला है कि इस क्षेत्र से विलुप्त हंपबैक ह्वेल फिर से यहां अस्तित्व में आ सकती है।

शास्त्रीय संगीत की शुद्धता से खिलवाड़ न हो

*उनकी उम्र 83 पार है लेकिन दिल्ली की ठंड में पिछले दिनों स्वामी हरिदास तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव का संयोजन करते हुए उनकी सक्रियता देखते ही बन रही थी। पद्मभूषण, संगीत नाटक अकादमी अवार्ड और कालिदास सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ कथक नृत्यांगना उमा शर्मा पिछले दो दशकों से अधिक समय से इसका आयोजन करती आई हैं, जिसमें दिग्गज कलाकार शिरकत करते हैं। रास और हिंदी-उर्दू की काव्य- रचनाओं पर अभिनय से वह कथक को नया विस्तार देती हैं लेकिन उमा शर्मा कथक के बदलते स्वरूप से खुश नहीं हैं। **आलोक पराड़कर** से बातचीत में उनकी यह नाराजगी स्पष्ट झलकती है, प्रमुख अंश:*

सप्ताह का इंटरव्यू

उमा शर्मा

■ एक नृत्यांगना के साथ ही स्वामी हरिदास-तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव जैसे बड़े संगीत समारोह के संयोजक के तौर पर आप हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की लंबी यात्रा की साक्षी है। शास्त्रीय संगीत में क्या परिवर्तन देखती है?

मुझे नहीं लगता कि हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में परिवर्तन की बहुत जरूरत है। वास्तव में यह संभाल कर रखने की चीज है। इसके रागों, बंदिशों को विरासत की तरह बचाए रखने की जरूरत है। इसकी शुद्धता, इसकी पवित्रता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। महोत्सव में नई पीढ़ी के कलाकारों के कार्यक्रम भी होते हैं, मैं उन्हें प्रोत्साहित करती हूं लेकिन मेरी उनको हमेशा यही सलाह होती है कि आप अपने घरानों में, ख़ान-सहन में, विचारों में चाहे जितने आधुनिक हो जाएं लेकिन संगीत में उसके स्वरूप से कोई खिलवाड़ न हो।

■ लेकिन कथक में तो लगातार प्रयोग हो रहे हैं, आप उन्हें देखती भी होगी?

अरे पूछिए मत। मैं बहुत निराश हो जाती हूं। आजकल की नृत्यांगनाएं पता नहीं क्या-क्या कर रही हैं। पंडित बिरजू महाराज से मेरी बहुत बातें होती थीं। वे भी मानते थे कि नए कलाकार कथक को बहुत आधुनिक बना रहे हैं, तरह-तरह के प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे प्रयोगों से बात नहीं बनती है। कथक अब वह नहीं है, जो पहले था। मैं जब भी प्रस्तुति करती हूं या सिखाती हूं, मैं इसकी शुद्धता को बनाए रखने का प्रयास करती हूं।

■ स्वामी हरिदास-तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव ने तो कई दशक की यात्रा पूरी कर ली है?

करीब 35 साल पहले वृंदावन में गोपाल गोस्वामी जी ने इसकी शुरुआत की थी, निधि वन में। फिर वहां से थोड़ा बाहर निकलकर इसका आयोजन हुआ लेकिन गोस्वामी जी की तबीयत खराब होने से इसका आयोजन बंद हो गया। मुझे इसकी जानकारी हुई तो हमने दिल्ली में इसका आयोजन शुरू करने पर विचार किया। श्रीराम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स के प्रबंध न्यासी विनय भरत राम और उद्यमी एवं समाजसेवी शिव नाडर जुड़े, हमें मार्डन स्कूल का सभागार मिल गया और शुरुआत हो गई।

■ दिल्ली में इसके आयोजन को कितने वर्ष हो चुके है, इसे दूसरे संगीत समारोहों से किस प्रकार भिन्न माना जा सकता है?

महोत्सव का यह 27 वां वर्ष था। मेरा प्रयास रहता है कि संगीत के जो भी दिग्गज कलाकार हैं, वे इसमें भाग लें और युवा पीढ़ी उन्हें सुनें। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के सभी प्रसिद्ध कलाकार इसमें भाग ले चुके हैं, मैं किन-किन का नाम लूं। जैसे ही समारोह समाप्त होता है, हम अगले साल उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उनसे बातचीत शुरू कर देते हैं। शुरू के वर्षों में बहुत कम श्रोता होते थे। मुझे याद है कि तब प्रसिद्ध सितार वादक पंडित रविशंकर ने मुझसे कहा था कि देखना एक समय आएगा जब कई हजार श्रोता इसे देखने-सुनने आएंगे। उनकी बात सच साबित हुई है। अब सभागार खचाखच भरा होता है। श्रोताओं में ज्यादातर युवा होते हैं।

> कथक में लगातार प्रयोग से मुझे काफी निराशा होती है। पंडित बिरजू महाराज से मेरी बहुत बातें होती थीं, निधन के कुछ समय पहले तक मेरी बातें होती रहीं। वे भी मानते थे कि नए कलाकार कथक को बहुत आधुनिक बना रहे हैं, तरह-तरह के प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे प्रयोगों से बात नहीं बनती है। कथक अब वह नहीं है, जो पहले था।

■ आप आज भी नृत्य प्रदर्शन करती है। कथक से जुड़ी दूसरी क्या गतिविधियां रहती है?

मैंने लखनऊ घराने के पंडित शंभू महाराज के साथ ही जयपुर घराने के पंडित सुंदर प्रसाद जी से कथक की तालीम ली है। मैं कथक की इस विरासत को आगे की पीढ़ी को उसी शुद्धता के साथ सौंपना चाहती हूं। अपने नृत्य विद्यालय में आज भी प्रशिक्षण देती हूं। कुछ दूसरे प्रशिक्षक भी होते हैं। कथक की जो प्राचीन परंपरा है, उसी के अनुसार नई पीढ़ी को नोस प्रशिक्षण देने का मेरा प्रयास है।

■ आपने कथक को विस्तार दिया है, रास हो या फिर भक्ति काल से लेकर आधुनिक कवि, आप कथक में उनकी रचनाओं पर नृत्य प्रदर्शन करती रही है?

सूरदास, तुलसीदास, केशवदास सहित कई कवियों की रचनाओं को मैंने कथक में प्रस्तुत किया है। प्रसिद्ध शायर मिर्जा गालिब की गजलों पर नृत्य किया है। हरिवंश राय बच्चन जी की 'मधुशाला', गोपाल दास नीरज के 'कारवां गुजर गया..' को उन कवियों के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर मिला। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं को भी कथक में प्रस्तुत किया है।

रीडर्स मेल

▸ नियमों पर रोक महत्त्वपूर्ण

30 जनवरी का संपादकीय 'सुधार का मौका' पढ़ा। पिछले कई दिनों से UGC के नए नियमों को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे थे। नियमों में यह प्रावधान कि यदि कोई शिकायत झूठी पाई जाती है तो शिकायतकर्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी, विवाद का बड़ा कारण बन गया। इससे यह डर पैदा हुआ कि नियमों का दुरुपयोग हो सकता है और जानबूझकर छात्रों या शिक्षकों को निशाना बनाया जा सकता है। इससे भेदभाव कम होने के बजाय और बढ़ सकता था। सुप्रीम कोर्ट का इन नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगाने का फैसला महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह निर्णय न केवल सामान्य वर्ग की चिंताओं को अस्थायी राहत देता है, बल्कि सरकार को भी यह सोचने पर मजबूर करता है कि ऐसे नियम समाज में आपसी मनमुटाव बढ़ा सकते हैं और भ्रम पैदा कर सकते हैं।

बाल गोविंद, नोएडा

▸ भोजपुरी को मान्यता

आज विश्वभर में भाषाएं संकट के दौर से गुजर रही हैं। यूनेस्को के अनुसार, हर दो हफ्ते में एक भाषा लुप्त हो जाती है। ऐसे में भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता देना समय की मांग है। डतर भारत के बड़े हिस्से के साथ-साथ मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम और कैरेबियन देशों में भी यह बोली जाती है। इतने व्यापक भाषिक समुदाय के बावजूद संविधान की आठवीं अनुसूची से बाहर रहना भाषा-न्याय और लोकतांत्रिक समानता पर प्रश्न खड़े करता है। किसी भाषा का अंत केवल शब्दों का नहीं, बल्कि उससे जुड़े समाज, इतिहास, लोकज्ञान और संस्कृति के लोप का संकेत होता है। भोजपुरी केवल बोलचाल की भाषा नहीं, बल्कि लोकगीत, साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं की सशक्त विरासत है। इसे मान्यता देना हिंदी के विरोध में नहीं, बल्कि सांस्कृतिक न्याय की दिशा में आवश्यक कदम है।

समराज चौहान, इंफेल से

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH13 User: cci Time: 01-31-2026 00:07 Color:

फटाफट खबरें

'योगी खुद को हिंदू प्रेमी साबित करें'

■ भाषा, वाराणसी : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को शुक्रवार को चुनौती दी। कहा, योगी 40 दिन में 'गोहत्या पर रोक लगाकर अपने हिंदू प्रेमी होने की प्रतिबद्धता' साबित करें। उन्होंने अपना धरना भी खत्म कर दिया।

कानपुर: धर्मातरण का दबाव, जान दी

■ भाषा, कानपुर: उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के पनकी इलाके में एक युवक ने धर्म परिवर्तन के कथित दबाव में आकर आत्महत्या कर ली। परिवार और स्थानीय लोगों ने शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। रोहित सिंह उर्फ दीपक (23) का शव बुधवार को उनके घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला।

'MY Bharat' पर 2 करोड़ रजिस्ट्रेशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के 'MY Bharat' पोर्टल पर 2 करोड़ से अधिक युवा पंजीकरण करवा चुके हैं। इस प्लेटफॉर्म का दायरा बढ़ाने के लिए कई नए कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न अभियानों में युवाओं को शामिल करने के साथ-साथ उन्हें करियर से जुड़ी जरूरी जानकारियां भी इस प्लैटफॉर्म के जरिये दी जा रही हैं।

अयोध्या: भरत द्वार की शुरुआत जल्द

■ NBT न्यूज, अयोध्या : राम मंदिर निर्माण समिति ने कहा कि अप्रैल तक सारे बचे निर्माण के काम पूरे हो जाएंगे। भरत द्वार की शुरुआत जल्द होने वाली है। इस द्वार से श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा। द्वार का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शहीद स्मारक स्तंभ का निर्माण कार्य चल रहा है जो मार्च तक पूरा हो जाएगा। परकोटा में म्यूरल लगाने का काम भी पूरा हो गया है।

'निर्वाचन आयोग बदले पर्यवेक्षक'

■ भाषा, कोलकाता : पश्चिम बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर केंद्रीय पर्यवेक्षकों की सूची में बदलाव की मांग की है। साथ ही आयोग की ओर से चयनित 15 आईएएस अधिकारियों में से नौ के लिए वैकल्पिक नामों का प्रस्ताव भी दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिन अधिकारियों के स्थान पर नए नाम सुझाए गए हैं, उनमें राज्य के गृह सचिव भी शामिल हैं।

मेरा रुख भारत के पक्ष में था: थरूर

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम : कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि कुछ मुद्दों पर उनके रुख को मीडिया ने बीजेपी के समर्थन के रूप में भले ही देखा हो, लेकिन वह इसे केवल सरकार या भारत के समर्थन के रूप में देखते हैं। थरूर ने कहा कि उन्होंने पहले भी स्पष्ट किया है कि कुछ अंतरराष्ट्रीय मामलों पर उन्हें राजनीति के बारे में बात करना पसंद नहीं है। इसके बजाय वह देश के बारे में बात करना पसंद करते हैं।

नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के विधायक दल की बैठक आज, छगन भुजबल बोले-

'सुनेत्रा चुनी जाएंगी NCP की नेता'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के विधायक दल की बैठक आज 31 जनवरी को होगी। इसमें दिवंगत अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा को नेता बनाया जाएगा। शुक्रवार को NCP दफ्तर में पत्रकारों से बातचीत में महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने यह जानकारी दी। भुजबल ने बताया कि सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि अगर पार्टी का विधायक दल इस बारे में फैसला लेता है तो शनिवार को ही डिप्टी सीएम के तौर पर उनके शपथ ग्रहण समारोह में उन्हें कोई दिक्कत नहीं है।

अजित की पत्नी को बनाया जा सकता है डिप्टी CM

सुनेत्रा पवार अभी राज्यसभा सांसद है और महाराष्ट्र विधानमंडल के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं। हालांकि, अजित पवार के निधन के बाद पुणे जिले की बारामती विधानसभा सीट खाली हो गई है। भुजबल ने कहा कि NCP विधायक दल की बैठक शनिवार को बुलाई जाएगी, जिसमें सुनेत्रा पवार को नेता बनाया जाएगा। कई नेता चाहते हैं कि वह डिप्टी सीएम बनें। वहीं, महाराष्ट्र एनसीपी के चीफ सुनील तटकरे ने कहा, 'मैंने आज दोपहर 2 बजे पार्टी की बैठक बुलाई है। इसमें सभी विधायक और सांसद रहेंगे। सुनेत्रा पवार के साथ चर्चा करेंगे और आगे की रणनीति पर फैसला होगा। बैठक में जो भी निर्णय होगा, उसके बाद डिप्टी सीएम पद के लिए नाम सीएम को भेजा जाएगा। हमें उम्मीद है कि सुनेत्रा पवार कल की बैठक में शामिल होंगी।' इससे पहले NCP के वरिष्ठ नेताओं ने सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, दक्षिण मुंबई में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 'वर्षा' में बैठक लगभग डेढ़ घंटे तक चली। इसमें छगन भुजबल, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, एनसीपी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष सुनील तटकरे और पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल थे। सूत्रों के अनुसार, नेताओं ने पवार की असामयिक मृत्यु के बाद राज्य की राजनीतिक स्थिति और पार्टी के भविष्य पर विचार-विमर्श हुआ।

फडणवीस बोले- एनसीपी जो भी फैसला लेगी, हम साथ : नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि एनसीपी जो भी निर्णय लेगी, उसको हमारा पूरा समर्थन है। एनसीपी के निर्णय के साथ हम खड़े हैं। चाहे वो अजीत पवार का परिवार हो या एनसीपी हो, हम सरकार के रूप में और पार्टी के रूप में उनके साथ मजबूती के साथ खड़े हैं।

पार्टी के कई नेता चाहते हैं कि सुनेत्रा पवार (दाएं) बनें डिप्टी CM

अजित पवार विमान हादसे की CID जांच

NBT रिपोर्ट, मुंबई : उपमुख्यमंत्री प्रमुख अजित पवार के विमान हादसे की जांच महाराष्ट्र सीआईडी ने शुरू कर दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक राज्य पुलिस ने पुणे जिले के बारामती में 28 जनवरी को हुए विमान हादसे के बाद दर्ज किए गए एक्सीडेंटल मौत के मामले में सीआईडी जांच के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि पुणे ग्रामीण पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है और इसे सीआईडी को ट्रांसफर कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि सीआईडी कर्मियों की एक टीम ने अपना काम शुरू कर दिया है।

दोनों धड़ों का विलय तय!

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : दिवंगत अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) और उनके चाचा शरद पवार की एनसीपी (शप) के प्रस्तावित विलय की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। सूत्रों के अनुसार, अजित पवार और शरद पवार की बातचीत अंतिम चरण में पहुंच चुकी थी। इस बीच अजित पवार का बुधवार को प्लेन क्रैश में निधन हो गया था। सूत्रों ने बताया कि हालांकि, इस विलय से सत्ता समीकरणों में भी बदलाव आने की उम्मीद है। क्योंकि, एनसीपी (शप) धड़े का मानना है कि अनुभवी नेता शरद पवार अब स्वाभाविक रूप से एकीकृत कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में केंद्रीय भूमिका निभाएंगे। जबकि, सत्तारूढ़ एनसीपी के नेता अजित पवार की राजनीतिक विरासत को बनाए रखने के लिए उनकी पत्नी व राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम पद के लिए प्रस्तावित करने को इच्छुक हैं। उन्होंने बताया कि अजित पवार के जीवित रहते ही दोनों दलों के विलय को लेकर बातचीत शुरू हो गई थी।

विलय के बाद सत्ता समीकरणों में बदलाव की उम्मीद

...तो 9 सांसदों और 51 विधायकों का आधार

अजित पवार के निधन के बाद एनसीपी (शप) खेमे का मानना है कि अनुभवी नेता शरद पवार अब स्वाभाविक रूप से एकीकृत कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में केंद्रीय भूमिका निभाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, जहां एक ओर सत्तारूढ़ एनसीपी परिवार की राजनीतिक विरासत को बनाए रखने के लिए सुनेत्रा पवार का नाम डिप्टी सीएम के लिए प्रस्तावित करने पर विचार कर रही है, वहीं शरद पवार खेमे के सूत्रों का कहना है कि विलय से मंत्रिमंडल का समीकरण मौलिक रूप से बदल जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि एकीकृत एनसीपी के पास नौ लोकसभा सदस्य और 51 विधायकों का एक मजबूत आधार होगा, जो संभावित रूप से सत्तारूढ़ 'महायुति' गठबंधन या एमवीए में राजनीतिक समीकरण को बदल सकता है।

पायलटों का संघ बोला, 3 हज़ार मी. की विजिबिलिटी पर नहीं हो सकती लैंडिंग

कम विजिबिलिटी, सूर्य की किरणों की चमक से हादसे की आशंका

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : पुणे की जिस बारामती एयर स्ट्रिप पर 28 जनवरी को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के प्लेन को लैंड कराया जा रहा था उस वक्त की विजिबिलिटी DGCA ने 3 हजार मीटर बताई थी। मगर, फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (FIP) का कहना है कि इस अनकंट्रोल्ड एयर स्ट्रिप पर 3 हजार मीटर की विजिबिलिटी पर प्लेन लैंड नहीं कराया जा सकता था। यहां कम-से-कम 5 हजार मीटर विजिबिलिटी चाहिए। आशंका है कि कम विजिबिलिटी होने और सामने से पड़ती सूर्य की किरणों की चमक से पायलट समय रहते रनवे देख नहीं पाया और प्लेन क्रैश हो गया।

बारामती में अजित पवार के प्लेन क्रैश का मामला

फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा का कहना है कि असल में अनकंट्रोल्ड या बिना लाइसेंस वाली एयर स्ट्रिप में इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (ILS) जैसे न्यूनतम सुरक्षा मानक भी नहीं होते हैं। ऐसे रनवे पर कमर्शल प्लेन को लैंड कराना जोखिम भरा हो सकता है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के प्लेन क्रैश मामले में भी यही हुआ हो सकता है। इसमें कम विजिबिलिटी और सामने से सूर्य की चमक से पायलट को रनवे दिखाई नहीं दिया होगा और प्लेन क्रैश हो गया। एक अन्य एविएशन एक्सपर्ट का यह भी कहना है कि जब इस रनवे पर सुरक्षा के न्यूनतम साधन भी नहीं थे तो ऐसे रनवे पर बिना पूरी दुरुस्तता के किसी पैसेंजर या वीआईपी को ला रहे प्लेन को लैंड कराने की आवश्यकता ही नहीं थी। DGCA और AAI ने भी यहां इस तरह से पैसेंजर प्लेन को ऑपरेट करने की इजाजत दे रखी थी। इसके लिए कम से कम कुछ मिनिमम सिक्योरिटी स्टैंडर्ड तो रखने ही चाहिए थे। मामले में DGCA और ATC के काम की भी जांच होनी चाहिए।

HC ने पूछा, नए फ्लाइट ड्यूटी नियम वापस क्यों?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) से पायलटों के लिए वीकली रेस्ट और छुट्टियों के नए नियम लागू करने के संबंध में एयरलाइंस को दी गई अनिश्चित छूट पर सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को चीफ जस्टिस डी. के. उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने DGCA से पूछा कि जब इंडिगो को नाइट ड्यूटी नियमों में अस्थायी छूट दी गई थी, तो साप्ताहिक आराम और छुट्टियों को न बदलने के नियम को बिना किसी समय सीमा के क्यों वापस ले लिया गया? कोर्ट ने कहा, शिकायत यह है कि छुट्टी और वीकली ऑफ को मिलाया नहीं जा सकता, जिसे आपने एक खास एयरलाइन में गड़बड़ी के कारण वापस ले लिया है।

दिल्ली हाई कोर्ट ने DGCA से पूछे सवाल

जजों पर दबाव बना रही पुलिस: इलाहाबाद HC

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

AI Image

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में पुलिस अधिकारी नियमित रूप से जजों पर विशिष्ट आदेश पारित करने के लिए दबाव बना रहे हैं। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल ने राज्य के वकील से कहा कि अदालत उत्तर प्रदेश को पुलिस राज्य बनने की अनुमति नहीं दे सकती। जज ने सुनवाई के दौरान डीजीपी राजीव कृष्णा और अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मौजूद होकर यह समझाने के लिए कहा गया था कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आरोपियों के पैरों में गोली मारने की बढ़ती चलन को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों के साथ हुई बातचीत के दौरान, जस्टिस ने पाया कि पुलिस अधिकारी, विशेष रूप से सेवा में नए शामिल हुए अधिकारी, जजों पर दबाव डाल रहे थे, खासकर जिला अदालतों में। अदालत ने कहा, हर जिले में कानून का पालन नहीं हो रहा है। मुझे एक भी ऐसा मामला नहीं मिला जहां कानून या सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश का पालन किया गया हो। कई बार यह जिला पुलिस प्रमुख और न्यायिक अधिकारी के बीच विवाद का कारण बन जाता है। जब भी न्यायिक अधिकारी या मुख्य न्यायिक अधिकारी किसी जिले की किसी घटना के बारे में पूछते हैं कि आप निर्देशों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं, तो एसपी और न्यायिक अधिकारी में बहस हो जाती है। यह एक आम बात हो गई है कि एसपी किसी विशेष आदेश के लिए जज पर दबाव डालना शुरू कर देते हैं।

कहा, यूपी को पुलिस राज्य नहीं बनने दे सकते

मनरेगा खत्म करने के विरोध में कांग्रेस ने निकाली यात्रा

■ भाषा, नई दिल्ली : कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह नया कानून लाए जाने के विरोध में शुक्रवार को यात्रा निकाली और आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने 'बुलडोजर चलाकर' मनरेगा को खत्म किया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर, पार्टी के 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत कांग्रेस के पुराने मुख्यालय '24 अकबर रोड' से यह यात्रा निकाली, हालांकि पुलिस ने कुछ दूरी पर उन्हें रोक दिया। इसमें कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, कोषाध्यक्ष अजय माकन, कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन, प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव और कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। रमेश ने कहा कि मोदी सरकार ने बुलडोजर चलाकर मनरेगा अधिनियम को रद्द कर दिया।

योजना पर 'बुलडोजर चलाने' का आरोप लगाया

बिना लाइसेंस वाली स्ट्रिप पर लैंड, टेकऑफ कर सकेंगे छोटे प्लेन!

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com



FILE

■ एविएशन रेगुलेटर इसी तरह का एक नियम बनाने पर कर रहा है काम
■ पब्लिक डोमेन में डालने समेत कई प्रक्रियाएं पूरी करनी होंगी

NBT Exclusive

■ नई दिल्ली : देश में पहली बार एविएशन रेगुलेटर एक ऐसा नियम बनाने पर काम कर रहा है, जिसमें 19 सीटर तक के छोटे हवाई जहाजों को बिना लाइसेंस वाले (अनकंट्रोल्ड) रनवे से भी टेक ऑफ और लैंड कराया जा सकेगा। यह नियम ठीक इसी तरह से इन हवाई जहाजों को ऑपरेट करने के लिए काम करेगा, जैसे बारामती हवाई पट्टी पर 28 जनवरी की सुबह अनकंट्रोल्ड एयर स्ट्रिप पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के प्लेन को उतारा जा रहा था। इस दौरान वह क्रैश हो गया था और उसमें सवार पवार समेत सभी पांचों लोग मारे गए थे।

एविएशन सूत्रों ने बताया कि वैसे दुनिया में अफ्रीका समेत कई देशों में इस तरह से छोटे पैसेंजर एयरक्राफ्ट को अनकंट्रोल्ड एयर स्ट्रिप से ऑपरेट करने की परमिशन मिली है। लेकिन सूत्र भारत के बारे में यह भी कहते हैं कि यहां का मसला दूसरा है। यहां कई बार छोटी एयरलाइंस इस ईज ऑफ डूइंग बिजनेस छूट को अपने फायदे के लिए सुरक्षा को दांव पर भी लगा सकती हैं, जो बड़े हादसे की वजह भी बन सकती है।

सूत्रों का कहना है कि नए भारतीय वायुयान नियमों के तहत नए रूल को बनाने पर काम किया जा रहा है। इसे अंतिम रूप देने से पहले पब्लिक डोमेन में डालने समेत अन्य कई कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करनी होंगी। इसके बाद ही यह नया नियम लागू हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि अगर यह नियम लागू होते हैं तो 19 सीटर तक के पैसेंजर प्लेन को दिल्ली और मुंबई जैसे किसी लाइसेंस एयरपोर्ट पर परमिशन लेने की जरूरत नहीं होगी। अनकंट्रोल्ड एयर स्ट्रिप पर यह एयरलाइंस अपने रिस्क पर अपने एयरक्राफ्ट को टेक ऑफ और लैंड करा सकेंगी। इसमें यात्रियों की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी एयरलाइंस और अंत में पायलटों पर होगी, जो बिना फायर, एंबुलेंस और इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम वाली एयर स्ट्रिप पर हवाई जहाजों को उतारने का खतरा मोल लेंगी। भारत में इन नियमों पर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत काम किया जा रहा है। इसमें एयरलाइंस यात्रियों की ऑनलाइन बुकिंग के अलावा मौके पर ही आए यात्रियों को टिकट देकर उन्हें हवाई जहाज में बैठा सकेंगी।

पॉपुलर चॉइस कैटिगरी में UP की झांकी आई सेकंड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

लगातार सातवें साल उत्तर प्रदेश की झांकी को मिला पुरस्कार

उत्तर प्रदेश को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में यूपी की झांकी को लोकप्रियता श्रेणी (पॉपुलर चॉइस कैटिगरी) में दूसरा पुरस्कार मिला है। समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत थीम पर आधारित उत्तर प्रदेश ने इस बार झांकी में बुंदेलखंड की संस्कृति के साथ-साथ आधुनिक उत्तर प्रदेश की झलक भी दिखाई थी। शुक्रवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र को रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न दिया। इस परेड में 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ ही 13 अलग-अलग मंत्रालयों व विभागों की कुल 30 झांकियां शामिल थीं। इसमें पॉपुलर चॉइस कैटिगरी के आधार पर उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

सेना में योगदान, बैक्ट्रियन कैमल का भी सम्मान

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने देश के सबसे चुनौतीपूर्ण तैनाती क्षेत्रों में अभियानों के दौरान असाधारण योगदान के लिए दो बैक्ट्रियन कैमल, दो जंस्कार पोनी और दो आर्मी डॉग्स को सम्मानित किया। लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात बैक्ट्रियन कैमल ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रसद आपूर्ति के लिए बेहद अहम रहे हैं। जंस्कार पोनी सियाचिन ग्लेशियर की बर्फीली ऊंचाइयों और अग्रिम क्षेत्रों में सैनिकों का मजबूती से साथ निभाते हैं। निगरानी, ट्रैकिंग और अन्य ऑपरेशन के लिए प्रशिक्षित आर्मी डॉग्स ने अलग-अलग इलाकों में सैनिकों की सुरक्षा और अभियानों में अहम भूमिका निभाई है। ये गणतंत्र दिवस परेड में भी शामिल हुए।

राष्ट्रपति के 'ऐट होम' कार्यक्रम का जिक्र

शाह बोले- पटका नहीं पहन राहुल ने किया नॉर्थ-ईस्ट का अपमान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

असम पहुंचकर केंद्रीय गृहमंत्री ने साधा राहुल गांधी पर निशाना

गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति के 'ऐट होम' कार्यक्रम का जिक्र केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने असम पहुंचकर भी किया। शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ऐट होम' कार्यक्रम में गमोसा पहनने से इनकार कर गांधी ने नॉर्थ ईस्ट का अपमान किया है।

असम में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राहुल गांधी जो चाहें कर सकते हैं, लेकिन जब तक बीजेपी सत्ता में है, वह पूर्वोत्तर की संस्कृति का अपमान नहीं होने देगी। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के विकास के लिए कुछ नहीं किया। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, 'मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि उनकी पार्टी ने असम को बंदूकें, गोलियां, संघर्षों और युवाओं की मौत के सिवा दिया क्या है।' शाह ने कांग्रेस पर घुसपैठ को वोट बैंक की राजनीति के लिए हथियार की तरह इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के सत्ता में आने के बाद असम में कोई घुसपैठ नहीं हुई है। जो लोग अवैध रूप से भारत आए हैं, उनकी पहचान कर उन्हें वापस भेजा जाएगा। शाह ने कहा कि सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने यह सुनिश्चित करने के लिए कानून में संशोधन किया है कि चाय बागान श्रमिकों को भूमि का स्वामित्व अधिकार प्राप्त हो। शाह ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते से यह सुनिश्चित होगा कि असम की चाय की खेप यूरोपीय देशों को शून्य शुल्क पर भेजी जा सकेगी। वहीं, कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि 'जाति, माटी, भेटी' के नारे के साथ सत्ता में आकर बीजेपी ने असम की जनता के साथ विश्वासघात किया।

विधानसभा चुनाव से पहले आरोप तेज

चुनाव से पहले आरोप तेज गणतंत्र दिवस के दिन गमोसा (पटका) विवाद पर अब भी बीजेपी, कांग्रेस को घेरने में लगी है।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

जबकि, कांग्रेस की तरफ से भी लोगों ने उसी कार्यक्रम में मौजूद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तस्वीर साझा करते हुए सवाल उठाए थे कि उन्होंने भी पटका नहीं पहना है तो क्या बीजेपी उनसे भी सवाल पूछेगी? असम में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव हैं। 126 विधानसभा सीटों वाले असम में बीजेपी हैटट्रिक बनाने के लिए पूरा जोर लगा रही है।

वैदिक मंत्रोच्चार से रामेश्वरम आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर

■ NBT रिपोर्ट

अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर

12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों, अमरनाथ और पशुपतिनाथ से आए पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुक्रवार की शाम रामेश्वरम आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठी। आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की उपस्थिति में आर्ट ऑफ लिविंग ने भव्य सोमनाथ ज्योतिर्लिंग महा रुद्र पूजा कर 45वें वर्ष का औपचारिक शुभारंभ किया। लाखों श्रद्धालु इस आयोजन के साक्षी बने। तमिलनाडु के पंचभूत स्थलों से लाया गया पवित्र जल भी विशेष रुद्राभिषेक में समर्पित किया गया। काशी विश्वनाथ से पधारे पंडित रमाकांत दुबे ने कहा कि यह महा रुद्र पूजा आने वाली पीढ़ियों तक याद रखी जाएगी। साढ़े चार दशकों में यह संस्था ध्यान, तनाव प्रबंधन, मानवीय सेवा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण से करोड़ों लोगों के जीवन को स्पर्श कर चुकी है।

आर्ट ऑफ लिविंग ने अपने 45वें वर्ष का किया शुभारंभ

JEE मेन: 13 लाख से अधिक ने दिया एग्ज़ाम

बड़े एग्ज़ाम के लिए NTA हर पहलू पर कर रही काम, बायोमीट्रिक सिस्टम रहा कामयाब

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

AI Image

■ नई दिल्ली : बड़े एग्जाम को लेकर नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) हर पहलू को ध्यान में रखकर काम कर रही है। इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन के लिए एंट्रेंस का पहला राउंड खत्म हो गया है और इसमें रेकॉर्ड 13 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स बैठे। यूनिवर्सिटी एंट्रेंस में आवेदन की प्रक्रिया भी आखिरी दौर में है। अब मेडिकल एंट्रेंस के लिए आवेदन प्रक्रिया कुछ दिनों में शुरू हो जाएगी। एनटीए का कहना है कि इंजीनियरिंग टेस्ट में बायोमीट्रिक का प्रयोग सफल रहा है।

JEE- MAIN 2026 का पहला राउंड खत्म हो गया है। 21-28 जनवरी के बीच बीई-बीटेक के लिए पेपर हुआ और 29 जनवरी को बी.आर्क व बी. प्लानिंग का एग्जाम हुआ। 13,50,969 कैंडिडेट्स ने आवेदन किया, जिसमें 1300368 (96.26 प्रतिशत) ने एग्जाम दिया है। गड़बड़ी रोकने के लिए करीब-करीब सभी कैंडिडेट्स के लिए बायोमीट्रिक सिस्टम लागू किया गया। पहले राउंड का रिजल्ट 12 फरवरी तक घोषित किया जाएगा। दूसरे राउंड की परीक्षा 2-9 अप्रैल के बीच होगी। वहीं, NEET (UG) के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अगले कुछ दिनों में शुरू हो जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने शेड्यूल को मंजूरी दे दी है।

NTA ने पहली बाधा पार की

पिछले कुछ वर्षों से देखने में आ रहा था कि किसी भी बड़े एंट्रेंस टेस्ट के आवेदन के समय ही छात्रों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था और एग्जाम के समय तो मुश्किलें और बढ़ जाती थीं। लेकिन 2026 के पहले बड़े एग्जाम जेईई मेन का एक राउंड कामयाबी से पूरा हो गया है। एनटीए ने पहली बाधा तो पार कर ली है लेकिन अभी चुनौतियां बहुत हैं। जेईई के रिजल्ट में आसर-की से लेकर फाइनल रिजल्ट में भी पहले गलतियां होती थीं, इस बार रिजल्ट को लेकर भी एनटीए पर नजर रहेगी। इसके बाद सीयूईटी और मेडिकल टेस्ट का भी चैलेंज होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि 2026 में छात्रों को एंट्रेंस टेस्ट को लेकर परेशानी न झेलनी पड़े।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA14 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 01-30-2026 22:59 Color:

NBT GOOD न्यूज़

मुस्कुराने से करियर भी होगा रोशन: जो लोग हमेशा हंसते-मुस्कुराते रहते हैं, उनके करियर की राह नाराज रहने वाले, कड़वाहट लिए लोगों से कहीं ज्यादा आसान होती है। इसलिए अपने वर्कप्लेस में स्माइल करते रहें।

विचार

नकल करके सफलता पाने से बेहतर है कि मौलिकता में असफल हो जाए
- हरमन मेलविल (Herman Melville)

ज़रा हंस लें

ग्राहकः ये टमाटर इतने महंगे क्यों?
दुकानदारः सर, ये Instagram वाले टमाटर हैं। फोटो में अच्छे आते हैं

कविता

सुंदर-सुखद सवेरा

सदियों का गुमनाम अंधेरा,
देश में कुछ भी नहीं था मेरा।
धन्य है ये गणतंत्र सवेरा,
जिसने भारत देश उकेरा॥
बलिदानों का परिणाम सवेरा,
भारत का सम्मान सवेरा।
तोड़ देश परतंत्र का घेरा,
पाया सुंदर-सुखद सवेरा॥
ऐसा सुन्दर सुखद सवेरा,
जिसमें है खुशियों का डेरा।
उन्नति और विकास का डेरा,
सुरक्षा संग विश्वास का डेरा॥
बढ़ने को नई राह का डेरा,
संघर्ष छोड़ उल्लास का डेरा।
तोड़ देश परतंत्र का घेरा,
पाया सुंदर-सुखद सवेरा॥
देश-विदेश में नाम कमाये,
हरदम आगे बढ़ता जाये।
देश के दुश्मन डर कर सोये,
कौन अब इसको आंख दिखाए॥
अच्छे-अच्छे मिलने दौड़े,
अब तो मन विश्वास डेरा।
तोड़ देश परतंत्र का घेरा,
पाया सुंदर-सुखद सवेरा॥

- डॉ० उमेश प्रकाश, 'उमेश'
NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

अल्मोड़ा में सरकारी स्कूल के टीचर ने AI से बनाए लर्निंग ऐप्स

बिना नेटवर्क, जज्बे और इनोवेशन से चमका दिया पढ़ाई का रास्ता

Yogesh.Nagarkoti
@timesofindia.com



गूगल सर्टिफाइड एजुकेटर बने भास्कर जोशी, इनके 8 ऐप्स को प्ले स्टोर पर जगह मिली है।

■ **बागेश्वर :** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में इंटरनेट आज भी एक बड़ी समस्या है। कई गांवों में मोबाइल नेटवर्क तक नहीं है। ऐसे में ऑनलाइन पढ़ाई कहां एक सपना है, लेकिन अल्मोड़ा के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक ने इस सोच को बदलने की ठान ली। वह हैं बागेश्वर जिले के तारीखेत ब्लॉक स्थित मटेड़धुरा प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर भास्कर जोशी। कोरोना के वक्त जब स्कूल बंद हुए और पढ़ाई ऑनलाइन हो गई, तब बच्चों के पास इंटरनेट नहीं था, लेकिन जोशी ने सोचा अगर बच्चों तक इंटरनेट नहीं पहुंच रहा, तो क्यों न पढ़ाई को बिना इंटरनेट बच्चों तक पहुंचाया जाए? इसके लिए उन्होंने एआई का इस्तेमाल कर 'नो इंटरनेट क्विज' नाम से लर्निंग ऐप बनाया, जो बिना किसी नेटवर्क या डेटा के चलता है। ऐप के जरिये बच्चे पढ़ सकते हैं, सवाल हल कर सकते हैं और खुद ही जान सकते हैं कि उनका जवाब सही है या गलत। इस ऐप का नतीजा है कि आज गांव के बच्चे घर में पड़े किसी पुराने स्मार्टफोन पर भी पढ़ाई कर पा रहे हैं, वह भी बिना इंटरनेट के। कक्षा पांच की छात्रा निकिता बिष्ट बताती हैं, 'अब हम मोबाइल पर पढ़ते भी हैं और खेल-खेल में क्विज भी करते हैं। इंटरनेट नहीं होता फिर भी सवाल अपने आप आ जाते हैं और तुरंत पता चल जाता है कि जवाब सही है या गलत।' 'नो इंटरनेट क्विज' मोबाइल ऐप तो महज शुरुआत थी। इसके बाद जोशी जी ने बच्चों के लिए कई और ऐप बनाए। इनमें बलेना ऑनलाइन एजुकेशन, एआई टीचर, इंग्लिश गुरु, लर्न एबीसी, फन लर्निंग, एआई क्विज जेनेरेटर और उत्तराशक्ति एआई। इनके 8 ऐप्स को प्ले स्टोर पर जगह मिली और भास्कर जोशी उत्तराखंड के पहले गूगल सर्टिफाइड एजुकेटर बन गए। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने स्कूल में बच्चों को ड्रोन, AI और रोबॉटिक्स जैसे नए विषयों से भी परिचित कराना शुरू किया। आज उनके स्कूल में 23 बच्चे पढ़ रहे हैं।

ज्यादा से ज्यादा पहाड़ी इलाकों तक पहुंचाने की सोच

जोशी सिर्फ स्कूल तक ही सीमित नहीं रहे। वह बच्चों के घर-घर गए, माता-पिता से मिले और उन्हें "जहां नेटवर्क नहीं पहुंचता, वहां नीयत और नवाचार रास्ता बना लेते हैं। अल्मोड़ा के यह शिक्षक उसी की मिसाल हैं। समझाया कि नई पढ़ाई कैसे बच्चों का भविष्य बदल सकती है। उनका कहना है, 'मेरा सपना है कि यह पहल सिर्फ मेरे स्कूल तक न रहे। मैं चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा पहाड़ी इलाकों के बच्चों तक यह पहुंचे।' उनके इस काम पर शिक्षा विभाग ने भी ध्यान दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रवि मेहता कहते हैं, 'ऐसी जमीनी पहल पहाड़ी इलाकों के लिए बेहद जरूरी है।

...जब टीचर के लिए सड़कों पर उतरे नन्हे कदम

अनिमेष जैन

■ **खरगोन : मध्य प्रदेश** के खरगोन की धूल भरी सड़क पर बुधवार दोपहर सुनहरी धूप उतरते ही एक भावुक तस्वीर उभर आई। नन्हे कदमों की कतार, लाल पोलो टीशर्ट और चेक शर्ट में सजे बच्चे, पैरेंट्स का हाथ थामे खामोशी से बढ़ रहे थे। शोर नहीं, बस जिद थी। आंखों में अपने प्रिय टीचर को वापस लाने का इरादा साफ दिख रहा था। राहगीर रुककर यह दृश्य देखने लगे। यह कोई साधारण जुलूस नहीं, बल्कि मैथ्स टीचर नटवर पाटीदार के समर्थन में बच्चों की दिल से निकली पुकार थी। सरकारी सांदीपनि स्कूल, सेगांव के क्लास 1 से 5 तक के 200 से ज्यादा बच्चे और पैरेंट्स सुबह 11 बजे स्कूल से निकले। लक्ष्य था 35 किलोमीटर पैदल चलकर खरगोन पहुंचना और कलेक्टर से मिलना। अफसरों ने समझाने की कोशिश की, लेकिन हौसला नहीं टूटा। करीब 3 किलोमीटर बाद डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन मिले और भरोसा दिया कि टीचर को जल्द वापस लाया जाएगा। इसके बाद पैरेंट्स ने ज्ञापन सौंपकर मार्च रोका।

विरोध नटवर पाटीदार के ट्रांसफर के खिलाफ था। उन्हें दसनावल गांव के प्राथमिक स्कूल भेजा गया था। पैरेंट्स के मुताबिक उनकी मेहनत से स्कूल में बच्चों की संख्या 54 से बढ़कर 246 हो गई। उन्होंने चेतावनी दी कि वापसी नहीं हुई तो मास ट्रांसफर सर्टिफिकेट ले लेंगे। पैरेंट स्वाति अग्रवाल ने कहा कि हम कलेक्टर से मिलकर टीचर को वापस लाना चाहते थे। कमल चौहान, अमित यादव, सुमित वर्मा और ननुराम यादव समेत कई पैरेंट्स ने कहा कि पाटीदार बच्चों को अच्छी शिक्षा देते हैं, इसलिए उनका रहना जरूरी है।

कलेक्टर भव्या मित्तल ने बताया कि दो टीचरों के आपसी विवाद से माहौल प्रभावित हो रहा था, इसलिए दोनों को हटाया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नटवर पाटीदार पर कोई आरोप नहीं है। उनका रिकॉर्ड अच्छा है और वे बच्चों को एग्जाम की तैयारी कराते रहे हैं। कलेक्टर ने पुष्टि की कि उन्हें जल्द स्कूल में फिर बहाल किया जाएगा।

200 से ज्यादा बच्चे 35 किमी पैदल निकल पड़े

मासूम चेहरों की मजबूत जिद। सेगांव से खरगोन तक पैदल चले स्टूडेंट्स और पैरेंट्स, ट्रांसफर रुकवाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

फिर गूंजेंगे गुमनाम प्राचीन वाद्य यंत्र

Ramyasree.N@timesofindia.com



TOI

विक्टोरिया पब्लिक हॉल में विरासत को जिंदा करने की कोशिश

■ **चेन्नै:** कल्पना कीजिए, चेन्नै के ऐतिहासिक विक्टोरिया पब्लिक हॉल की ऊंची, पुरानी दीवारों के बीच जब उडुक्कई, सिरप्पाई और मुरसु जैसे प्राचीन वाद्य यंत्रों की थाप गूंजेगी, तो वह हमारी मिट्टी और पूर्वजों की आवाज होगी। जल्द ही यहां आम लोगों के लिए खास वर्कशॉप्स शुरू होने जा रही है।

इस पहल के पीछे ओंगुली नेटिव म्यूजिकल्स के एन. मणिकंदन हैं, जिन्होंने ग्रेटर चेन्नै कॉर्पोरेशन (GCC) के साथ मिलकर 125 देसी वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई है। मणिकंदन बताते हैं कि यहां सिर्फ बजाना ही नहीं, बल्कि कुछ वाद्य बनाना भी सिखाया जाएगा, जैसे ताड़ के फल के सूखे छिलकों से किलुकिलुप्पू।

कोविड के दौरान एक थविल कलाकार की आर्थिक तंगी में हुई मौत ने मणिकंदन को झकझोर दिया। इसके बाद उन्होंने तमिलनाडु से लेकर जापान और ऑस्ट्रेलिया तक करीब 500 आदिवासी परिवारों से मिलकर इन वाद्यों को सहेजने का संकल्प लिया। करीब दो महीने में क्लास शुरू होंगी। प्रदर्शनी में वाद्य यंत्र चार वर्गों में हैं--मेम्ब्रेनोफोन, इडियोफोन, एयरोफोन और कॉर्डोफोन। स्टूडेंट अखिला दास और इतिहासकार मीनाक्षी देवराज मानती हैं कि यह पहल हमारी सांस्कृतिक जड़ों को नई जिंदगी देने जैसा है।

PTI

लहरों की धुन पर पंखों की परवाज़



बगुला हवा में तैरता हुआ, जैसे शांति का उज्ज्वल विस्तार। नीचे पानी पर पंखियों की छपाक, छींटों में छिपा जीवन का रहस्य। यह संगम स्वतंत्रता, ऊर्जा और रहस्य का एक बहता हुआ क्षण है हर हलचल जीवन की गहरी धुन बन जाती है। यह दृश्य प्रकृति की उस भाषा को उजागर करता है जो शब्दों से नहीं, बल्कि पंखों की लय और लहरों की धुन से लिखी जाती है।

NBT जन्मदिन मुबारक

प्रीति ज़िंटा

प्रीति जिंटा का जन्म 31 जनवरी 1975 को शिमला में हुआ था। 1998 में मणिरत्नम की फिल्म 'दिल से' से हिंदी फिल्मों में कदम रखा और कई शानदार फिल्में दीं।

ऋतुराज गायकवाड़

31 जनवरी 1997 को जन्मे ऋतुराज इंडियन क्रिकेटर हैं। इनकी कप्तानी में 2022 एशियन गेम्स में भारतीय टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। वह चेन्नै सुपर किंग्स के कप्तान हैं।

एमी लुईस जैक्सन



एमी जैक्सन ब्रिटिश एक्ट्रेस-मॉडल हैं। उनका जन्म 31 जनवरी 1992 को हुआ था। साउथ की कई फिल्मों में काम किया है। वह ज्यादातर तेलुगु फिल्मों में नजर आई हैं।

अमृता अरोड़ा

31 जनवरी 1981 को जन्मी अमृता अरोड़ा ने अपने करियर की शुरुआत MTV में VJ के तौर पर की थी। कई फिल्मों में भी उन्होंने काम किया है। वह मलाइका अरोड़ा की बहन हैं।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

NSE के IPO को सेबी की हरी झंडी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** पूंजी बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) को उसके बहुप्रतीक्षित IPO के साथ आगे बढ़ने के लिए NOC दे दिया है। एक्सचेंज के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि करीब 10 साल के लंबे इंतजार के बाद यह रास्ता साफ हुआ है। नियमों से जुड़ी चिंताओं और को-लोकेशन विवाद की वजह से इसमें काफी सालों से देरी हो रही थी। माना जा रहा है कि यह आईपीओ शेयर बाजार के सबसे बड़े आईपीओ में से एक होगा।

फिजिकल शेयरों को डीमैट में बदलें

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** शेयर बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने उन निवेशकों के लिए एक साल की खास सुविधा शुरू की है, जिनके पास अभी भी पुराने फिजिकल सिक्योरिटीज पड़े हैं। ये निवेशक 5 फरवरी से अपने अधूरे पड़े शेयर ट्रांसफर और उन्हें डीमैट में बदलवाने का काम पूरा कर सकेंगे। शुक्रवार को जारी एक सर्कुलर में सेबी ने कहा, जो निवेशक कागजी कार्रवाई या किसी दूसरी वजह से 1 अप्रैल 2019 से पहले अपने फिजिकल शेयरों को ट्रांसफर नहीं कर पाए थे, उनके लिए यह स्पेशल विंडो 5 फरवरी 2026 से 4 फरवरी 2027 तक खुली रहेगी।

शेयर बाज़ार की तेजी पर ब्रेक

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से चली आ रही तेजी पर शुक्रवार को ब्रेक लग गया। बजट 2026-27 से पहले निवेशकों ने ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली की। इसकी वजह से मेटल, आईटी और कमोडिटी शेयरों में भारी बिकवाली देखी गई और सेंसेक्स-निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 296.59 अंक (0.36%) गिरकर 82,269.78 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बीच 98.25 अंक (0.39%) फिसलकर 25,320.65 पर बंद हुआ। मेटल इंडेक्स में 5.12% की भारी गिरावट आई। प्राइवेट बैंक इंडेक्स भी गिरे।

सोना-चांदी धड़ाम, अब क्या करें?

एक्सपर्ट्स बोले- जल्दबाजी न करें निवेशक, और गिर सकते हैं दाम

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** शुक्रवार को सोना-चांदी में बड़ी गिरावट देखी गई। रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के ठीक एक दिन बाद मुनाफावसूली और डॉलर की मजबूती ने जूलरी बाजार को हिलाकर रख दिया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नए चेयरमैन से जुड़ी सख्ती की आशंका ने भी आग में घी का काम किया। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में 14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी के दामों में 20,000 रुपये प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई।

गिरावट का यह दौर एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ETF) में और भी ज्यादा था। SBI सिल्वर ईटीएफ 22.4% नीचे बंद हुआ। ICICI प्रूडेंशियल सिल्वर ईटीएफ 21% और निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ 19.5% टूट गया। गोल्ड ईटीएफ में भी भारी गिरावट रही। निप्पॉन गोल्ड ईटीएफ 10% और ICICI प्रूडेंशियल गोल्ड ईटीएफ 9.5% नीचे गिरकर बंद हुए। कोटक सिक्योरिटीज के आंकड़ों के मुताबिक, MCX पर सोने में यह 15 मार्च 2013 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, चांदी के लिए यह 23 सितंबर 2011 के बाद का सबसे बुरा दिन रहा, जब इसमें एक ही दिन में भारी गिरावट आई थी।

AI Image



मौका है या मंदी की शुरुआत?

सोने-चांदी की कीमतों में आई भारी गिरावट ने निवेशकों को सोच में डाल दिया है कि क्या यह खरीदारी का मौका है या फिर मंदी की शुरुआत? ज्यादातर जानकार इसे एक 'हेल्दी करेक्शन' मान रहे हैं। इसका मतलब है कि लंबी दौड़ के लिए बाजार का थोड़ा गिरना जरूरी था। हालांकि, एक्सपर्ट्स ने चेतावनी भी दी है कि आने वाले दिनों में काफी उतार-चढ़ाव रह सकता है। इसलिए फिलहाल सावधानी के साथ निवेश करना और मुनाफा वसूलना ही समझदारी है।
कोटक सिक्योरिटीज की कायनात चैनवाला का कहना है कि आने वाले समय के लिए माहौल सकारात्मक है। दुनिया भर में तनाव, सरकारों की नीतियों को लेकर अनिश्चितता और कैश के बजाय सोने-चांदी जैसी ठोस संपत्तियों की तरफ लोगों का बढ़ता रुझान इसकी बड़ी वजह है। केडिया कमोडिटी के प्रमुख अजय केडिया के मुताबिक, हालांकि दुनिया भर में जारी तनाव (जियोपॉलिटिकल टेंशन) और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के संकेतों से बाजार में घबराहट तो है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि यह बिकवाली जनवरी में हुई जबरदस्त तेजी के बाद आई है।

क्या है डर?

आनंद राठी वेल्थ के डिप्टी सीईओ फिरोज अजीज का कहना है कि अभी जल्दबाजी में खरीदारी से बचना चाहिए। बेहतर होगा कि वोलेटलिटी से दूर रहें और मंथली एसआईपी से एंट्री करें। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज में रिसर्च हेड वंदना भारती ने कहा कि घरेलू बाजार में चांदी अगले एक सप्ताह में 3.20 लाख रुपये और सोना 1.42 लाख रुपये तक नीचे जा सकता है।

क्या है वजह?

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट (कमोडिटी) सौमिल गांधी का कहना है कि कि तकनीकी नजरिए से देखें तो पिछले कई दिनों से सोना-चांदी 'ओवरबॉट' जोन (जरूरत से ज्यादा खरीदारी) में थे। इससे ऐसी गिरावट का खतरा पहले से बना हुआ था। गांधी के मुताबिक, डॉलर की मजबूती और मुनाफावसूली का यह दौर छोटी अवधि के लिए दबाव बनाए रख सकता है।

फेडरल रिजर्व के नए बॉस होंगे केविन वॉर्श

FILE

ट्रंप ने केविन को नया अध्यक्ष चुना, जेरोम पॉवेल की लेंगे जगह

■ **एपी, वॉशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वे फेडरल रिजर्व (Fed) के पूर्व गवर्नर केविन वॉर्श (Kevin Warsh) को अगला चेयरमैन नियुक्त करेंगे। वॉर्श, मौजूदा चेयरमैन जेरोम पॉवेल (Jerome Powell) की जगह लेंगे। उनका कार्यकाल मई में खत्म हो रहा है। ट्रंप ने ही 2017 में पॉवेल को फेड का नेतृत्व करने के लिए चुना था। लेकिन इस साल ब्याज दरों को तेजी से कम न करने को लेकर ट्रंप लगातार उन पर हमलावर थे।

जानकारों का कहना है कि वॉर्श की नियुक्ति ट्रंप के फेड पर अपना नियंत्रण बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकती है। ट्रंप के बयानों ने फेड की स्वतंत्र पहचान पर चिंता पैदा कर दी है। इस घोषणा के बाद बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। कीमती धातुएं जो पिछले कुछ महीनों से बढ़ रही थीं, शुक्रवार को काफी नीचे गिर गईं। सोना लगभग 5% और चांदी 13% तक टूट गई।

वॉर्श की नियुक्ति के लिए अभी सीनेट की मंजूरी मिलना बाकी है। 55 साल के वॉर्श के लिए यह एक तरह से पुरानी जगह पर वापसी होगी। वे 2006 से 2011 तक फेड बोर्ड के सदस्य रह चुके हैं। 35 साल की उम्र में जब वे इस पद पर आए थे, तब वे इतिहास के सबसे युवा गवर्नर थे।

देखा जाए तो वॉर्श का चुनाव ट्रंप के लिए थोड़ा चौंकाने वाला है। फेड की भाषा में उन्हें 'हॉक' (ऊंची ब्याज दरों का समर्थक) माना जाता है, जो महंगाई को काबू में रखने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने के पक्ष में रहते हैं। इसके उलट ट्रंप कह चुके हैं कि फेड की ब्याज दरें 1% के आसपास होनी चाहिए, जो मौजूदा 3.6% के स्तर से बहुत कम है।

FASTag पर कल से बदल जाएंगे नियम

■ **NBT रिपोर्ट :** फरवरी की शुरुआत होने वाली है और इस साल यह महीना आपकी रोजमर्रा की जिंदगी में कई अहम बदलाव लेकर आएगा। 1 फरवरी से होने वाले इन बदलावों का सीधा असर आपकी कमाई, खर्च और प्लानिंग पर पड़ेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने घोषणा की है कि 1 फरवरी से FASTag एक्टिवेट होने के बाद किसी अतिरिक्त KYC वेरिफिकेशन की जरूरत नहीं होगी। FASTag जारी करने वाले बैंक अब वाहन की जानकारी वेरिफाई करने की पूरी जिम्मेदारी उठाएंगे।

खुला रहेगा शेयर बाजार : रविवार होने के बावजूद 1 फरवरी को शेयर बाजार खुला रहेगा।

पान मसाला, सिगरेट महंगे : 1 फरवरी से पान मसाला, सिगरेट और तंबाकू के दाम बढ़ने की संभावना है। सरकार इन उत्पादों पर ऊंचे टैक्स लगाने जा रही है। इसके अलावा, पान मसाला पर स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अतिरिक्त टैक्स भी लगाए जाएंगे।

सुस्त जीवनशैली से बढ़ रहा है मोटापा: सर्वे

AI Image

NBT रिपोर्ट : भारत में मोटापा एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। LocalCircles के हालिया सर्वे के मुताबिक, सर्वे में शामिल 76% भारतीयों के परिवार, दोस्तों, सहकर्मियों या पड़ोसियों में एक या उससे ज्यादा लोग मोटापे के शिकार हैं। 64% लोगों का कहना है कि उनके आसपास मोटापे की वजह सुस्त जीवनशैली, शारीरिक मेहनत की कमी और अनहेल्दी या प्रोसेस्ड खाना है। लोग अब यह समझने लगे हैं कि महंगी दवाइयां इसका इलाज नहीं हैं।

कितने करीबी शिकार?

- **12%** : 10 या उससे ज्यादा
- **10%** : 7 से 9 लोग
- **20%** : 4 से 6 लोग
- **34%** : 1 से 3 लोग
- **22%** : कोई भी नहीं

जीवनशैली मसला?

- **19%** : हां, एक या ज्यादा शिकार
- **37%** : एक या ज्यादा बीमारियां
- **37%** : बीमारियां नहीं, मोटापे के शिकार हैं

वजह क्या है?

- **64%** : सुस्त जीवनशैली
- **64%** : एक्सरसाइज की कमी
- **68%** : अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाना
- **27%** : पुरानी बीमारी
- **4%** : शराब का सेवन

बचत के तरीके में बदलाव, जोखिम उठाने को भारतीय परिवार तैयार

AI Image



■ **NBT रिपोर्ट:** भारतीय परिवारों की बचत करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव आया है। वित्त वर्ष 2012 में लोग अपनी कुल बचत का 57.9% हिस्सा बैंक जमा (FD या बचत खाता) में रखते थे। यह वित्त वर्ष 2025 में घटकर 35.2% रह गया है। इससे पता चलता है कि अब लोग शेयर बाजार जैसे निवेश के उन विकल्पों में पैसा लगाने से नहीं हिचकिचा रहे हैं जिनमें थोड़ा जोखिम होता है।

रिजर्व बैंक (RBI) के हालिया आंकड़ों के मुताबिक, कुल घरेलू वित्तीय संपत्तियों में शेयर और इन्वेस्टमेंट फंड की हिस्सेदारी मार्च 2025 तक बढ़कर 23% हो गई है। छह साल पहले यह 15.7% थी। इकॉनमिक सर्वे में भी गौर किया गया कि बैंक डिपॉजिट में आई यह गिरावट यह नहीं दिखाती कि लोगों ने बैंकों को छोड़ दिया है। बल्कि लोगों ने पारंपरिक तरीकों को पूरी तरह बंद करने के बजाय अपनी मौजूदा बचत में शेयर बाजार को भी जोड़ लिया है।

ET के मुताबिक, शेयर बाजार में आम लोगों की सीधी हिस्सेदारी धीरे-धीरे बढ़ी है। वित्त वर्ष 2014 में यह 8% से कम थी जो सितंबर 2025 के अंत तक करीब 9.6% हो गई। वहीं, इनडायरेक्ट हिस्सेदारी (म्यूचुअल फंड के जरिए) इसी दौरान लगभग तीन गुना बढ़कर 9.2% तक पहुंच गई है।

सालाना घरेलू वित्तीय बचत में शेयर और म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2012 के लगभग 2% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 15.2% से ज्यादा हो गई है। वित्त वर्ष 2014 में आम लोगों की कुल इक्विटी होल्डिंग्स सिर्फ 8 लाख करोड़ रुपये थी, जो सितंबर 2025 तक बढ़कर करीब 84 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वित्त वर्ष 2022 में बैंकों में बचत का जमा होने वाला हिस्सा गिरकर 31.95% के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। फिलहाल कम जोखिम वाले बॉन्ड प्रोडक्ट्स में लोग कम पैसा लगा रहे हैं।

क्या कहते हैं आंकड़े

- **35.2%** : वित्त वर्ष 2025 में घरेलू बचत में बैंक डिपॉजिट की हिस्सेदारी (FY12 में 57.9% थी)।
- **84 लाख करोड़** : सितंबर 2025 तक आम लोगों की कुल इक्विटी होल्डिंग (FY14 में सिर्फ 8 लाख करोड़ थी)।
- **23%** : कुल घरेलू वित्तीय संपत्तियों में शेयर और इन्वेस्टमेंट फंड का हिस्सा।
- **9.2%** : म्यूचुअल फंड के जरिए निवेश की हिस्सेदारी।

सबके लिए AI, भारत दिखाएगा रास्ता : वैष्णव

AI Image

■ **एनबीटी रिपोर्ट, नई दिल्ली :** केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फरवरी में AI इंपैक्ट समिट एक ऐसा मंच साबित होगा, जहां पूरी दुनिया को एआई और उससे जुड़े मूल्यों के लिए एक साथ आना होगा। सरकार की ओर से AI समिट को लेकर की गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वैष्णव ने कहा कि ये एक अहम और विस्तृत समिट होने वाली है।

इस दौरान उन्होंने इस सेक्टर से जुड़े डिवेलपर्स, इंडस्ट्री लीडर्स और इनोवेटर्स के साथ पीएम की हुई बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस इंगेजमेंट से देश के इकोसिस्टम में AI की प्रभावशाली प्रगति का नजारा दिखता है। उन्होंने कहा कि एआई से जुड़ी पहलों का जोर विकास से जुड़े सॉल्यूशन से है, जो लोगों के जीवन को बेहतर करें। इस दौरान मंत्री ने 'द इंपैक्ट अजेंडा-लीडरशिप रिफ्लेक्शन' नाम का डॉक्यूमेंट लॉन्च किया। वैष्णव ने कहा कि AI के इस्तेमाल के जरिए रोजगार सृजन को लेकर हमने अच्छा काम किया है। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल का समय एक ऐसा फेज था, जिसमें AI गतिविधियों के संबंध में उद्योग को समझने में वक्त लगा। लेकिन अब इंडस्ट्री इस फेज से आगे बढ़ गई है। वैष्णव ने कहा कि AI के नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए सेफ और ट्रस्टेड AI पर मंथन भी बेहद अहम साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन से लेकर जीवन के हर पहलू में AI को किस तरह लोगों के लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, इस दिशा में बढ़ने के लिए ये समिट बेहद अहम है।

स्टीव स्मिथ ने बिग बैश लीग में अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श में से किसी एक को ओपनिंग से बाहर करना मुश्किल है। किसी एक खिलाड़ी की इंजरी स्मिथ लिए टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बना सकती है। *- रिकी पॉन्टिंग, पूर्व क्रिकेट कप्तान, ऑस्ट्रेलिया*

224

रन बनाए थे केएल राहुल ने साल 2019 टी20I सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ। यह न्यूजीलैंड और भारत के बीच हुई किसी एक टी20I सीरीज में सर्वाधिक रन का रेकॉर्ड है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. मनप्रीत सिंह ने भारतीय सीनियर मेंस हॉकी टीम के लिए कितने इंटरनैशनल मैच खेले हैं?
A) 412 B) 411
C) 420 D) 400
2. सिद्धेश लाड किस टीम से रणजी ट्रॉफी मैच खेलते हैं?
A) दिल्ली B) महाराष्ट्र C) गुजरात D) मुंबई

कल के जवाब
1. C) 31 2. B) सोफी मोलिनी 3. A) किम्समेन हैदराबाद

लकी WINNERS



1 विनोद कुमार जैन, ठाणे, मुंबई

2 वेदांशी, रमेश नगर, दिल्ली



3 विराट गुर्जर, भजनपुरा, दिल्ली

4 रामू सूर्य, लखनऊ, उ.प्र.

5 सुभाष शर्मा, गुरुग्राम, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक *'लकी विनर'* का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

देविका की बड़ी जीत

■ **बैंकॉक:** भारत की देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय सुपानिडा काटेथोंग को हराकर उलटफेर करते हुए महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत की 20 वर्षीय खिलाड़ी ने क्वॉर्टरफाइनल में सुपानिडा पर 21-19, 21-18 की जीत हासिल की।

उषा के पति का निधन

■ **कोझिकोड:** भारतीय ओलिंपिक संघ (IOA) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। पीएम नरेन्द्र मोदी ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पीएम ने उषा से फोन पर बात कर अपनी संवेदना व्यक्त की।

वीर क्वॉर्टर फाइनल में

■ **नई दिल्ली:** भारत के वीर चोटरानी ने पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी बैप्टिस्ट मासोटी को हराकर वॉशिंगटन में चल रहे स्क्वॉश ऑन फायर ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई।

आज फिर से जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी टीम इंडिया

वर्ल्ड कप से पहले चाहिए एक और बड़ी जीत

संजू सैमसन

व्हाइट बॉल चैलेंज

40 रन बनाए हैं सीरीज के पहले चार मैचों में संजू सैमसन ने

33 रन और चाहिए भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को टी20I में 3000 रन पूरे करने के लिए। वह इस फॉर्मेट में 3 हजार रन बनाने वाले दुनिया के 12वें बल्लेबाज बनेंगे

2 विकेट दूर है न्यूजीलैंड के स्पिनर ईश सोढ़ी न्यूजीलैंड का सबसे सफल टी20I गेंदबाज बनने से। अभी टिम साउदी 164 विकेट के साथ सबसे आगे हैं

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20I सीरीज, पांचवां मैच

आमने-सामने

भारत 17, न्यूजीलैंड 11, टाई 1, कुल मैच 29

टेलिकास्ट: शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

संभावित प्लेइंग XI

भारत: अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती

न्यूजीलैंड: टिम सीफर्ट, डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, मिचेल सैंटनर (कप्तान), जेम्स नीशम, ईश सोढ़ी, काइल जेमीसन, जैकब डफी

पिच व मौसम

तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनैशनल स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच संतुलनकारी है, हालांकि खेल आगे बढ़ने पर विकेट धीमा हो जाता है। यहां खेले गए चार टी20I मैचों में भारत ने तीन जीते हैं। मैच के दौरान मौसम साफ रहने की उम्मीद है।

■ **एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम:** टी20 वर्ल्ड कप के खिताब की प्रबल दावेदार टीम इंडिया टूर्नामेंट से पहले आज न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 इंटरनैशनल मैच में उतरेगी तो उसका लक्ष्य होगा कि वह सीरीज में 4-1 के स्कोर के साथ वर्ल्ड कप में बड़ा आत्मविश्वास लेकर उतरे। भारतीय टीम ने पहले तीनों मैच जीतकर सीरीज तो पहले ही कब्जे में कर लिया था, लेकिन चौथे मैच में मिली 50 रन की हार से वह सचेत जरूर हुई होगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम पिछले गलतियों को दोहराने से बचने का भी पूरा प्रयास करेगी। भारत को यह भी उम्मीद होगी कि बड़ी पारी खेलने में लगातार असफल रह रहे संजू सैमसन यहां अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने में कामयाब रहें। जबकि स्पिन बोलिंग ऑलराउंडर अक्षर पटेल अगर फिटनेस हासिल कर खेल पाए तो उससे भी टीम को मजबूती हासिल होगी।

संजू की फॉर्म चिंता का सबब: बैटिंग में शायद ज्यादा बदलाव न हो, लेकिन टीम मैनेजमेंट संजू पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस सीरीज में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है, जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। संजू के पास 7 फरवरी से शुरू होने वाले वर्ल्ड कप से पहले एक बड़ी पारी खेलने का यह आखिरी मौका होगा। ईशान किशन के रूप में भारतीय टीम के पास सैमसन का मजबूत विकल्प मौजूद है। उन्होंने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज को 'अज्ञात' चोट के कारण पिछले मैच से बाहर बैठना पड़ा था।

कीवी चाहेंगे सम्मानजनक अंत: दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम सीरीज का स्कोर 3-2 कर सम्मानजनक अंत चाहेगी। उसकी टीम पहले तीन मैचों में भारत के आक्रामक रवैये के सामने बेबस नजर आई, लेकिन विशाखापत्तनम में उन्होंने भारत के प्रमुख बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में कामयाबी हासिल की। अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव को आउट करने के बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाज शिवम दुबे की तूफानी बल्लेबाजी के बावजूद बाकी बल्लेबाजों को रोकने में सफल रहे।

अक्षर करेंगे वापसी!

ऑलराउंडर अक्षर भी पहले टी20 मैच में उंगली में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने चौथे मैच से पहले नेट पर बोलिंग की थी। भारत टी20 वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच 7 फरवरी को खेलेगा और वह उससे पहले जीत हासिल करना चाहेगा। देखा जाए तो भारत इस मैच को औपचारिकता नहीं मानेगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-1 की शानदार जीत से शैली, ताकत और गहराई से भरपूर टीम का आत्मविश्वास और भी बढ़ेगा।

पांच बोलर्स का प्रयोग

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भारतीय टीम मैनेजमेंट ने चौथे टी20 मैच में पांच स्पेशलिस्ट बोलर्स से ही बोलिंग करवाई। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे को गेंद नहीं दी। भारत के लिए यह प्रयोग अनुकूल नहीं रहा। लक्ष्य का पीछा करने के दौरान एक स्पेशलिस्ट बैटर की कमी भी महसूस की गई। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि अंतिम मैच में भारत ऐसे किसी प्रयोग से बचेगा। जैसा कि सीरीज के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने बोलिंग डिपार्टमेंट में फिर फेरबदल कर सकता है। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका मिलना संभव है।

'मैराथन मेन' जोकोविच कार्लोस फाइनल में

पिछली पांच भिड़ंत में मैं सिनर को नहीं हरा पाया था। (मुस्कराते हुए) शायद उनको मेरा फोन नंबर मिल गया था। इसलिए मुझे आज अपना नंबर बदलना पड़ा। पर, ईमानदारी से कहूं तो सिनर एक समय पूरी तरह कंट्रोल में थे। इस जीत के लिए मुझे कड़ी मेहनत करनी पड़ी। *-जोकोविच*

11 वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन मेंस सिंगल्स फाइनल में पहुंचे हैं नोवाक जोकोविच। उन्होंने टूर्नामेंट का सिंगल्स खिताब 10 बार जीता है

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** यहां मेलबर्न पार्क में शुक्रवार का दिन टेनिस इतिहास के सबसे रोमांचक दिनों में से एक रहा। वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज और 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने अपने-अपने मैराथन सेमीफाइनल जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के मेंस सिंगल्स फाइनल में जगह बनाई। दोनों ही खिलाड़ियों ने पांच-पांच सेट के कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज की।

सबसे लंबा सेमीफाइनल: दिन का पहला सेमीफाइनल अल्काराज और वर्ल्ड नंबर-3 अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच हुआ। पांच घंटे 27 मिनट तक चला यह मैच ऑस्ट्रेलियन ओपन के इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल बन गया। उतार-चढ़ाव से भरा यह मैच अल्काराज ने 6-4, 7-6, 6-7, 6-7, 7-5 से जीता। एक समय ज्वेरेव पांचवें सेट में 5-4 से आगे थे और मैच के लिए सर्व कर रहे थे, लेकिन अल्काराज ने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई। बाईस साल की उम्र में अल्काराज 'करियर ग्रैंडस्लैम' पूरा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बनने की दहलीज पर हैं।

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

सिनर का विजय रथ रुका: जोकोविच और सिनर का मैच देर से शुरू हुआ, जो रात करीब 1:30 बजे खत्म हुआ। शुरुआती सेट गंवाने के बाद जोकोविच ने शानदार वापसी करते हुए पिछले विजेता सिनर के विजय रथ को रोका। जोकोविच ने चार घंटे नौ मिनट तक चले मैच में सिनर को 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से मात दी। जोकोविच इससे पहले 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने हर बार खिताब जीता है। सडे को होने वाले फाइनल में टेनिस जगत की दो पीढ़ियां आपस में टकराएंगी।

अभिषेक को दबाव में रखना होगा हमें: हेनरी

■ **एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम:** अभिषेक शर्मा भले ही दुनिया भर के पेसर्स के लिए बुरे सपने की तरह हों, लेकिन न्यूजीलैंड के फास्ट बोलर मैट हेनरी के पास इस भारतीय बोलर के लिए एक सरल रणनीति है, लगातार सटीक बोलिंग करके उन्हें दबाव में रखना। विशाखापत्तनम में चौथे टी20I मैच में हेनरी ने अभिषेक को गोल्डन डक कर दिया था, जिससे कीवी टीम को यह मैच 50 रन से जीतने में मदद मिली थी। हेनरी ने यहां पांचवें मैच की पूर्व संध्या पर कहा, "पिछले दो वर्षों से वह शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और न सिर्फ इंटरनैशनल क्रिकेट में बल्कि IPL में भी बोलिंग अटैक का डटकर सामना कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम उन पर किस तरह से दबाव बनाते हैं यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।"

उधर, भारतीय टीम के बैटिंग सितांशु कोटक ने स्वीकार किया कि संजू सैमसन खराब दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन उन्हें इस बैटर की काबिलियत पर कोई शक नहीं है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

कीवी पेसर मैट हेनरी

लाड की सेंचुरी, मुंबई मज़बूत

■ **एजेंसियां, मुंबई:** संकटमोचक सिद्धेश लाड की सीजन की पांचवीं सेंचुरी की बदौलत मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप-डी के आखिरी लीग मुकाबले के दूसरे दिन पहली पारी में अहम बढ़त हासिल कर ली। तैंतीस वर्षीय लाड ने 178 बॉल पर 12 फोर की मदद से 102* रन बनाए। यह रणजी में उनका लगातार चौथा शतक भी है। उनकी पारी के दम पर मुंबई ने दूसरे दिन स्टंप्स तक पांच विकेट पर 266 रन बनाए और दिल्ली (पहली पारी 221 रन) से लीड ले ली। लाड ने सुवेद पारकर (53* रन) के साथ छठे विकेट के लिए 130* रन जोड़कर पारी को संभाला। एक समय मुंबई के पांच विकेट 136 रन पर गिर गए थे। सरफराज खान 24 रन पर आउट हुए, जबकि उनके छोटे भाई मुशीर खान ने 57 रन बनाए। दिल्ली के पेसर मनी ग्रेवाल ने तीन विकेट निकाले। दिविज मेहरा और राहुल चौधरी को एक-एक विकेट मिला।

सस्ते में सिमटी हरियाणा की टीम

रोहतक में ग्रुप-सी मुकाबले के दूसरे दिन आकाश दीप और शहबाज अहमद की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने हरियाणा पर मजबूत पकड़ बना ली। आकाश (5/40) और शहबाज (5/42) ने पांच-पांच विकेट बांटते हुए मेजबान टीम को महज 100 रन पर समेट दिया। बंगाल को पहली पारी में 93 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में सुदीप घरामी (61) और अभिमन्यु ईश्वरन (61*) ने दूसरे विकेट के लिए 109 रन जोड़कर बढ़त को और मजबूत किया। दिन का खेल समाप्त होने तक बंगाल 3 विकेट पर 155 रन बनाकर कुल 248 रन आगे था।

रणजी का रण

लाड ने सीजन का पांचवां शतक लगाया

गुजरात जायंट्स Vs मुंबई इंडियंस
विमिंस प्रीमियर लीग

जायंट्स प्लेऑफ में पहुंची, मुंबई को हराया

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** गुजरात जायंट्स ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के अपने आखिरी लीग मैच में मुंबई इंडियंस को 11 रन से हराकर टूर्नामेंट के प्लेऑफ में अपनी जगह सुनिश्चित की। पहले बैटिंग करते हुए जायंट्स ने जॉर्जिया वेयरहैम (44* रन, 2/26) और एश्ले गार्डनर (46) की बदौलत 20 ओवर्स में 167/4 का स्कोर बनाया। जवाब में मुंबई हरमनप्रीत कौर (82* रन) के संघर्ष के बावजूद 20 ओवर्स में 7 विकेट पर 156 रन ही बना पाई। प्लेऑफ का आखिरी स्थान एक फरवरी को दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स की भिड़ंत से तय होगा।

जॉर्जिया वेयरहैम

विमिंस सिंगल्स फाइनल आज

एलेना रिबाकिना	प्लेयर	आरिना सबालेंका
कजाखस्तान	देश	बेलारूस
5	रैंकिंग्स	1
26	उम्र	27
6'0	हाइट	5'11
11	सिंगल्स टाइटल	22
6	आपसी मैच में जीत	8

टेलिकास्ट: दोपहर 2:00 बजे से सोनीलिव और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर



रिबाकिना सबालेंका

मोनांक को अमेरिका की कमान

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए 15 सदस्यीय टीम चुनी है। भारतीय घरेलू क्रिकेट सर्किट में मुंबई की ओर से खेल चुके शुभम रंजने भी अमेरिकी टीम से टी20 वर्ल्ड कप में डेब्यू के लिए तैयार हैं। टी20 वर्ल्ड कप में यूएस को ग्रुप-ए में रखा गया है, जहां उसका सामना पाकिस्तान, नामीबिया, नीदरलैंड्स और भारत से होगा। टीम की कमान मोनांक पटेल को सौंपी गई है।

UAE की टीम भी घोषित: संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के बैटर मोहम्मद वसीम टी20 वर्ल्ड कप में टीम की कमान संभालेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के तीन खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें मोहम्मद वसीम के अलावा अलीशान शराफू और जुनैद सिद्दीकी भी 2022 में वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा रहे थे। पूर्व भारतीय खिलाड़ी लालचंद राजपूत टीम के हेड कोच हैं।

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट

शुभम रंजने

मेनन चौथी बार अंपायर: एलीट पैनल के अंपायर नितिन मेनन चौथी बार टी20 वर्ल्ड कप में अंपायरिंग करेंगे जबकि उनके साथी भारतीय अंपायर अनंत पद्मनाभन इस टूर्नामेंट में डेब्यू करेंगे। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल एलीट पैनल में शामिल एकमात्र भारतीय मेनन इससे पहले 2021, 2022 और 2024 के टी20 वर्ल्ड कप में अंपायरिंग कर चुके हैं।

गुकेश के सामने होगी अरविंद की चुनौती

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स):** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश तुर्किये के यागिज कान एरडोग्मुस पर अहम जीत के बाद टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट के 11वें राउंड में हमवतन अरविंद चिदंबरम से खेलेंगे। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में अब केवल तीन राउंड बचे हैं। खिताबी दौड़ रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है। पहले 10 राउंड के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6.5 अंकों के साथ टॉप पर हैं।

टाटा मास्टर्स चेस

अरविंद चिदंबरम

'च्यूइंग गम' कांड से हुए बाहर!

■ **भाषा, नई दिल्ली:** भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह समेत तीन खिलाड़ियों को FIH प्रो-लीग के आगामी सीजन से पहले संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट से बाहर करने के फैसला पिछले साल दिसंबर में साउथ अफ्रीका के दौरे पर ही 'अनुशासनात्मक' कारणों से ले लिया गया था। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थी कि किसी भारतीय खिलाड़ी के सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों का हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की के (412) रेकॉर्ड की बराबरी से रोकने के लिए मनप्रीत को बाहर किया गया है। सूत्रों ने कहा, 'दौरे पर अनुशासनहीनता का एक गंभीर मामला सामने आया था, जब एक खिलाड़ी टीम बैठक से गायब था। बाद में पता चला कि उसे मनप्रीत, दिलप्रीत और पाठक ने प्रतिबंधित पदार्थ वाली 'च्यूइंग गम' खिलाई थी जिससे वह बेहोश हो गया।'

कैंप के लिए नहीं चुने जाने का मामला

पूर्व हॉकी कप्तान मनप्रीत सिंह

क्रेग ने दी थी इस्तीफे की धमकी

हेड कोच क्रेग फुल्टोन ने मनप्रीत सिंह को अनुशासनहीनता के आधार पर भारत की संभावित खिलाड़ियों की कोर सूची से बाहर किए जाने का कड़ा विरोध किया था। सूत्र ने कहा कि इस फैसले के बाद फुल्टोन ने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी, लेकिन हॉकी इंडिया द्वारा मनाने के बाद वह पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए।

बड़ी चुनौती के लिए तैयार है भारतीय टीम

■ **पीटीआई, पोखरा (नेपाल):** भारत की अंडर-17 विमिंस फुटबॉल टीम सैफ अंडर-19 विमिंस चैंपियनशिप 2026 में अपना पहला मैच नेपाल के खिलाफ शनिवार को खेलेगी। नई हेड कोच पामेला कोंटी की अगुआई में अंडर-17 टीम इस बड़ी आयु वर्ग के टूर्नामेंट का इस्तेमाल एएफसी अंडर-17 विमिंस एशियन कप की तैयारियों के तौर पर कर रही है। कोंटी ने टूर्नामेंट से पहले कहा, 'हमारी टीम युवा है क्योंकि हम अंडर-17 हैं। टूर्नामेंट से ज्यादा ये मैच खुद को आंकने और एशियन कप और वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर की तैयारी करने का मौका हैं।'

सैफ अंडर-19 विमिंस फुटबॉल

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज आप एक महत्वपूर्ण परियोजना आरंभ करने वाले हैं, जिसके सफलतापूर्वक पूरा होने में एक साल लग सकता है। आर्थिक लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। सेहत और वित्तीय मामलों की अनदेखी न करें। फिलहाल जमीन जायदाद के लिए निवेश करना आपके लिए शुभ रहेगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
मकर राशि वाला कोई व्यक्ति आपके समक्ष प्रस्ताव पेश करेगा, किन्तु उसके बहकावे में न आएं। शाम से रात तक किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। आज का दिन स्वास्थ्य के लिए खराब है। खान-पान से बचें। ध्यान रहे किसी भी वस्तु की अधिकता हानिकारक होती है।

GEMINI 21 May - 21 Jun
जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेंगे। भाग्य आज महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव की मंजूरी मिलने और भुगतान मिलने के बाद आप व्यावसायिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। उपयुक्त व्यक्ति और उम्दा अवसर आपको मिलते रहेंगे, जिनकी अतीत में आपको तलाश थी।

CANCER 22 Jun - 22 July
शाम के समय आप परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति उदार रवैया अख्तियार करेंगे। आज आप प्रसन्नता अनुभव करेंगे। विलासितापूर्ण माहौल का लुत्फ उठाएंगे। बड़ी मात्रा में पैसा हाथ में आने से आप संतुष्टि महसूस करेंगे। रात में अपने दोस्तों पर धन का खर्च भी हो सकता है। अधिक धन खर्च करने से बचें अन्यथा आपको भविष्य में परेशानी हो सकती है।

LEO 23 July - 22 Aug
नीति संबंध प्रेम पूर्ण और सहयोगपूर्ण रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहने से आप विभिन्न कार्यों में सक्रियता पूर्वक भाग लेंगे। अपने पार्टनर के साथ मिलकर आप अपने संसाधनों को एकजुट करने में सफल रहेंगे। शाम का समय अध्यात्म समागम में व्यतीत होगा। रात में आपको कोई तोहफा मिल सकता है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
सहकर्मियों के सहयोग से आज आप एक परियोजना को पूरा करने में सफल रहेंगे। किसी महान व्यक्ति के हस्तक्षेप से पारिवारिक विवाद का समाधान हो जाएगा। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। परिस्थितियों का आकलन करें और फिर दिल और दिमाग की बात सुनकर फैसला लें।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज आपको विदेशीय व्यावसायिक साझेदारी व संबंधों से लाभ होगा, लेकिन नीति संबंधों के मामले में विदेशीय रिश्ते आपके जीवन में समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। आप जीवन में तीन भूमिकाएं निभाएंगे। बेहतर यही होगी कि हर भूमिका को अलग-अलग रखें, उन्हें आपस में मिलाएं नहीं। शाम का समय मनोरंजन में व्यतीत होगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आपकी राशि से पंचम शनि और चतुर्थ में केतु का दृष्टि योग मिश्रित फलदायक है। शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होने के बावजूद आप जो भी कार्य साहस के साथ करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र और परिवार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। आप साहस के साथ सामना करेंगे।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
सेहत और वित्तीय संसाधनों पर ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे लोगों के कार्यों के लिए ज्यादा समय और ऊर्जा बर्बाद न करें, क्योंकि ऐसे लोग एक के बाद एक दूसरी फरमाइशें पेश करेंगे। आज समाज में भी आपका महत्व बढ़ेगा। मूड में उतार-चढ़ाव पर नजर रखें।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आपकी राशि से तृतीय स्थान मीन राशि पर शनि संचार कर रहा है। आप परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर खड़े हैं। किसी कठिन दौर से गुजर सकते हैं। लेकिन याद रखें, जब अंधेरा गहराता है तब सवेरा करीब होता है। सच्चाई का सामना करेंगे और आपके समक्ष भावनात्मक समस्याएं भी आएंगी।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
राशि स्वामी शनि के द्वितीय भाव में होने से निजी संबंधों पर भावनाएं हावी रहेंगी। अन्तर्मन की पुकार को सुनें। हर मामले में अतिवाद से बचें। जीवन के कड़वे अनुभवों से सबक सीखें। अतीत को भुलाकर वर्तमान में कदम आगे बढ़ाएं। आज आपके कार्य क्षेत्र में अप्रत्याशित बदलाव की संभावना है।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज चंद्रमा कर्क राशि पर संचार कर रहा है। जो कि आपकी राशि से पंचम भाव है। जो उम्मीदें संजो रखी हैं, उनके पूरा न होने पर आप खिन्न रहेंगे। निजी संबंधों के कुछ मामलों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह बात नोट कर लीजिए कि जीवन में जब भी आपको आवश्यकता पड़ेगी तब पारिवारिक सदस्यों से सहयोग नहीं मिलेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष शनि-मंगल-शुक्र का प्रभाव विशेष रूप से आपके व्यक्तित्व पर पड़ेगा। यद्यपि वर्ष अत्यन्त शुभ फलकारक है, फिर भी जरा सी असावधानी से गुप्त शत्रु सक्रिय होकर आपको परेशानी में डाल सकते हैं। इसलिए सावधानी रखना जरूरी है। शेष दिनों में कोई महिला मदद करेगी। करवटी मार्च में नियमित कार्यप्रणाली में बदलाव लाने से यथोचित लाभ हो जाएगा। अप्रैल मई में संतान पक्ष की चिंता से आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। जून जुलाई में सभी रुके हुए काम कुछ झंझटों और खर्च करने के बाद बन जाएंगे। अगस्त और सितंबर के महीने में किसी नवल कार्य की योजना बनेगी। अक्टूबर से लेकर नवंबर के अंत तक सार्थक यात्रा और पर्यटन का योग है। धार्मिक स्थलों पर जाने की योजना बनाएंगे जो लाभप्रद सिद्ध होगा। दिसंबर में आपने ज्ञान, मनोरंजन पर खर्च करना सुखद सिद्ध होगा। इससे आपकी बोरियत भी दूर होगी और आपके असंतुष्ट लोगों का भी मन लगा रहेगा। जनवरी 2027 में विद्यार्थी वर्ग को कठिन परिश्रम से सफलता मिलेगी। वर्ष के आखिर में भाग्य का उदय, धन-धर्म की वृद्धि, शत्रु विवादों का दमन, प्रवास से प्रबल विरोधियों के होने पर भी अंत में सर्वत्र विजय विभूति की प्राप्ति, हर्ष मंगलमय परिवर्तन और मनोरथ सिद्धि होगी। अपने ईष्ट की आराधना करते रहें।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(रविवार, 1 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 12, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, पूर्णिमा, रविवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 19, शाबान 12, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 1 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल शाम 4 बजकर 30 मिनट से 6 बजे तक। पूर्णिमा तिथि अर्धरात्रोत्तर 3 बजकर 39 मिनट तक के बाद प्रतिपदा तिथि का आरंभ। पुष्य नक्षत्र रात्रि 11 बजकर 58 मिनट तक के बाद आश्लेषा नक्षत्र का आरंभ। प्रीति योग पूर्वाह्न 10 बजकर 19 मिनट तक के बाद आयुष्मान योग का आरंभ। विष्टि करण शाम 4 बजकर 46 मिनट तक के बाद बालव करण का आरंभ। आज के व्रत त्योहार मेला जैसलमेर (राजस्थान) शुरू, चतुर्दशी तिथि का क्षय।

सुडोकू

	7	4			6			
			4		5	6		3
	2							4
9	3		7		1		5	
				6				
	6		3		2		1	9
1							8	
3		8	1		4			
			8			9	3	

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	13:30 भ से भड़े
10:00 बदतुध बुद्धक	14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
11:00 रुद्र के रक्षक	15:00 लिटिल कृष्णा
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	17:00 बबलू डबलू
12:30 हम पांच	18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:00 रुद्र के रक्षक	

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK2 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 01-30-2026 21:21 Color:

Aditya
BUILDING TRUST SINCE 1979

UPRERAPRJ5728T3/11/2024
https://up-rera.in/projects
COLLECTION ACCOUNT DETAILS:
NAME: AAPL PROJECTS PVT. LTD.
COLLECTION ACCOUNT FOR THE KUTUMB
PROJECT COLLECTION ACCOUNT NO.: 1226110000006459
BANK NAME: PUNJAB & SIND BANK | IFSC: PSIB0011226
ADDRESS: SHOP NO 14A & 12, SHIPRA AZURE ARCADE
NEAR WAVE CINEMAS, KAUSHAMBI, GHAZIABAD- 220010

LAST 2 DAYS LEFT
SAVE UPTO ₹65 LAKH*

PRICES ARE SET TO RISE FROM FEB 1ST, 2026

CURRENT BSP
₹8,990* PER SQ. FT.
(₹96,767.4 PER SQ. MTR.)

REVISED BSP
₹10,990* PER SQ. FT.
(₹118,295.26 PER SQ. MTR.)

AVAIL OUR LIMITED-TIME OFFER*
PAY ONLY 3% MONTHLY FOR 16 MONTHS

ULTRA LUXURY FUTURE-READY 4 BHK HOMES

4 ICONIC TOWERS IN A GATED LUXURY ENCLAVE

GRAND CLUB HOUSE OVER 70,000 SQ. FT. (6503.2 SQ. MTR.)

40,000 SQ. FT. SKY DECK (3716.12 SQ. MTR.) ON THE 29TH FLOOR ROOF

40+ AMENITIES FOR AN ACTIVE LIFESTYLE

SPACIOUS LAYOUTS 2667 SQ.FT. (247.7 SQ. MTR.) & 3283 SQ.FT. (305 SQ. MTR.)

EXCLUSIVELY MARKETED BY
INVESTORS CLINIC
UPRERAAGT10052

83770 05001

Disclaimer: This advertisement is not a legal offering and purely conceptual in nature and includes graphical/artistic representation of the project which does not purport to be the exact replica or representation of the Project. Vide this advertisement, the Company does not intend to offer or invite to offer any person to create any legal or contractual relationship. The content in this advertisement including the building, elevation, areas, designs, layouts, specifications, amenities, facilities etc. are merely indicative and artistic in nature and may be in variance with the actual site. The Company advises the viewer to exercise their own discretion. The viewer/prospective buyer may seek all information including sanctioned plans, approvals, development schedule, time of delivery, specifications, facilities, amenities & scheme details from the Company in respect of the concerned project/phase that he/she may be interested in, before proceeding with any such booking/registration etc. Furnitures and Fixtures shown in the advertisement will not be part of the actual flat. PS: 1 Sq. Mtr. = 10.764 Sq. Ft. = 1.196 Sq. Yards. T&C Apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 01-30-2026 22:58 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब एक चिंपैंजी ने की अंतरिक्ष की यात्रा

आज ही के दिन 1961 में हैम (Ham) नाम के चिंपैंजी ने 'मर्करी-रेडस्टोन 2' मिशन के जरिए अंतरिक्ष की ऐतिहासिक यात्रा की। वह केवल एक यात्री नहीं, बल्कि 'एस्ट्रोचिंप' था, यानी उसे एस्ट्रोनॉट की तरह ट्रेनिंग मिली थी। इस सफल मिशन से मानव अंतरिक्ष यात्रा का रास्ता मजबूत हुआ। सफल वापसी के बाद, हैम ने अपना बाकी जीवन चिड़ियाघरों में बिताया। उसे आज अंतरिक्ष विज्ञान के नायकों में गिना जाता है।

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली

NBT

Front Page-2

शनिवार, 31 जनवरी 2026

आगे स्पेस होटल, टूरिजम होगा आम

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में अंतरिक्ष पूरी तरह अनजान नहीं रहेगा, लेकिन रहस्यमय बना रहेगा। तकनीक इतनी आगे होगी कि चांद पर बसावट और मंगल पर रिसर्च स्टेशन आम बात बन जाएंगे। स्पेस टूरिज्म, स्पेस होटल और जीरो ग्रैविटी के अनुभव चर्चा में रहेंगे। सीमित शर्तों में आम लोग भी स्पेस में जा सकेंगे। AI से चलने वाले यान यात्राओं को सुरक्षित बनाएंगे। फिर भी ब्लैक होल, जीवन की खोज और ब्रह्मांड की सीमाएं इंसान को लगातार चुनौती देती रहेंगी।



AI Images

SPEED News

बांग्लादेश की हिंसा पर अमेरिका है अलर्ट



ढाका में US के दूतावास ने शुक्रवार को सुरक्षा अलर्ट जारी किया। बांग्लादेश में अमेरिकियों से सावधानी बरतने को कहा गया है।



Agency

गाज़ा की सीमा चौकी फिर खोलेगा इस्राइल

इजिप्ट से लगती रफा सीमा चौकी को 2 साल बाद रविवार से फिर खुलेगी। क्षेत्र में फलस्तीनियों को एंट्री/एग्जिट की अनुमति मिलेगी।

पाक के तीन प्रांतों में 52 आतंकवादी ढेर



पाकिस्तानी सेना ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को बलूचिस्तान, पंजाब समेत तीन सूबों में अभियान में ये आतंकी मारे गए।



14 साल बाद बांग्लादेश से पाक पहुंचा विमान

ढाका से यह विमान गुरुवार रात कराची उतरा। दोनों देशों के बीच 14 साल बाद सीधी हवाई सेवा बहाल हुई है।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

कैप्चा, OTP...CGHS कार्ड बनाने के हर स्टेप में दिक्कत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

डिजिटल इंडिया के दौर में CGHS (सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) के कार्ड का आवेदन करना भारी परेशानी का कारण बनता जा रहा है। कार्ड के ऑनलाइन सिस्टम के धीमे होने और बार-बार आ रही दिक्कतों से लोग नाराज हैं।

हेल्थ कार्ड का ऑनलाइन आवेदन बन रहा सिरदर्द

खराब कैप्चा: आवेदकों का कहना है कि वेबसाइट पर खराब कैप्चा (CAPTCHA) होता है, जिसे पढ़ना-भरना नामुमकिन-सा हो जाता है। कई बार सही कैप्चा डालने पर भी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती है।

पेमेंट में दिक्कत

बड़ी परेशानी Bharatkosh पोर्टल पर पेमेंट में आ रही है। कई यूजर्स ने बताया कि भुगतान को पूरा करने के लिए OTP काफी देर से आता है। कई बार सिस्टम उसे स्वीकार ही नहीं करता। पेमेंट सफल होने के बाद भी समस्या खत्म नहीं होती।

AI Image



कई दिन में चालान

कई लोगों का कहना है कि भुगतान के बाद चालान जेनरेट होने में 3-4 दिन तक लग रहे हैं। इस देरी से आगे की प्रक्रिया अटकती है। फिर दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

बाद में भी लाइन

हैरानी यह है कि ऑनलाइन फॉर्म भरने के बावजूद लोगों को हार्ड कॉपी लेकर ऑफलाइन जमा करने के लिए लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है। लोगों का सवाल है कि प्रक्रिया अगर ऑनलाइन है तो फिर ऑफलाइन जमा करने की मजबूरी क्यों?

सोशल मीडिया पर निकल रहा गुस्सा

ऐसी समस्याओं पर सोशल मीडिया पर भी नाराजगी खुलकर सामने आ रही है। कई यूजर्स ने स्क्रीनशॉट के साथ कैप्चा, ओटीपी फेल होने, पेमेंट अटकने जैसी दिक्कतों का जिक्र किया है और सिस्टम को तुरंत दुरुस्त करने की मांग की है। बुजुर्ग पेंशनभोगी और बीमार लोग इस प्रक्रिया में सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। लोगों की यह भी मांग है कि पूरी प्रक्रिया को वास्तव में पेपरलेस बनाया जाए, ताकि आम आदमी को राहत मिल सके।

ट्रंप ने भेजे वॉरशिप, मंत्री पर बैन, ईरान ने कहा-1000 ड्रोन तैयार

■ एएफपी, वॉशिंगटन/ इस्तांबुल

ईरान पर हमलों की आशंका के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि बहुत बड़े और ताकतवर जंगी जहाज ईरान की ओर बढ़ रहे हैं। अच्छा होगा कि हमें उनका इस्तेमाल न करना पड़े। हम सैन्य कार्रवाई से बचना चाहते हैं। बातचीत की भी संभावना है, लेकिन इसके लिए दो काम करने होंगे पहला- कोई एटमी हथियार नहीं और दूसरा- प्रदर्शनकारियों की हत्या बंद हो।

अमेरिका का शक्तिशाली वॉरशिप लाल सागर पर स्थित इस्राइली बंदरगाह एलात (Eilat) पहुंच चुका है। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के खूनी दमन के आरोप में अमेरिका ने ईरानी गृह मंत्री मोमेनी समेत कई अफसरों पर प्रतिबंध भी लगा दिया है। ईरान के अधिकारियों और परिवारों का अमेरिका में रहने का विशेषाधिकार खत्म कर दिया है।

ईरान भड़का: ईरान विरोधी इन कदमों से तनाव बढ़ने के आसार हैं। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से बातचीत की अभी योजना नहीं है। ईरान की सेना ने कहा कि हमने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार किए हैं।

कूटनीति तेज: तुर्किये ने मध्यस्थता की पहल तेज कर दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार को इस्तांबुल पहुंचे। वह तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप अर्दोआन और उनके विदेश मंत्री से मिलने वाले हैं। अर्दोआन ने ईरानी राष्ट्रपति से कहा था कि हम तनाव घटाने में भूमिका निभा सकते हैं। यूएन चीफ गुटेरेस ने ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी एक देश के हुक्म से दुनिया नहीं चलती। इससे किसी समस्या का निपटारा नहीं किया जा सकता है।

इस्राइली तट पर जंगी जहाज़ तैनात

अमेरिका ने अपने वॉरशिप USS Delbert D. Black को इस्राइली बंदरगाह एलात में तैनात किया है।

SM-3, SM-6 मिसाइलों से लैस यह वॉरशिप दुश्मन मिसाइलों को हवा में ही नष्ट करने में सक्षम है।

File

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि सात देशों के साथ ईरान पर हमले की टारगेट लिस्ट तैयार हो चुकी है।

चीन पर ट्रंप को ब्रिटिश पीएम का पलटवार

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के चीन दौरे के बीच ट्रंप ने चेताया कि ब्रिटेन के लिए चीन से समझौता करना 'बहुत खतरनाक' है। इस पर शुक्रवार को शंघाई पहुंचे ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने कहा कि चीन से बातचीत और आर्थिक जुड़ाव से दूरी बनाना ब्रिटेन के देश हित में नहीं होगा। सिर्फ यह कह देना कि हम चीन को नजरअंदाज करेंगे, सरासर मूर्खता होगी। (एएफपी)

कनाडा को 50% टैरिफ की धमकी

ट्रंप ने अमेरिका में बिकने वाले कनाडा के विमानों पर 50% टैरिफ लगाने और वहां बने सभी विमानों के सर्टिफिकेशन रद्द करने की धमकी दी है। ट्रंप ने अमेरिकी विमान कंपनी गल्फस्ट्रीम एयरोस्पेस के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए यह धमकी दी, जिससे कनाडा की कंपनी Bombardier Inc. अपने सबसे बड़े बाजार- अमेरिका में संकट में आ सकती है।

क्यूबा को बताया गंभीर खतरा: ट्रंप ने कहा कि क्यूबा से अमेरिका को असामान्य और गंभीर खतरा है। उन्होंने नैशनल इमरजेंसी घोषित की और नए टैरिफ सिस्टम को लागू करने का आदेश दिया। इसके तहत उन देशों पर और टैरिफ लगाया जा सकता है, जो क्यूबा को तेल की सप्लाई करते हैं।

निसार ने बादलों को चीरकर ली यह तस्वीर

इसरो और नासा के साझा सैटलाइट ने धुंध में भी साफ दिखाया मिसिसिपी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आमतौर पर जब आसमान में घने बादल होते हैं तो सैटलाइट से ली गई तस्वीरों में जमीन ठीक से नहीं दिखती। शहर, नदियां और खेत सब धुंध में छिप जाते हैं। लेकिन नासा और इसरो के साझा सैटलाइट निसार (NISAR) ने साबित कर दिया कि अब बादल भी धरती की सच्चाई छिपा नहीं सकते। निसार मिशन ने हाल में नई तस्वीर जारी की है, जिसमें अमेरिकी के लुइज़ियाना (Louisiana) राज्य का मिसिसिपी (Mississippi) नदी डेल्टा का इलाका साफ-साफ दिख रहा है। इस तस्वीर में न्यू ऑर्लियंस (New Orleans) और बैटन रूज (Baton Rouge) शहर, मिसिसिपी नदी, झील, जंगल, दलदली इलाके, खेत और रिहायशी क्षेत्र साफ नजर आ रहे हैं। खास बात यह कि जिस दिन तस्वीर ली गई, उसी दिन आम ऑप्टिकल सैटलाइट से ली गई तस्वीरों में पूरा इलाका बादलों से ढका था, लेकिन निसार ने रेडार तकनीक से बादलों के आर-पार झांकते हुए जमीन की पूरी जानकारी हासिल कर ली।

रेडार तकनीक से बादलों के आर-पार देखना संभव

NASA

निसार (NISAR) सैटलाइट ने धुंध में भी मिसिसिपी (Mississippi) नदी डेल्टा की यह तस्वीर ली है। तस्वीर में हरा रंग घने जंगलों और स्वस्थ पेड़ों को दिखाता है। मैजेंटा फसलों और पीला रंग दलदली इलाकों की पहचान कराते हैं।

L बैंड माइक्रोवेव तरंगों पर काम करता है निसार सैट

निसार में इस्तेमाल L बैंड रेडार माइक्रोवेव तरंगों पर काम करता है। करीब 24 सेंटीमीटर की तरंगें बादलों को बिना किसी रुकावट के पार करती हैं और नीचे मौजूद जमीन, पेड़ों, इमारतों और पानी की सतह से टकराकर वापस सैटलाइट तक पहुंचती हैं। इसी डेटा से रंगीन और सटीक नक्शे तैयार होते हैं। निसार को 30 जुलाई 2025 को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया था।

डिजास्टर मैनेजमेंट, खेती, जंगलों की निगरानी में कारगर

नासा का कहना है कि निसार का डेटा आपदा प्रबंधन, खेती, जंगलों और वेटलैंड्स की सुरक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति पर नजर रखने में बेहद मददगार होगा। इसका डेटा वैज्ञानिकों और नीति-निर्माताओं के लिए बड़ा हथियार साबित हो सकता है। यह सैटलाइट हर 12 दिन में दो बार धरती की जमीन, पर्वतों और बर्फीले इलाकों की निगरानी करता है।



अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. NISAR सैटलाइट को भारत ने किस अन्य स्पेस एजेंसी के साथ मिलकर लॉन्च किया था?
A. NASA B. ESA C. JAXA

2. MYBharat पोर्टल इनमें से केंद्र के किस मंत्रालय की पहल है?
A. शिक्षा B. गृह C. युवा-खेल

3. संविधान के किस अनुच्छेद में 'राइट टु लाइफ' यानी जीवन के मूल अधिकार का वर्णन है ?
A. अनुच्छेद 14 B. अनुच्छेद 21 C. अनुच्छेद 10

4. निपाह इनमें से किसके संक्रमण से होता है?
A. वायरस B. बैक्टीरिया C. फंगस

5. कार्लोस अल्काराज किस देश के खिलाड़ी है?
A. अमेरिका B. सर्बिया C. स्पेन

कल के जवाब

A1 B. VSR वेंचर्स A2 A. 7.4% A3 B. घटी है A4 C. विजय चौक A5 B. स्कॉट बेसेंट

लकी विनर्स



1. निष्का खारी, रामपुर नई दिल्ली
2. रवि माथुर, गुड़गांव
3. जगमोहन, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

चांदी की ट्रेन, शॉल...भारत से US के नेताओं को गिफ्ट



अमेरिकी विदेश विभाग ने उन तोहफों की लिस्ट जारी की है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके मंत्रियों और अन्य अधिकारियों से अमेरिकी नेताओं को मिले हैं। लिस्ट में 2024 में मिले गिफ्ट का ब्योरा है। इनमें उन तोहफों को रखा गया है, जिनकी न्यूनतम कीमत $480 रही।

10 सितंबर 2023 PM मोदी ने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को लकड़ी का संदूक, स्कार्फ, जार के साथ केसर और चायपत्ती के लिए लकड़ी का डिब्बा गिफ्ट किया था। अनुमानित कीमत $562 (51,675 रु.) है। बाइडन G20 में हिस्सा लेने भारत आए थे।

16 जुलाई 2024 अमेरिकी दौरे में मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को चांदी की ट्रेन का सेट गिफ्ट किया। इसकी कीमत करीब 7.12 लाख रु. रही। ट्रेन में एक तरफ 'दिल्ली टु डेलवेयर' और दूसरी तरफ 'इंडियन रेलवेज' लिखा था।

18 अक्टूबर 2024 मोदी की ओर से पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को चांदी का ऐसा डिब्बा गिफ्ट किया, जिसमें 'कृष्ण की रास लीला' उकेरी गई थी। अनुमानित कीमत $1,330 (1.22 लाख रुपये) आंकी गई। उनके पति को कफलिंक दिए गए।

21 अक्टूबर 2024 मोदी ने अमेरिका की पूर्व फर्स्ट लेडी जिल बाइडन को पश्मीना शॉल भेंट किया। अनुमानित कीमत 2.72 लाख रुपये है।

24 नवंबर 2022 रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन को शिव नटराज की प्रतिमा दी गई थी।

तमिलनाडु से चुराई 3 मूर्तियां लौटाएगा US

अमेरिका के 'नैशनल म्यूज़ियम ऑफ एशियन आर्ट' ने तमिलनाडु के मंदिरों से चुराई गई तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियों को भारत को लौटाने का फैसला किया है। इनमें चोल काल (990 ईस्वी) की 'शिव नटराज' प्रतिमा भी है।

US में इमिग्रेशन पर ऐक्शन का तेज़ हुआ विरोध

Agency

मिनियापोलिस में शुक्रवार को सरकार विरोधी बड़े प्रोटेस्ट हुए।

■ **एपी, वॉशिंगटन:** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की कड़ी इमिग्रेशन कार्रवाई के खिलाफ शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने 'नो वर्क, नो स्कूल, नो शॉपिंग' के नारे लगाते हुए कामकाज ठप रखा। सीएनएन के पूर्व एंकर Don Lemon समेत दो पत्रकारों को भी हिरासत में लिया गया। मिनियापोलिस में ICE एजेंट्स के दमन के विडियो बनाती नर्स एलेक्स प्रेटी की हत्या के बाद से यह विरोध और तेज हुए, जिससे प्रशासन बैकफुट पर आया है।

भारत में निपाह काबू में: WHO

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** WHO ने कहा कि भारत में निपाह पर हमारी नजर है। फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं। केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार ने सर्विलांस बढ़ाया है। टेस्टिंग तेज की गई है। निपाह का नया मामला नहीं आया है। उधर, किर्गिस्तान ने भारत से पशु उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर ने कई एहतियात लागू की हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL1 User: cci Time: 01-30-2026 23:17 Color:

ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में अल्काराज फाइनल में

▸p15

NB नवभारत

भारी गिरावट के डर से आनन-फानन में बिकवाली

इन्वेस्टर्स को झटका, रेकॉर्ड ऊंचाई से गिरे सोना-चांदी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

मुनाफा वसूली के चलते शुक्रवार को MCX पर चांदी की कीमत रेकॉर्ड ऊंचाई से ₹0,000 गिर गई और सोना 25,000 रुपये नीचे आता देख निवेशकों में भगदड़ मच गई। रिटेल निवेशकों ने आगे भारी गिरावट के डर से आनन-फानन में बिकवाली की। इंडियन स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड गोल्ड और सिल्वर ETF में 24% तक की गिरावट आई। इंडिया बुलियन एंड जुलर्स असोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी 22,825 टूटकर 3,57,163 रुपये किलो और 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 6,865 टूटकर 1,68,475 रुपये पर आ गया है। गुरुवार रात ही खबर आ गई थी कि अमेरिका में सोना-चांदी टूटे हैं और इसका असर शुक्रवार को भारतीय बाजारों में देखने को मिलेगा। इस बड़ी गिरावट की कई वजह हैं, जिसमें डॉलर का मजबूत होना और अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में जनवरी में कमी न करना प्रमुख है। » पेज 14

US डॉलर की मजबूती गिरावट की एक वजह

AI Image

ये तेजी का अंत या फिर...

खरीदारी का मौका है या नहीं?

यह गिरावट खरीदारी का मौका है या तेजी के दौर का अंत, इस पर एक्सपर्ट की राय बंटी हुई है। ज्यादातर जानकार इस गिरावट को एक 'हेल्दी करेक्शन' मान रहे हैं। इसका मतलब है कि लंबी दौड़ के लिए बाजार का थोड़ा गिरना जरूरी थी। हालांकि एक्सपर्ट्स ने चेतावनी भी दी है कि आने वाले दिनों में काफी उतार-चढ़ाव रह सकता है। फिलहाल सावधानी के साथ साथ निवेश करना और मुनाफा वसूलना ही समझदारी है।

शेयर मार्केट में भी तेजी पर ब्रेक लगा

शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से चल रही तेजी थम गई। निवेशकों ने बजट से पहले मुनाफावसूली की, जिससे बाजार दबाव में आ गया। सेंसेक्स 296.59 अंक गिरकर 82,269.78 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 98.25 अंक टूटकर 25,320.65 पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 625 अंक तक की गिरावट देखी गई।

92 के आंकड़े को छूकर लौटा रुपया

रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.02 के रिकॉर्ड निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में मामूली बढ़त लिए 91.89 पर बंद हुआ। डॉलर की मजबूती और अस्थिर जियोपॉलिटिकल संकेतों के बीच रुपये में यह मामूली सुधार आया है।

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 10, 11, 13 और 15

GOOD न्यूज़

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 14

फटाफट खबरें

PM ने की वेनेजुएला की 'राष्ट्रपति' से बात

पीएम नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने पर सहमति जताई।

काजल ने मां को की थी विडियो कॉल

दिल्ली पुलिस SWAT कमांडो काजल की मां ने बताया कि 22 जनवरी को काजल ड्यूटी से घर आई तो विडियो कॉल पर बात की थी। फिर 4 घंटे बाद उनकी हत्या की सूचना मिली।

दिन में IT की रेड, रात में मृत मिले

रियल एस्टेट कंपनी 'कॉन्फिडेंट ग्रुप' के संस्थापक और चेयरमैन सी.जे. रॉय शुक्रवार को बेंगलुरु में अपने ऑफिस में मृत मिले। पुलिस ने कहा कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। टिन में आयकर विभाग ने उनके परिसरों में छापेमारी की थी।

दावा, तिरुपति लड्डू के घी में बीफ नहीं

CBI ने तिरुपति लड्डू में मिलावट के मामले में पिछले दिनों अपनी फाइनल चार्जशीट दाखिल की थी। दावा है कि 2019 से 2024 के बीच लड्डू प्रसाद बनाने में बीफ या चर्बी का इस्तेमाल नहीं हुआ था।

पैर में गोली मारने पर HC सख्त, कहा- अधिकारी होंगे ज़िम्मेदार

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पुलिस एनकाउंटर में गंभीर चोट के मामलों पर सख्त छह बिंदुओं की गाइडलाइंस जारी कीं। कोर्ट ने कहा कि नियमों का उल्लंघन होने पर जिला पुलिस प्रमुख व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। यूपी पुलिस के 'हाफ-एनकाउंटर' के तरीके पर कड़ी फटकार लगाते जस्टिस अरुण कुमार देशवाल की बेंच ने कहा कि उनके सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जहां पुलिस अधिकारी, सिर्फ समय से पहले प्रमोशन या सीनियर अधिकारियों से तारीफ पाने या सोशल मीडिया पर मशहूर होने के लिए अनावश्यक रूप से हथियार का इस्तेमाल करते हैं और आरोपी के घुटने के नीचे नीचे पैर में गोली मारकर चोट पहुंचाते हैं। कोर्ट ने कहा, चोट पहुंचाकर किसी अपराधी को सजा देने के लिए न्यायपालिका का काम करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

AI Image

इलाहाबाद कोर्ट ने कहा- सजा देने की इजाजत पुलिस को नहीं।

मुठभेड़ में आरोपी के पैर में लगी गोली

दिल्ली की स्पेशल सेल ने क्रिस कैफे ने युवक की गोली मारकर हत्या के केस में मोहन कुरैशी नाम के आरोपी को पकड़ा। पुलिस के मुताबिक धौरपुर, तिमारपुर इलाके में मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी है।

ऑटिज्म में स्टेम सेल थेरेपी पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को रेगुलर इलाज के रूप में मंजूरी देने से इनकार किया। कहा, इसका यूज सिर्फ स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल में ही किया जा सकता है।

बादल भी न छिपा सके धरती की सचाई, NISAR ने भेजी साफ तस्वीर

■ नासा और ISRO के सैटलाइट निसार (NISAR) ने बादलों के पार धरती की बिल्कुल साफ और सटीक तस्वीरें लीं। » पेज 16

■ तस्वीरों में US के लुइजियाना राज्य के मिसिसिपी नदी का डेल्टा क्षेत्र साफ दिखा। पेड़, झील, फसल, बिल्डिंग सबकुछ दिख रहा है।

प्रो-लीग कैंप विवाद

नशे वाला चुइंग गम बना मनप्रीत के बाहर होने की वजह!

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर **मनप्रीत सिंह** समेत 3 खिलाड़ियों को प्रो लीग के नैशनल कैंप के लिए संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट से बाहर किया गया था। एक सूत्र ने बताया, "साउथ अफ्रीका दौरे पर एक खिलाड़ी टीम मीटिंग से गायब था। पता चला कि मनप्रीत, दिलप्रीत और गोलकीपर कृशन बहादुर ने नशे वाला चुइंग गम खिलाया था, जिससे वह बेहोश हो गया। माफी मांगने के बाद भी तीनों खिलाड़ियों को कैंप से बाहर रखा गया।" » पेज 15

पार्टी में एक राय। NCP (AP) के विधायक दल की मीटिंग शनिवार सुबह होगी

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा महाराष्ट्र की डिप्टी CM बनेंगी, आज शपथ!

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

महाराष्ट्र की महायुति सरकार में डिप्टी सीएम रहे अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार उपमुख्यमंत्री का पद संभालेंगी। शनिवार शाम उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। सुनेत्रा पवार राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री होंगी। इससे पहले सुबह में NCP(AP) के विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। इसमें विधायक दल के नेता के पद पर चर्चा की जाएगी। कैबिनेट मंत्री मुनगंटीवार ने कहा कि दादा (अजित पवार) के जाने के बाद डिप्टी सीएम का पद खाली है और इसे सुनेत्रा पवार के जरिए भरा जा सकता है। शुक्रवार को NCP(AP) के नेताओं ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। » पेज 13

सुनेत्रा अभी राज्यसभा सांसद है

दोनों धड़ों के विलय में आ सकती है तेजी

अजित पवार के निधन के बाद उनके नेतृत्व वाली NCP (AP) और शरद पवार की NCP (SP) के विलय की प्रक्रिया में तेजी आ सकती है। विलय का ऐलान जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव के नतीजों के बाद हो सकती है। शरद पवार की पार्टी के नेता राजेश टोपे ने इसकी पुष्टि की।

NBT का नया अभियान

NBT जवाब हम लेंगे

सड़क पर गड्ढे हैं, नाले खुले हैं तो फोटो भेजें, अधिकारियों से जवाब हम मांगेंगे...

देखें पेज 9

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,69,000 (-14,000)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹3,84,500 (-20,000)

CCI:NG:3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAFL2 User: cci Time: 01-31-2026 00:05 Color:

पीरियड में सेफ साधनों की कमी से बच्ची की गरिमा को ठेस: SC

कोर्ट ने शिक्षाविद् को कोट कर कहा, पीरियड वाक्य को खत्म करे शिक्षा को नहीं

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मासिक धर्म के दौरान साफ और सुरक्षित साधनों की कमी एक बच्ची की गरिमा को ठेस पहुंचाती है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में मासिक धर्म से जुड़ा स्वास्थ्य अधिकार भी शामिल है। सुरक्षित सुविधाएं न मिलने पर कई बच्चियां स्कूल नहीं जा पातीं या असुरक्षित तरीके अपनाती हैं। इससे उनकी सेहत पर असर पड़ता है।

कोर्ट ने कहा, पीरियड किसी वाक्य को खत्म करने के लिए हो न कि लड़कियों की स्कूली शिक्षा। मासिक धर्म सामग्री की कमी, स्कूलों में लड़कियों की समान भागीदारी को असंभव बना देती है, जिससे जीवन के हर क्षेत्र में भागीदारी प्रभावित होती है। शिक्षा का अधिकार एक 'गुणक अधिकार' है, जो अन्य मानवाधिकारों के प्रयोग को संभव बनाता है। फ्री शिक्षा में वे सभी खर्च शामिल हैं जो किसी बच्चे को शिक्षा पूरी करने से रोकते हैं।

AI Image



'बच्चियों ने स्कूल ही छोड़ दिए'

अदालत ने कहा कि मेंस्ट्रुअल हेल्थ के अधिकार को जीवन का अधिकार घोषित करने वाला फैसला सिर्फ विधि व्यवस्था के हितधारकों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है जहां लड़कियां मदद मांगने में झिझकती हैं। यह उन टीचरों के लिए है जो सहायता करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी से विवश हैं। यह उन पैरेंट्स के लिए है जो अपनी चुप्पी के प्रभाव को नहीं समझते, और उस समाज के लिए है जो अपनी प्रगति को इस बात से मापे कि वह सबसे अधिक असुरक्षित लोगों की रक्षा कैसे करता है। हम हर उस बच्ची से बात करना चाहते हैं जो सिर्फ इसलिए स्कूल से अनुपस्थित हो गई क्योंकि उसके शरीर को बोझ समझा गया, जबकि इसमें उसकी कोई गलती नहीं थी।

गर्ल्स एजुकेशन के अभियान होंगे मजबूत

सुप्रीम कोर्ट में यह अहम मुद्दा उठाया गया था। जया ठाकुर की जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था, जिसमें स्कूली लड़कियों के लिए 'मासिक धर्म स्वच्छता नीति' को पूरे देश में लागू करने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान 10 अप्रैल 2023 को न्यायालय ने स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता नीति बनाने का निर्देश दिया था, जिसमें कम लागत वाले नैपकिन और सुरक्षित निपटान तंत्र शामिल हो। इसके बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने यह ऐतिहासिक पारित किया है जिससे आने वाले दिनों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान को मजबूती मिलेगी।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

बंगाल आग हादसे में दो और अरेस्ट, पीएम ने किया मुआवज़े का ऐलान

■ **भाषा/आईएएनएस, कोलकाता**

कोलकाता के आनंदपुर इलाके में पुलिस ने शुक्रवार को एक मोमो बनाने वाली इकाई और दो गोदामों में लगी आग के सिलसिले में दो और लोगों को अरेस्ट किया है। एक पुलिस अफसर ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना परिसर से जुड़ी एक डेकोरेटर कंपनी के मालिक को हिरासत में लिए जाने के कुछ दिनों बाद घटी है।

पुलिस ने बताया कि मोमो बनाने वाली इकाई के दो सीनियर अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये कंपनी के मैनेजर मनोरंजन शीट और डिप्टी मैनेजर राना चक्रवर्ती हैं। मंगलवार को परिसर और डेकोरेटर फर्म के मालिक गंगाधर दास को गिरफ्तार किया गया था।

वहीं, इस आग के हादसे में शुक्रवार को जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई। 27 लोग अभी भी लापता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) की ओर से हर मृतक के परिजन को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

PTI

प. बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस शुक्रवार को घटनास्थल पर पहुंचे।

उधर, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को घटनास्थल का दौरा किया और वहां मौजूद अधिकारियों से हालात के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियां, बेयरहाउस का मालिक और सभी इस हादसे के लिए बराबर जिम्मेदार हैं। कानून लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा, गवर्नर के तौर पर मैं एक अंतरिम रिपोर्ट तैयार कर रहा हूं, जिसे मैं तुरंत जारी करूंगा। हम ऐसे हादसों पर आंखें बंद नहीं कर सकते। राज्यपाल ने कहा, यह आग की घटना दुखद, निराशाजनक और चौंकाने वाली है।

दोषियों को बचा रही सरकार:शुभेंदु

बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी ने आग के हादसे को लेकर शुक्रवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ एक जुलूस निकाला। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस दोषियों को बचा रही है और असंवेदनशीलता दिखा रही है। उन्होंने कहा, सीएम ममता बनर्जी ने पांच दिन बाद भी घटनास्थल का दौरा नहीं किया है, जबकि बचाव अभियान अब भी जारी है।

फटाफट खबरें

सरकार ने ब्लॉक किया Wingo ऐप

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** गेमिंग ऐप की आड़ में साइबर फ्रॉड के आरोप में सरकार ने Wingo (विंगो) ऐप को ब्लॉक कर दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया, ऐप के जरिए यूजर के फोन से फर्जी मेसेज भेज पैसे ठगे जा रहे थे। इसकी जानकारी केंद्रीय गृह मंत्रालय तक पहुंचने के बाद कार्रवाई की गई।

बम धमकी के बाद विमान की लैंडिंग

■ **भाषा, अहमदाबाद:** कुवैत से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम की धमकी के बाद शुक्रवार को विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। अधिकारियों के अनुसार, विमान में 180 यात्री सवार थे। जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिला। उड़ान को मंजूरी दी गई है।

माइनॉरिटी आयोग में पद खाली, HC नाराज

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को नेशनल कमीशन फॉर माइनॉरिटीज में खाली पदों पर चिंता जताई, जिससे इसका काम-काज ठप पड़ा हो गया। कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि सभी पद कब तक भरे जाएंगे। इस मुद्दे पर याचिकाकर्ता मुजाहिद नफीस ने जनहित याचिका दायर की है। कोर्ट ने कहा, कमीशन में पिछले साल अप्रैल से कोई चेयरपर्सन नहीं है।

रिलायंस कंपनी के पूर्व अध्यक्ष अरेस्ट

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने शुक्रवार को अनिल अंबानी समूह से जुड़े कथित 40,000 करोड़ रुपये के बैंक लोन घोटाले में रिलायंस कम्युनिकेशंस के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को अरेस्ट कर लिया। जांच एजेंसी ने गर्ग को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। दिल्ली की एक पीएमएलए अदालत ने गर्ग को 9 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है।

जुबीन: 3 आरोपियों की बेल अर्जी खारिज

■ **भाषा, गुवाहाटी:** गायक जुबीन गर्ग की कथित हत्या मामले की सुनवाई कर रही अदालत ने शुक्रवार को तीन आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। गर्ग के बैंड सदस्य अमृतप्रभा महंत और उनके दो निजी सुरक्षा अधिकारी परेश बैश्य और नंदेश्वर बोरा ने पहले ही जमानत के लिए आवेदन किया था।

'...तो सीधे सुप्रीम कोर्ट आ जाते हैं'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एक यूट्यूबर की बेल शर्तों से छूट से शुक्रवार को इनकार दिया। कोर्ट ने कहा, आपको मेडिकल ग्राउंड पर बेल मिली और आप रील बनाने लगे। लैपटॉप जब्त है, तो रिलीज के लिए मैजिस्ट्रेट के सामने आवेदन नहीं करते, सीधे सुप्रीम कोर्ट आ जाते हैं।

UP के मंत्री को BJP विधायक ने ही घेर लिया

■ **NBT रिपोर्ट, चांदा/महोबा:** चरखारी से BJP विधायक ब्रजभूषण सिंह राजपूत और उनके समर्थकों ने शुक्रवार को महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह को कलेक्ट्रेट परिसर में रोक लिया। बोले-हर घर जल, नल योजना से गांवों को पानी नहीं मिल रहा। गांवों की सड़कें खोद डाली गई है। गांवों के प्रधान अपनी बात कहने आए हैं। बात सुन लीजिए फिर जाइए। रोके जाने पर मंत्री समर्थकों ने नवाबी नारेबाजी की। आरोप है कि विधायक समर्थकों ने मंत्री के काफिले को रोक लिया और गाड़ी को घेर लिया। BJP विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने कहा कि काम नहीं करेंगे तो छोड़ेंगे नहीं।

स्वतन्त्र देव सिंह

शराब दुकानों के लिए तय दूरी घटी, UP सरकार को नोटिस

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के उस फैसले पर कड़ा रुख अपनाया है, जिसमें 2010 में शराब की दुकानों और संवेदनशील सार्वजनिक स्थानों के बीच न्यूनतम दूरी घटा दी गई थी। अदालत ने कहा है कि यह फैसला पहली नजर में उसके फैसले को कमजोर करने जैसा है। किसी नियम बनाने वाली अथॉरिटी द्वारा उसके पहले के फैसले के आधार को हटाए बिना, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी नहीं किया जा सकता।

राज्य सरकार को सात दिनों में जवाब दाखिल करने को कहा

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस मामले को गंभीर जनहित से जुड़ा बताते हुए खुद संज्ञान (सुओ मोटो) लिया और 28 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया।

FILE



बार कमिटी से दोषी वकील को राहत

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया की अनुशासनात्मक कमिटी के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें एक वकील को मिसकंडक्ट का दोषी पाया गया था। कोर्ट ने कहा, जब शिकायतकर्ता ने स्पष्ट रूप से अपनी शिकायत वापस ले ली हो और वकील की सेवाओं पर संतोष जताया हो, तब अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी नहीं रखी जा सकती।

SC की चिंता के बाद यूपी सरकार ने कदम पीछे खींचे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

मोटर वीकल (MV) एक्ट के 2021 तक के पेंडिंग केस समाप्त करने के प्रस्ताव पर सुप्रीम कोर्ट की गंभीर चिंता जताने के बाद अब यूपी सरकार ने प्रावधान में संशोधन का प्रस्ताव किया है। संशोधन के अनुसार, ने अपराध गैरसमझौता योग्य हैं, जिनमें अनिवार्य जेल का प्रावधान है, या जो पुनरावृत्ति अपराध हैं, वे खत्म नहीं किए जाएंगे।

सरकार पुराने मोटर वीकल मामलों को खत्म करने के प्रस्ताव में संशोधन करेगी

पिछले साल नवंबर में हुई एक सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने 2021 तक के पेंडिंग मोटर वीकल एक्ट के केस यूपी सरकार द्वारा समाप्त किए जाने के प्रावधान पर गंभीर चिंता जताई थी और कहा था कि इसके तहत शराब पीकर गाड़ी चलाने जैसे गंभीर अपराध भी समाप्त हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट की चिंता के बाद अब उत्तर प्रदेश ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत 2021 तक लंबित अपराधों के मुकदमों को समाप्त (अबेट) करने के फैसले में संशोधन का प्रस्ताव किया है।

AI Image



छात्रा को रोमांटिक मेसेज, टीचर की बर्खास्तगी बरकरार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने वट्सऐप पर स्कूली छात्राओं को रोमांटिक मेसेज भेजने के मामले में एक प्रोबेशनरी असिस्टेंट टीचर की बर्खास्तगी के आदेश को बरकरार रखा है। कोर्ट ने टीचर की स्कूल ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जिस तरह टीचर का अनुचित आचरण उजागर हुआ है, वह स्कूल प्रबंधन को बर्खास्तगी का फैसले लेने का अधिकार देता है।

दिसंबर 2022 में स्कूल की शिक्षक द्वारा कुछ छात्राओं को भेजे गए संदेश के बारे में जानकारी मिली थी। हालांकि शिक्षक ने अपने व्यवहार को लेकर लिखित में माफी मांगी थी, लेकिन अभिभावक इससे संतुष्ट नहीं थे। इस बीच शिक्षक को नौकरी से निकाल दिया गया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-31-2026 00:05 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 31 जनवरी 2026 > माघ 11, शक 1947, माघ शुक्ल त्रयोदशी, विक्रम 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 27 > पेज 26* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*साप्ताहिक अवकाश पर से लागू

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

भारत Vs न्यूज़ीलैंड
5वां T20I
7:00pm से, तिरुअनंतपुरम में जियोहॉटस्टार पर
▶p15

US में लोग इमिग्रेशन के कारण डरे हुए हैं: लेडी गागा
▶DelhiTimes



हैपी मॉर्निंग

क्लास में गोलू लेट पहुंचा। टीचर: वाय आर यू सो लेट? गोलू: सर, वो न टीचर: स्पीक इन इंग्लिश गोलू: सर, माय कार डॉज फॉलिश इन जीपर, नो हिलिंग, नो डुलिंग, डॉनली हुर्र, हुर्र करिंग...

अर्थसार

सेंसेक्स	82,269.78 (-296.59)
निफ्टी	25,320.65 (-98.25)
रु/यूएस डॉलर	91.89 (-0.06)
रु/यूरो 109.56	(-0.66)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

मौसम

अधिकतम तापमान 22.6°
7.7° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 5:58 सोमवार | सूर्यास्त 7:10 रविवार

1 फरवरी तक दिल्ली-NCR में तेज बारिश, हवाओं का असर दिखेगा।

* 20+6 DelhiTimes

'स्कूल फ्री सैनिटरी पैड दें, नहीं तो मान्यता रद्द'

पीरियड में स्वच्छता, ये मौलिक हक: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में लड़कियों को फ्री में सैनिटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग बाथरूम बनाने होंगे। जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। कोर्ट ने अपने फैसले में मासिक धर्म स्वास्थ्य (Menstrual Health) को जीवन का अधिकार घोषित किया और कहा, पीरियड एक मेडिकल (वाक्य) को खत्म करे तो ठीक है, लेकिन लड़कियों की एजुकेशन को नहीं। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता तक पहुंच न होना, न सिर्फ गरिमा और निजता के अधिकार को छीनता है, बल्कि इस वजह से लड़कियां स्कूल छोड़ने या बार-बार अनुपस्थित रहने को मजबूर होती हैं।

हर उस बच्ची तक संदेश देना चाहते है, जो पीरियड्स के दौरान स्कूल मे अनुपस्थिति की शिकार बनी, उसके शरीर को बोझ समझा गया, जबकि इसमे उसकी कोई गलती नही। -कोर्ट

■ केंद्र सरकार की Menstrual Hygiene Policy को पूरे देश मे लागू करने की मांग की गई थी।

■ SC ने सोशल वर्कर जया ठाकुर की याचिका पर 10 दिसंबर 2024 को फैसला सुरक्षित रखा था।

कोर्ट ने दिया समाज को संदेश

कोर्ट ने कहा, यह आदेश सिर्फ कानूनी तंत्र के लिए नहीं, उन लड़कियों के लिए है जो मदद मांगने से झिझकती हैं। उन शिक्षकों के लिए, जो मदद करना चाहते हैं, सामाजिक चुप्पी से बंधे रहते हैं। उन पैरेंट्स के लिए, जो इसपर खामोशी चुन लेते हैं। जब तक स्कूल और उससे जुड़ा पूरा परिवेश पीरियड को टैबू के रूप में देखेगा, तब तक प्रयास पूरे नहीं होंगे।

टीचर्स और पैरेंट्स खामोशी चुन लेते है: कोर्ट

इंसाफ का इंतज़ार न भूले हैं, न भूलने देंगे

जो 80 लोग, जिनकी ड्यूटी उसे बचाने की थी, युवराज को डूबते हुए देखते रहे।

वे सरकारी अफसर, जिन्होंने उस सड़क पर न रोशनी की व्यवस्था की और न ही गड्ढे के लिए चेतावनी चिह्न लगाने की परवाह की।

किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि उस प्लॉट पर पानी से भरा इतना बड़ा गड्ढा क्यों था और इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

इन सभी पर कब और क्या कार्रवाई होगी?

इन्हीं सवालों पर उत्तर प्रदेश सरकार ने एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई थी। कहा गया था कि रिपोर्ट पांच दिन में आ जाएगी, लेकिन 11 दिन बीत जाने के बाद भी इंतजार जारी है।

Justice delayed is justice denied

युवराज के मामले में काश यह कहावत सच न हो।

बात सिर्फ पीड़ित परिवार की नहीं है। दिल्ली-एनसीआर के हर व्यक्ति के मन में यह सवाल है कि क्या उसकी जान की कोई कीमत है भी या नहीं। जब इस मामले ने तूल पकड़ा, तो शासन-प्रशासन की ओर से विशेष जांच दल (SIT) बनाया गया, इस उम्मीद के साथ कि सच सामने आएगा और दोषियों को किए की सजा मिलेगी। SIT बनाते वक्त स्पष्ट कहा गया था कि रिपोर्ट पांच दिन के भीतर सौंप दी जाएगी। जनता को भरोसा दिलाया गया था कि जांच तेज होगी और कार्रवाई मिसाल पेश करेगी।

आज उन पांच दिनों को बीते लंबा वक्त हो चुका है, लेकिन रिपोर्ट का कहीं अता-पता नहीं है। यह देरी उस सिस्टम की कार्यप्रणाली को भी कटघरे में खड़ा करती है, जो त्वरित न्याय का वादा करता है।

देरी अक्सर संदेह को जन्म देती है। जब रिपोर्ट सार्वजनिक होना या कार्रवाई में अनावश्यक विलंब होता है, तो आम जनमानस में यह संदेश जाता है कि शायद किसी को बचाने की कोशिश हो रही है। क्या रिपोर्ट तैयार है और उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है? या फिर जांच के नाम पर सिर्फ समय काटा जा रहा है, ताकि लोगों का गुस्सा शांत हो जाए? आखिर वह क्या है, जो न्याय के पहिए को आगे बढ़ने से रोक रही है?

सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक, न्याय की आस लगाए बैठे हर नागरिक के भीतर बेचैनी और नाराजगी है। युवराज को न्याय मिलना उस विश्वास की जीत होगी, जो जनता कानून-व्यवस्था पर करती है। प्रशासन को समझना होगा कि जांच रिपोर्ट में हो रही हर दिन की देरी दोषियों के हौसले बुलंद कर रही है और लोगों के जख्मों पर नमक छिड़क रही है।

अब वक्त आ गया है कि SIT अपनी चुप्पी तोड़े, रिपोर्ट पेश करे और यह साफ करे कि कानून की नजर में सब बराबर हैं। युवराज को अब और इंतजार नहीं, उसे सिर्फ और सिर्फ इंसाफ चाहिए।

-संपादक

काम की खबरें

पानी के बिल जमा करने पर छूट 15 अगस्त तक

दिल्ली में बिना ब्याज बकाया पानी बिल जमा करने के लिए लेट पेमेंट सरचार्ज (LPSC) स्कीम को 15 अगस्त तक बढ़ा दी है।

आज से सूरजकुंड मेला

फरीदाबाद में शनिवार से 39वां सूरजकुंड मेला शुरू हो रहा है। मेला सुबह 10 से रात 10 बजे तक चलेगा। मेला परिसर के आसपास में 10 पार्किंग स्पेस बने हैं।

CUET-UG रजिस्ट्रेशन

CUET- UG 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन अब 4 फरवरी तक कर सकेंगे। 7 फरवरी तक ऑनलाइन फीस जमा होगी।

कल आम बजट पेश होने के बाद स्टूडेंट्स से चर्चा करेंगी वित्त मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को आम बजट पेश करने के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब 30 कॉलेज स्टूडेंट्स से विशेष रूप से बातचीत करेंगी। ये छात्र लोकसभा गैलरी से केंद्रीय बजट की लाइव प्रस्तुति भी देखेंगे। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि ये छात्र कॉमर्स, अर्थशास्त्र, चिकित्सा शिक्षा और विभिन्न राज्यों से व्यवसायिक पाठ्यक्रमों सहित विविध शैक्षणिक पाठ्यक्रमों से हैं। छात्रों को वित्त मंत्रालय का भी दौरा भी कराया जाएगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन

छात्रों में जागरूकता के लिए हुई पहल

वित्त मंत्री शाम में छात्रों के साथ बजट की प्राथमिकताओं, भारत के भविष्य के लिए उसके दृष्टिकोण और युवाओं पर उसके प्रभावों पर बात करेंगी। मंत्रालय ने कहा कि वित्त, अर्थव्यवस्था, शासन और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता के लिए यह चर्चा होगी।

BIG INDIAN GROCERY SALE
JAN 31 - FEB 08

bigbasket
A TATA Enterprise

iPhone 17
₹82,900
₹79,900*
*Price is inclusive of applicable offers

AirPod Pro 3
₹25,900
₹22,900*
*Price is inclusive of applicable offers

fresho! Strawberry
₹59.00
200g

fresho! Onion
₹25.00
1kg

Dabur Cold Pressed Groundnut Oil
₹499.00
₹269.00
1L (910g)

bb ROYAL Wheat Flour Chakki Atta - Fortified
₹550.00
₹365.00
10kg

Davidoff Fine Aroma
₹949.00
₹495.00
100g

TATA Tea Premium Desh Ki Chai
₹650.00
₹475.00
1.5kg

bb POPULAR Toor Dal
₹190.00
₹119.00
1kg

Borges Indian Cooking Oil
₹4200.00
₹1680.00
2L (1.832kg)

Pears Pure Gentle Bathing Bar
BUY 500 g & GET 125 g FREE
₹363.00
₹243.00
5N x 125g

Britannia Nutrichoice Biscuits
₹190.00
₹112.00
960g

Daawat Rozana Gold Basmati Rice
₹600.00
₹399.00
5kg

Maggi Instant Masala Noodles
₹180.00
₹129.00
12N x 70g

Milky Mist Paneer
₹325.00
₹199.00
500g

Vim Dishwash Liquid
₹600.00
₹375.00
3L

Ariel Power Gel Top / Front Load Liquid Detergent
₹1029.00
₹1209.00
40% off
6kg

Harpic Power Toilet Cleaner (Original)
₹705.00
₹505.00
3N x 1L

BHIM BHARAT INTERFACE FOR MONEY | CRED
Get Flat ₹30 Instant Discount
while using BHIM Payments App or CRED UPI. Use Code: BHIM30 or CRED30

Free Delivery on your first 4 orders

Flat ₹150/- off* on your first order
*T&C apply

Offers on fruits and vegetables are valid till Feb.1, 2026. All the offers are valid in Delhi only. T&C apply. For more details, offers, terms & conditions visit the bigbasket app or log on to bigbasket.com /FAQ | Images are for illustration purposes only.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 01-30-2026 21:21 Color:

हरियाणा सरकार

Surajkund Mela Authority

"विकसित भारत का आधार एक आत्मनिर्भर भारत भी है।
आइए, हम सब मिलकर "वोकल फॉर लोकल"
को हर नागरिक के जीवन का मंत्र बनाएँ।"
- नरेन्द्र मोदी

39वां

सूरजकुंड
इंटरनेशनल आत्मनिर्भर क्राफ्ट फेस्टिवल

Local to Global – आत्मनिर्भर भारत की पहचान

उद्घाटन समारोह

31 जनवरी, 2026 | प्रातः 11:00 बजे | सूरजकुंड, फरीदाबाद, हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

मुख्य अतिथि

श्री सी. पी. राधाकृष्णन
भारत के माननीय उप-राष्ट्रपति

विशिष्ट अतिथि

श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ. अरविंद कुमार शर्मा
विरासत एवं पर्यटन मंत्री, हरियाणा

सहभागी राष्ट्र

मिस्र

थीम राज्य

UTTAR PRADESH TOURISM
उत्तर प्रदेश

Meghalaya TOURISM
मेघालय

टिकट बुकिंग सभी मेट्रो स्टेशन व दिल्ली मेट्रो सारथी मोबाइल ऐप पर उपलब्ध

मेले की टिकट के लिए QR कोड स्कैन करें

Haryana Tourism – Come, holiday with us! | विदेश मंत्रालय MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS | Ministry of Tourism Government of India | Development Commissioner for Handlooms | ICCR | Utsav | Incredible India | Ministry of Development of North Eastern Region | NEHHDC

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 01-30-2026 21:21 Color:

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 01-30-2026 22:52 Color:

पानी के बिल पर 15 अगस्त तक नहीं लगेगा जुर्माना

DJB की खामियों के चलते बढ़ाई LPSC स्कीम

NBT 5 मिनट में पढ़ें

■ घरेलू उपभोक्ताओं को 100% ब्याज माफी; अब किस्तों में भी भुगतान की सुविधा

■ बिलिंग सिस्टम बेहतर बनाने के लिए सरकार कराएगी सभी उपभोक्ताओं का KYC



File

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड के उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। दिल्ली सरकार ने पानी के बकाया बिलों के भुगतान के लिए 'लेट पेमेंट सरचार्ज' (LPSC) स्कीम को 15 अगस्त तक बढ़ाने का फैसला किया है। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि जन प्रतिनिधियों और RWA की मांग को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

घरेलू उपभोक्ता को मिलेगी 100% ब्याज माफी

सरकार ने स्वीकार किया है कि जल बोर्ड के सिस्टम की खामियों और स्टाफ की कमी के कारण कई उपभोक्ता समय पर बिल जमा नहीं कर पा रहे थे। इस नई समय-सीमा के विस्तार के साथ सबसे पहले तो डोमेस्टिक कैटिगरी के उपभोक्ताओं का बकाया बिलों पर 100% लेट पेमेंट सरचार्ज (ब्याज) माफ किया जाएगा। जल्द ही गैर-घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए भी 100% ब्याज माफी की घोषणा की जाएगी। इस श्रेणी में करीब 87,000 उपभोक्ता हैं, जिन पर 2,068 करोड़ रुपये बकाया है। वहीं, जिन उपभोक्ताओं का बिल अधिक है, उन्हें इसे किस्तों में जमा करने का मौका मिलेगा। इसके लिए, जल बोर्ड राष्ट्रीयकृत बैंकों से टाई-अप कर रहा है ताकि जोनल दफ्तरों में ही बैंकिंग सुविधा मिल सके।

मंत्री ने बताया कि पिछली कमियों के कारण लगभग 14.68 लाख लोगों का बिल बकाया था।

4 महीनों में सिर्फ 22.54% को मिला स्कीम का लाभ

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार की ओर से बकाया पानी बिलों के निपटारे के लिए शुरू की गई लेट पेमेंट सरचार्ज (LPSC) स्कीम सरकारी तंत्र की खामियों की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। सितंबर 2025 में घोषित इस योजना का लाभ 4 महीने बीतने के बाद भी केवल 22.54 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ही मिल सका है। सिस्टम अपडेट न होने और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण सरकार को अब मजबूरी में इस स्कीम की अवधि बढ़ानी पड़ी है।

योजना और बकाया का गणित: जल बोर्ड के कुल 29 लाख उपभोक्ताओं में से करीब 14.68 लाख उपभोक्ताओं का कई साल से बिल बकाया है। इन पर कुल 16,068 करोड़ रुपये की देनदारी थी, जिसमें मूल राशि 5,057 करोड़ और एरियर (ब्याज) 11,011 करोड़ रुपये था। उपभोक्ताओं की मुख्य शिकायत गलत और औसत बिलिंग को लेकर थी।

राहत देने के लिए जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने एरियर पर 100 प्रतिशत छूट की घोषणा की थी। बोर्ड को उम्मीद थी कि इससे 5,057 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा, लेकिन अभी तक इसका मात्र 8.5 प्रतिशत यानी 430.26 करोड़ रुपये ही मिल पाया है।

पिछले साल सितंबर में हुई थी स्कीम की घोषणा

डोमेस्टिक कैटिगरी में बकाया बिल	
कुल उपभोक्ताओं की संख्या	14,68,000
कुल बकाया राशि	16,068 करोड़
प्रिंसिपल अमाउंट था	5057 करोड़
एरियर था	11,011 करोड़

अभी तक स्कीम का लाभ मिला	
अभी तक कितनों ने भुगतान किया	3,30,908
जल बोर्ड को प्रिंसिपल अमाउंट मिला	430.26 करोड़
एरियर माफ हुआ	1,493.70 करोड़

केवल 3,30,908 ही बकाया जमा कर पाए

आंकड़ों के अनुसार, 14,68,000 पात्र उपभोक्ताओं में से केवल 3,30,908 लोग ही अपना बकाया जमा कर पाए हैं। बाकी 11,37,092 (77.46%) लोग अब भी इस लाभ से वंचित हैं। हालांकि, अब विभाग दावा कर रहा है कि सिस्टम की खामियों को दुरुस्त किया जा रहा है ताकि विस्तारित अवधि में लोग आसानी से बिल जमा कर सकें।

सिस्टम की विफलता और चुनौतियां: योजना के फ्लॉप होने के पीछे विभाग की अव्यवस्था मुख्य कारण रही। जब लोग जोनल रेवेन्यू अफसर (ZRO) दफ्तर पहुंचते हैं, तो वहां न स्टाफ मिलता है और न ही पर्याप्त मशीनें। आलम यह रहा कि सॉफ्टवेयर अपडेट न होने से जमा बिल सिस्टम पर दर्ज नहीं हुए। इसके बाद अगले महीने उपभोक्ताओं को फिर से ब्याज लगाकर बिल भेज दिए गए। कैश काउंटिंग मशीनों की कमी ने प्रक्रिया को और धीमा कर दिया।

पानी बिल माफी योजना को AAP ने बताया फेल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** पानी बिल माफी योजना को आम आदमी पार्टी ने फेल बताया है। शुक्रवार को पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सरकार के खुद के आंकड़े योजना की पोल खोल रहे हैं। जिसे मास्टर स्ट्रोक बताया गया था, उससे बकाए का सिर्फ 8.5% ही वसूल हो पाया है।

सौरभ ने कहा कि 5,057 करोड़ रुपये के मूल बकाए में से अब तक केवल 430 करोड़ रुपए ही मिल पाए हैं। सरकार के पास अब 12.38 लाख उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करने का कोई रास्ता नहीं बचा है। बीजेपी सरकार ने एक पुरानी और बेकार योजना को दोबारा लागू किया।

वहीं, 'आप' सरकार के 2023 में पास किए गए बेहतरीन स्कीम को रोक दिया गया। व्यवस्था को ठीक करने के बजाय उन्होंने बोझ और अनिश्चितता आम जनता पर डाल दी। सोशल मीडिया में सौरभ ने कहा कि यह मंत्री का कबूलनामा है कि उनकी बहु-प्रचारित लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना पूरी तरह फेल हो गई है।

सौरभ ने कहा कि मैंने एक शानदार योजना का ड्राफ्ट बनाया था और 2023 में इसे जल बोर्ड से पास भी करा लिया था, लेकिन एलजी के अफसरों ने इस प्रक्रिया को रोक दिया।

महानगर में आज



विरासत

इंडिया हैबिटेट सेंटर में पेंटिंग एग्जिबिशन 'हैरिटेज', कन्वेंशन सेंटर फॉइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। आर्टिस्ट सरणजीत सिंह की इस पेंटिंग एग्जिबिशन के लिए इतिहास के रंगों को महसूस किया जा सकता है।

अहसास-ए-कलाम

इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में सांस्कृतिक प्रस्तुति 'अहसास-ए-कलाम और पश्म', मेन आर्ट गैलरी, सेकेंड फ्लोर, कमला देवी कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, सुबह 11 से शाम 7 बजे तक। कमर डागर की सोलो कैलिग्राफी एग्जिबिशन का आनंद आज लिया जा सकता है।

समकालीन रंग

ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी (AIAFS) में आर्ट एग्जिबिशन 'ले सालोन कलेक्टिफ', 1 रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। भारतीय समकालीन कला को एक्सप्लोर करते 15 कंटेंपरेरी आर्टिस्ट की इस ग्रुप एग्जिबिशन के साथ जिंदगी के कई पहलुओं और भावों का आनंद लिया जा सकता है।

चेतना

बीकानेर गैलरी में आर्ट एग्जिबिशन 'वट रिमेंस अवेक : ड्रीम, डेथ एंड द फोर्थ', कलाकार गैलरी, पहाड़ा रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकार सोनिका अग्रवाल की इस एग्जिबिशन में उनकी पेंटिंग, स्कल्पचर और इंस्टॉलेशन के साथ चेतना को महसूस की जा सकती है।

दिल्ली में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader @timesofindia.com पर

153 अवैध बोरवेल किसके? नहीं मिला पता

NGT में सेंट्रल ग्राउंड वॉटर अथॉरिटी ने दी रिपोर्ट, कहा- लिखवाए फर्जी एड्रेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी में ग्राउंड वॉटर के अवैध दोहन के खिलाफ चल रहे अभियान में एक अजीबोगरीब बाधा सामने आई है। दिल्ली में 153 अवैध बोरवेल ऐसे हैं, जिन्हें प्रशासन ढूंढ ही नहीं पा रहा है।

रिकॉर्ड में इनके पते, नाम और मोबाइल नंबर गलत दर्ज होने के कारण इन्हें सील करने में मुश्किल आ रही है। यह खुलासा सेंट्रल ग्राउंड वॉटर अथॉरिटी (CGWA) की ओर से नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) में पेश की गई लेटेस्ट रिपोर्ट में हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली जल बोर्ड ने राजधानी में कुल 20,297 अवैध बोरवेल की पहचान की थी। इन पर हुई कार्रवाई का ब्यौरा देते हुए कहा गया था कि 15,962 अवैध बोरवेल संबंधित जिला अधिकारियों द्वारा सील किए जा चुके हैं।

3,875 अवैध बोरवेल को मालिकों ने खुद ही बंद कर दिया है, जो अब संचालन में नहीं है, लेकिन गलत पते और जानकारी के कारण 153 बोरवेल का पता नहीं चल सका है।

इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि 142 बोरवेल को अभी सील किया जाना बाकी है। 160 बोरवेल पर कोर्ट का स्टे है, जबकि 5 को डीएलएसी (DLAC) से मंजूरी मिली हुई है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि दिल्ली में भूजल नियमन की शक्तियां उपराज्यपाल (LG) द्वारा 'ग्राउंड वॉटर रेगुलेशन डायरेक्शन, 2010' के तहत डीएम और एसडीएम को दी गई हैं। दिल्ली जल बोर्ड अवैध मामलों की केवल रिपोर्ट करता है, जबकि सीलिंग की वास्तविक प्रक्रिया डीएम और एसडीएम द्वारा पुलिस बल की मदद से पूरी की जाती है। 'एनवायरनमेंटल रिकवरी' (पर्यावरणीय जुर्माना वसूलने) की जिम्मेदारी भी जिला प्रशासन की ही है।

AI Image

142 बोरवेल को अभी सील किया जाना बाकी है

160 बोरवेल पर फिलहाल कोर्ट का स्टे है

20,297 अवैध बोरवेल की पहचान की गई थी

अधिकारियों के निलंबन पर AAP ने किए सवाल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जल बोर्ड के तीन अधिकारियों के निलंबन के जल मंत्री के आदेश पर AAP ने सवाल उठाया है। प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो कानून लाकर AAP सरकार से ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार छीन लिए थे, आज उस कानून के रहते एक मंत्री अधिकारियों के ट्रांसफर और सस्पेंशन का आदेश कैसे दे सकता है? इससे साफ हो गया है कि 10 सालों तक AAP सरकार को BJP और नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने LG और कानून के सहारे जानबूझकर लाचार बनाकर रखा।

तीन अधिकारियों को दिए हैं निलंबन के आदेश

सौरभ ने सोशल मीडिया पर कहा कि एक चुनी हुई राज्य सरकार की बुनियादी और जायज शक्तियों को छीनकर नरेंद्र मोदी प्रशासन ने गवर्नेंस को एक संघर्ष में बदल दिया था। केंद्र सरकार और BJP ने बार-बार यह तर्क दिया कि दिल्ली राजधानी है इसलिए अधिकारियों के ट्रांसफर की शक्ति राज्य सरकार को नहीं दी जा सकती।

जल मंत्री के ऐक्शन का सचदेवा ने किया स्वागत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह द्वारा तीन जेडआरओ को निलंबित करने की सिफारिश का बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायत पर जब जल मंत्री औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो जेडआरओ ऑफिस में नहीं मिले, जिसके बाद यह एक्शन लिया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की बीजेपी सरकार जनता की सुविधा और अधिकारों के प्रति संवेदनशील सरकार है और जनहित में समय पर कार्यालय नहीं आने वाले अधिकारियों के निलंबन की सिफारिश कर मंत्री ने अफसरशाही को सख्त संदेश दिया है।

कहा, जेडआरओ ऑफिस में नहीं मिले

बीजेपी अध्यक्ष ने इस संदर्भ में आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार के समय जो सेवा नियम थे वही आज भी हैं। केजरीवाल और उनके मंत्री निलंबन की ताकत अपने हाथ में इसलिए चाहते थे।

'विवेक से परमात्मा को भी पाया जा सकता है'

■ **NBT न्यूज, नई दिल्ली:** बटुक भैरव शक्तिपीठ मंदिर नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी में सत्संग के अवसर पर पुरोहित राजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि विवेक की प्रधानता होने के कारण ही मानव में परमात्मा को पाने की समर्थता पाई जाती है। इसलिए हमें सभी कार्य विवेकपूर्वक करने चाहिए।

सत्संग: सीताराम संत सेवा मंदिर, कंटूकर्क, जगतपुरी में सत्संग के मौके पर महंत रामगोविंद दास महात्यागी महाराज ने कहा कि धर्म की सबसे बड़ी शिक्षा सहनशीलता है। जो सहनशील होता है उसके सभी कार्य सिद्ध होते रहते हैं।

जन्म व तप कल्याणक मनाया: श्री दि. जैन मंदिर बैंक एंक्लेव-लक्ष्मीनगर में शुक्रवार को तीर्थंकर जन्मकल्याणक समारोह समिति के सौजन्य से भगवान अजितनाथ, अभिनंदननाथ और धर्मनाथ जी के जन्म व तप कल्याणक पर अभिषेक, शांतिधारा, पूजन और पालना कार्यक्रम हुआ। कुलदीप जैन, पींके जैन, जितेंद्र जैन, विद्यासागर जैन आदि मौजूद थे।

गुरुओं के सम्मान से जुड़े मामले में समझौता नहीं: गुप्ता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने पंजाब सरकार के रवैये पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अब तक जिस प्रकार से संबंधित फाइल को रोके रखा गया है, उससे कई गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। न तो अब तक FIR की कॉपी उपलब्ध कराई गई है, न ही शिकायत की कॉपी सौंपी गई है और न ही जांच से संबंधित कोई आधिकारिक रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है। यह स्थिति संदेह पैदा करती है और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

पंजाब सरकार के रवैये पर चिंता व्यक्त की

गुप्ता ने कहा कि इस पूरे मामले में जिस तरह की चुप्पी और टालमटोल देखने को मिल रही है, उससे लगता है कि कुछ तथ्यों को जानबूझकर छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकरण के तार सीधे तौर पर पंजाब के मुख्यमंत्री तक जुड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो इस मामले की गंभीरता को और बढ़ा देता है। लोकतंत्र में जवाबदेही सर्वोपरि है और किसी भी सरकार को इससे बचने का अधिकार नहीं है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा इस विषय को किसी भी रूप में हल्के में नहीं लेगी। यह मामला केवल प्रशासनिक या राजनीतिक नहीं है, बल्कि यह हमारे गुरुओं के सम्मान और आस्था से जुड़ा हुआ है। ऐसे संवेदनशील विषयों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या असंवेदनशीलता को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सच को सामने लाना और दोषियों को जवाबदेह ठहराना हमारा दायित्व है।

AAP का आरोप, सरकार ने काटे 8.27 लाख राशन कार्ड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी सरकार ने एक साल में 8 लाख से ज्यादा राशन कार्ड काट दिए हैं। शुक्रवार को 'आप' के वरिष्ठ नेता संजीव झा ने कहा कि एक साल में 72 लाख में से 8.27 लाख राशन कार्ड सरकार ने काट दिए हैं। सरकार ने गरीबों से राशन कार्ड बनवाने के लिए 31 जनवरी तक ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट लगाने को कहा है, इससे भ्रष्टाचारी सिस्टम दोबारा जिंदा होगा। हरेक को ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट बनवाने के लिए मजबूरन भ्रष्ट अधिकारियों को रिश्वत देनी होगी। सरकार ने पहले राशन दफ्तरों को कई किलोमीटर दूर शिफ्ट कर राशन माफिया को फायदा पहुंचाया और अब ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट मांगना गरीबों पर दोहरी मार है।

कहा, इससे भ्रष्टाचारी सिस्टम दोबारा जिंदा होगा

'आप' मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर संजीव झा ने कहा कि दिल्ली की सत्ता में आने के बाद से ही बीजेपी ने अपने हर काम के जरिए गरीबों को परेशान किया, ताकि उन्हें दिल्ली छोड़कर जाना पड़े। करीब 17 लाख परिवार के 72 लाख लोग राशन कार्ड का फायदा ले रहे हैं।

पिछले एक साल में 8 लाख 27 हजार लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए। झा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी एक निर्णय में दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले सभी मजदूरों का राशन कार्ड बनाने का निर्देश दिया था। दिल्ली में लगभग 32 लाख कंस्ट्रक्शन वर्कर हैं, जिनका लेबर कार्ड बना हुआ है।

राजघाट पहुंची CM, महात्मा गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजघाट स्थित बापू की समाधि पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर CM ने कहा कि बापू ने सत्य, अहिंसा और सेवा को केवल विचार नहीं, जीवन का मार्ग भी बनाया। उनका दर्शन आज भी राष्ट्र निर्माण की मूल प्रेरणा है और हमें कर्तव्य, अनुशासन और समाज के प्रति समर्पण का भाव देता है। उन्होंने जनता से बापू के स्वच्छता, स्वदेशी और सद्भाव के आदर्शों को आत्मसात करते हुए विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करने की अपील की।

SRCC ने आरोपों को किया खारिज

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** UGC की इक्विटी रेगुलेशंस के विवाद के बीच दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (SRCC) ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक दावे को सिरे से खारिज किया है। वायरल पोस्ट में कहा जा रहा है कि कॉलेज के आरक्षित वर्ग के एक थर्ड ईयर स्टूडेंट ने SC/ST एक्ट के तहत शिकायत ना करने के बदले जनरल वर्ग की एक महिला स्टूडेंट से पैसे मांगे। कॉलेज ने साफ किया है कि ऐसी किसी भी घटना की जानकारी ना तो कॉलेज प्रशासन को है और ना ही इससे जुड़ी कोई शिकायत दर्ज कराई गई है। कॉलेज की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार हैं और इसके लिए कॉलेज जिम्मेदार नहीं है।

UGC की इक्विटी रेगुलेशंस विवाद से जुड़ा है मामला

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

In Loving Memory of
MEENAKSHI CHADDHA
22.11.1951 - 31.01.2019
You left us on this day forever, we feel your presence in every moment. Your love & guidance always inspire us. Remembered by Naresh Kumar Chaddha, Karunesh & Poorti, Ekta & Sumit Suri, Gaurav & Mansi, Shringesh, Vighnesh & Advaith

TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088
PANKAJ : 81306 04727
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss."
The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

Maximum 10 lines
REMEMBRANCE SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019
► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.
To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

शोक सन्देश

स्मृति सन्देश



You Will Always Be in Our Hearts
In Loving Memory of
Shri Shyam Bihari Agarwal
(2nd January 1940) to (15th January 2026)
President, Panchayat Vaish Agarwal Chatta Madan Gopal
A fearless leader whose actions spoke louder than words, A true pillar of integrity.
Aansha Agarwal, Priyanka Agarwal, Nandini, Madhav

पुण्यतिथि

Death Anniversary
"Your Presence Is Missed Every Day"

SATISH KUMAR AILAWADI
31.08.1952 - 31.01.2025
Not a day passes by without remembering you. You will forever remain alive in our hearts and memories. Though we are learning to live without you, we still miss you so very much.
JAI SACHIDANAND
Fondly Remembered by Shashi Ailawadi, Saurabh & Shruti, Nikhil & Shruti, Reyansh & Ridhun, Ailawadi, Chopra & Hawelia Family.

एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को मंदिर मार्ग स्थित अटल आदर्श विद्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एजुकेशन डायरेक्टर कृतिका चौधरी, सलाहकार (शिक्षा) विनय भूषण सहित परिषद के शिक्षा, सिविल और बिजली विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

चहल ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि भवन के फ्रंट साइड की सफेदी और रोशनी की व्यवस्था में सुधार किया जाए। चहल ने विद्यालय को एक मॉडल प्रदर्शनी संस्थान के रूप में विकसित करने और एआई लैब तैयार करने के निर्देश भी दिए।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 01-30-2026 21:21 Color:

जय गुरु मयाराम

श्री महावीराय नमः

जय गुरु मदनलाल

!! श्रीमत् सुदर्शन गुरवे नमः !!

श्री तपोधनी-गणाधीश-संघनायक-शान्ति-विनय-जय-नरेश गुरुभ्यो नमः

जैन साधु-साध्वी सम्मेलन

जैन भागवती दीक्षा महोत्सव

1 फरवरी 2026 रविवार

रामलीला ग्राउंड - शालीमार बाग (दिल्ली)

दीक्षार्थी हर्षित जैन
गुरुदेव श्री रोहित मुनि जी म.

दीक्षार्थी संभव जैन
गुरुदेव श्री रोहित मुनि जी म.



दीक्षार्थी श्रेयस जैन
गुरुदेव श्री श्रेयांश मुनि जी म.

पावन सान्निध्यः

गणाधीश गुरुदेव श्री प्रकाशचंद्र जी म., बहुश्रुत गुरुदेव श्री जय मुनि जी म.

संघ संचालक गुरुदेव श्री नरेशचंद्र जी म. आदि ठाणे-35

साध्वी संघ-प्रमुखा गुरुणीवर्या श्री संयमप्रभा 'कमल' जी म. आदि ठाणे-45

संगीतमय भक्ति संध्या
31 जनवरी-2026 साम
6:00 बजे

भजन सम्राट
लवेश बुरड

दीक्षा शोभायात्रा

1 फरवरी
प्रातः 8 बजे से

पण्णादेवी धर्मशाला से प्रारम्भ हो कर
दीक्षा-स्थल पर पहुंचेगी

ARIHANT GROUP

आयोजक एवं निवेदक एस. एस. जैन सभा (रजि.) शालीमार बाग (दिल्ली

नमनकर्ता - कौशल जैन राजीव जैन अभिषेक जैन आदिश जैन नितीश जैन अरिहंत ग्रुप (दिल्ली)

ARIHANT GROUP

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in